


हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



**टी20 वर्ल्डकप : 2024, फरूकी का पंजा अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रनों से रौंदा**

देश

**18 डिग्री तापमान के बीच काल कोठरी में बिन कूलर के हैं केजरीवाल, अतिशी का...**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 05 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 175 • पृष्ठ 12

# बहुमत के आंकड़े से दूर बीजेपी

**बनेगी गठबंधन की सरकार**

## ● सहयोगी रहेंगे हावी, सत्ता की चाबी नीतिश और नायडू के पास रहेगी

● जातिगत जनगणना और मुस्लिम आरक्षण का दबाव बनाएंगे सहयोगी ● अब धरा रह जाएगा बीजेपी का कोर एजेंडा, यूपी ने दिया बड़ा झटका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में एक बार फिर एग्जिट पोल ध्वस्त हो गए। 2004 की तरह इस बार के परिणाम उलटे निकले। एक दशक बाद फिर से गठबंधन की सरकार का दौर लौट आया है। 370 का नारा देने वाली बीजेपी 272 का आंकड़ा नहीं छू पाई, 241 पर ही सिमटती नजर आ रही है। राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक, हरियाणा में बीजेपी आधी से भी कम हो गई।

| NDA | INDIA | OTH |
|---|---|---|
| 293 | 234 | 16 |

तमिलनाडु और पंजाब में खाता भी नहीं खुला। ओडिशा और तेलंगाना ने लाज बचा ली। नीतिश कुमार और चंद्रबाबू नायडू अब नई सरकार के किंगमेकर बनकर उभरे हैं। कुल मिलाकर एनडीए गठबंधन सत्ता के करीब तो पहुंच गया मगर पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनने से गठबंधन का खेल फिर शुरू हो गया। पूर्ण बहुमत से 33 सीटें कम रही बीजेपी सरकार हार वाली फीलिंग के साथ ही सरकार बनाएगी।

### एनडीए की लगातार तीसरी बार सरकार बनना तय...: पीएम मोदी

**मैं सभी देशवासियों का ऋणी हूं- मोदी**

**नईदिल्ली।** एनडीए की जीत के बाद पार्टी मुख्यालय में संबोधन की शुरुआत नरेंद्र मोदी ने 'भारत माता की जय' और 'जय जगन्नाथ' से की. पीएम ने कहा- आज बड़ा मंगल है. इस पावन दिन एनडीए लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा है. पीएम ने कहा, हम जनता जनार्दन के बहुत आभारी हैं. पीएम मोदी बोले- जनता ने देशवासियों का विश्वास जताया है। पीएम मोदी ने चुनाव आयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है. पीएम मोदी ने कहा, यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है. ये भारत के संविधान पर अटूट निष्ठा की जीत है. ये विकसित भारत के प्रण की जीत है. ये 'सबका साथ-सबका विकास' के इस मंत्र की जीत है. यह 140 करोड़ भारतीयों की जीत है।

# राहुल बोले- रिजल्ट कह रहा, देश अब मोदी-शाह को नहीं चाहता

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में खड़गे ने कहा-भाजपा ने एक व्यक्ति के नाम पर वोट मांगे, यह उनकी हार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी सामने आए हैं। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि हम यह लड़ाई सिर्फ मोदी से नहीं थी बल्कि संस्थाओं से भी थी। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में पहले से ही था कि हिन्दुस्तान की जनता अपने संविधान के लिए खड़ी होगी। इन लोगों ने जब हमारे खाते सीज किए और मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला तो हमें यह यकीन हो गया था। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके साथ सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी थीं। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन जहां भी लड़ा, वहां एकता के साथ मुकाबला हुआ। इंडिया अलायंस ने देश के सामने अपना विजन रखा है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने आरक्षण पर हमला किया था। आपने अडानी के स्टॉक्स देखे होंगे।



**खरगे बोले-**

● **अब यकीन है कि संविधान बचा रहेगा-** खरगे ने कहा कि लोगों को यह विश्वास हो गया था कि यदि नरेंद्र मोदी को एक और मौका मिला तो अगला हमला संविधान पर होगा। अब हमें यकीन है कि इस षड्यंत्र में भाजपा सफल नहीं हो पाएगी। इस जीत का क्रेडिट खरगे ने राहुल गांधी को दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दोनों यात्राओं के दौरान लाखों लोग जुड़े थे। सभी एक साथ मिलकर एक स्वर में रहे और मिलकर प्रचार किया था। हमारे इस कैंपेन को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# मंडी सीट पर कंगना रनौत की बड़ी जीत

● **विक्रमादित्य सिंह को भारी मतों से दी मात**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बड़ी खबर सामने आ रही है। मंडी से बीजेपी की तरफ से मैदान में उतरीं कंगना रनौत ने भारी मतों के साथ जीत दर्ज की है। सामने आ रहे आंकड़ों के मुताबिक, कंगना रनौत ने कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 70 हजार से अधिक वोटों से मात दी है। गौरतलब है कि मंडी शुरुआत से ही हाई प्रोफाइल सीट बनी हुई थी। इस सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हालांकि, अब नतीजें साफ हो चुके हैं। बता दें कि 1951 से अभी तक मंडी सीट पर 17 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं, जिसमें 11 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

# भाजपा के साथ आते ही 'रोशन' हुआ चिराग

● **बिहार में चिराग पासवान का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहा**

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के रुझान अगर नतीजों में तब्दील हुआ तो चिराग पासवान का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी का साथ मिलते ही रामविलास पासवान का चिराग रोशन हो गया। इससे लोक जनशक्ति पार्टी के असली वारिस का भी फैसला होता दिख रहा है। बिहार में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पांच सीटों पर चुनाव लड़ी है और काउंटिंग में सभी सीटों पर एलजेपीआर के कैंडिडेट आगे चल रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे चौंकाने वाले आते दिख रहे हैं। एनडीए के उम्मीद के मुताबिक देश में रिजल्ट नहीं आ रहा है। यूपी में बीजेपी को काफी नुकसान होता दिख रहा है। बिहार में भी बीजेपी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं दिख रहा है। यहां पर एनडीए को को करीब 31 सीटें मिलती दिख रही हैं। इनमें चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (रामविलास) को काफी फायदा हुआ है।



**बदल गई कश्मीर की हवा**

# लोकसभा चुनावों में उमर और महबूबा दोनों हारे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हुए पहले संसदीय चुनावों में राज्य की सियासी हवा बदलती नजर आ रही है। सात चरणों में हुए लोकसभा चुनावों की आज हो रही मतगणना में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्री हार की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के मियां अल्ताफ पीडीपी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से एक लाख 74 हजार 664 वोटों से आगे हैं। महबूबा के लिए यह बड़ा अंतर है। दूसरी तरफ नेशनल कांफ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी बारामूला सीट पर पिछड़ते दिख रहे हैं। इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद उनसे करीब 89000 वोटों से आगे चल रहे हैं। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें बारामूला लोकसभा सीट से जीतने की उम्मीद थी।



**ओडिशा में 24 साल का**

# पटनायक राज खत्म

**बीजेपी 80 सीटों पर जीती, आंध्र में एनडीए सरकार, 165 सीटें जीती**

**भुवनेश्वर/अमरावती (एजेंसी)।** ओडिशा में 24 साल से सत्ता में काबिज नवीन पटनायक के हाथ से सत्ता जाती दिख रही है। अब तक के रुझान में बीजेपी 147 में से 80 सीटों पर आगे चल रही है। एग्जिट पोल में बीजेपी और बीजेडी में कांटे का मुकाबला बताया गया था। पोल में नवीन पटनायक की बीजेडी और भाजपा को, दोनों को 62-80 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। वहीं, आंध्र प्रदेश में एनडीए (भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी) सरकार बनाता दिख रहा है। मौजूदा सीएम जगन मोहन रेड्डी की वायएसआरसीपी को खासा नुकसान हो रहा है। एग्जिट पोल में भी इस बार सत्ता बदलने का अनुमान जताया गया था। 5 एग्जिट पोल में एनडीए तो दो में सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार बनते दिख रही है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के जगन मोहन रेड्डी 2019 से सत्ता में हैं। जगन मोहन ने पिछली बार 151 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की थी।' टीडीपी और बीजेपी के बीच असहमति मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी रही है। टीडीपी ने चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू बहुसंख्यकों को रिझाने के लिए मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। वहीं चंद्रबाबू नायडू ने प्रचार के दौरान कहा कि वह शुरू से ही मुस्लिमों के लिए 4 फीसदी आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं। 29 अप्रैल 2024 को नायडू ने एक जनसभा में यह भी कहा कि सरकार आने पर हज यात्रियों को एक लाख रुपए दिए जाएंगे। आंध्र प्रदेश टीडीपी के अंदर भी एक खेमा बीजेपी के साथ गठबंधन से नाराज था। द हिंदू की एक खबर के मुताबिक खुले मंच पर पार्टी के नेताओं ने कहा कि बीजेपी से समझौता टीडीपी की वैचारिक ताकत के खिलाफ है। आज की स्थिति में बीजेपी के लिए टीडीपी का साथ जरूरी है, खबर आ रही है कि मोदी ने नायडू से फोन पर बात की है। देखना है कि सरकार बनाने के लिए समर्थन के बदले टीडीपी कौन सी शर्तें रखती है।



**35 साल बाद माले का खुला खाता, लालू की वापसी, LJP(R) के सभी जीते**

# बिहार में एनडीए को 9 सीटों को नुकसान

**पटना (वि.सं.)।** बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर तस्वीर साफ हो चुकी है। NDA के खाते में 30 सीट जा रही है। वहीं इंडी 9 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। 14 साल बाद निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पप्पू यादव ने पूर्णिया से जीत दर्ज की है। 35 साल बाद बिहार में भाकपा माले का खाता खुला है। पिछले चुनाव की तुलना में कांग्रेस को 2 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं राजद ने वापसी करते हुए 4 सीटों पर जीत दर्ज की है। NDA को 2019 के चुनाव की तुलना में 9 सीटों का नुकसान हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा बीजेपी 5 सीट हारी है। वहीं जदयू को 3 सीटों का नुकसान हुआ है, जबकि LJP(R) ने अपना पर्फोर्मेंस बरकरार रखा है। अपनी सभी 5 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा उपेंद्र कुशवाहा अपनी सीट बचाने में नाकामयाब रहे। पहली बार हम सुप्रीमो जीतन राम मांझी संसद पहुंचेंगे। नतीजे आने के बाद राज्य में सियासी हलचलें तेज हो गई हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जहां सीएम से मुलाकात की वहीं डिप्टी सीएम विजय सिन्हा देर शाम राज्यपाल से मिलने पहुंचे। इस बीच एनडीए और इंडी ने अपनी एक अहम बैठक बुधवार को दिल्ली में बुलाई है। इसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार शामिल होंगे।

# नागौर में डंके की चोट पर जीते हनुमान बेनीवाल

**बीजेपी प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने लगाया हार का 'चौका'**



**नागौर (एजेंसी)।** राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार हनुमान बेनीवाल ने बड़ी जीत दर्ज की है। बेनीवाल ने भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को 52,341 मतों से पराजित किया। पिछले चुनाव में हनुमान बेनीवाल भाजपा के समर्थित प्रत्याशी थे जबकि इस बार उन्होंने भाजपा से नेता तोड़ लिया और कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद बेनीवाल को एक बार फिर नागौर से बड़ी जीत हासिल हुई है। हनुमान बेनीवाल लगातार दूसरी बार लोकसभा सांसद बने हैं। अब एक बार फिर लोकसभा में हनुमान बेनीवाल की दहाड़ गूंजेगी। पिछले कार्यकाल के दौरान हनुमान बेनीवाल 3 साल तक भाजपा के साथ रहे लेकिन बाद में केंद्र सरकार की ओर से तीन कृषि कानून लाए जाने के बाद हनुमान बेनीवाल ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ दिया था। इस बार की लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के साथ कांग्रेस ने गठबंधन कर लिया था।

# बाजार 5.74 फीसदी टूटा, निवेशकों के 31 लाख करोड़ डूबे

● सेंसेक्स 4389 अंक गिरकर 72,079 पर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन आज यानी, 4 जून को सेंसेक्स 4389 अंक (5.74 फीसदी) की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 1,379 अंक (5.93 फीसदी) की गिरावट रही, ये 21,884 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 शेयरों में तेजी रही। बीएसई और एनएसई के शेयरों में करीब 15 फीसदी की गिरावट रही। पावर ग्रिड के शेयर 12 फीसदी से ज्यादा नीचे है। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में करीब 5.74 फीसदी की तेजी रही। सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट रही। निफ्टी एस बैंक इंडेक्स 15.14 फीसदी टूटा है।

# मोदी का दबदबा तो दिखा लेकिन... कमजोर रही जीत

**भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजों पर बोला विदेशी मीडिया**



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत में हुए लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे काफी हद तक साफ हो गए हैं। भाजपा और सहयोगी दल बहुमत के 272 के आंकड़े को पार कर गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी भारतीय चुनाव पर रिपोर्ट कर रहा है। दुनिया के कई देशों के मीडिया ने चुनाव नतीजों पर कमेंट किया है। बीबीसी न्यूज ने कहा है कि नतीजों में मोदी की बड़ी चुनावी जीत की उम्मीदें धूमिल हुई हैं। यूके से स्काईन्यूज ने कहा कि बीजेपी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। दूसरे देशों से भी चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में सत्ताधारी भाजपा की निगाहें तीसरी बार सरकार बनाने पर है।

अखबार कहता है कि विवादों के बावजूद नरेंद्र मोदी भारत के लोकप्रिय नेता हैं। पाकिस्तान के अखबार डॉन ने लिखा है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन को स्पष्ट बहुमत लेकिन विपक्षी दलों का भी शानदार प्रदर्शन। बीबीसी इंग्लिश ने कहा है कि भारत में चुनाव नतीजों में भाजपा की बड़ी जीत की उम्मीदों को झटका। निकी एशिया कहता है कि नरेंद्र मोदी बहुमत की ओर, विपक्षी दलों का गठबंधन पिछड़ा।

# नासिक में एयरफोर्स का सुखोई क्रैश, खेत में गिरा

● दोनों पायलट सुरक्षित, ओवरहॉलिंग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के पास था विमान



**नासिक (एजेंसी)।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई मंगलवार को नासिक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ओवरहॉलिंग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के पास था। नासिक रेंज के विशेष महानिरीक्षक डीआर कराले ने बताया कि सुखोई विमान के पायलट और को-पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। विमान शिरसगांव के पास एक खेत में गिरा। राजस्थान के पोकरण में हुए भारत शक्ति युद्धाभ्यास में शामिल तेजस फाइटर जेट 27 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे क्रैश हो गया था। यह जैसलमेर शहर से 2 किमी दूर जवाहर नगर स्थित भील समाज के हॉस्टल पर जा गिरा। तेजस के क्रैश होने की यह पहली घटना थी। घटना के समय हॉस्टल के उस कमरे में कोई नहीं था। इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। पोकरण में चल रहे युद्धाभ्यास स्थल से करीब 100 किमी दूर यह हादसा जैसलमेर में हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सेना के बड़े अधिकारी मौजूद थे। इंडियन एयर फोर्स का एक ट्रेनिंग विमान सोमवार सुबह तेलंगाना में क्रैश हो गया था। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। प्लेन मेडक के बाहरी इलाके परिधि रवेली में क्रैश हुआ था।

# ईरान में रईसी की जगह लेने उतरीं कट्टरपंथी महिला उम्मीदवार

**विरोधियों को फांसी देने की हिमायती, मॉर्डन वेपन्स की शौकीन हैं जोहरेह इलाहियन**

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पिछले महीने 19 मई को एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी। उनके निधन के बाद देश नये राष्ट्रपति के चुनाव के लिए 28 जून को मतदान होने वाले हैं। ईरानी मीडिया के मुताबिक अब तक करीब 40 उम्मीदवारों ने इब्राहिम रईसी की जगह लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद, पूर्व कमांडर वाहिद हघानियान, सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के पूर्व सचिव सईद जलीली भी शामिल हैं। हालांकि इसमें एक और नाम है जिसकी खूब चर्चा हो रही है। पूर्व महिला सांसद जोहरेह इलाहियन (57) एक मात्र महिला उम्मीदवार हैं जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह लेने के लिए दावेदारी पेश की है। अगर वो इस पद के लिए चुनी जाती हैं तो ईरान के इतिहास में पहली बार होगा जब कोई महिला राष्ट्रपति बनेगी। इलाहियन हिजाब की कट्टर समर्थक हैं।



# काराकाट में सीपीआई की पहली जीत राजाराम को मिले 3,78,922 वोट

## एक लाख वोटों से पवन सिंह को छोड़ा पीछे, उपेंद्र कुशवाहा तीसरे नंबर पर पहुंचे

- मतगणना को लेकर व्यवस्था चाक चौबंद
- हॉट सीट बनी काराकाट
- 13 उम्मीदवारों के बीच है मुकाबला



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा सीट से INDIA ने जीत हासिल की। राजाराम 1,05,376 वोट से जीते। वहीं, पवन सिंह को 1,05,376 वोटों के अंतराल से हरा दिया। इस सीट पर मुख्य रूप से लड़ाई भोजपुरी स्टार पवन सिंह, एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम सिंह के बीच थी। काराकाट लोकसभा सीट से पहली बार माले ने जीत हासिल की। INDIA प्रत्याशी राजाराम लगातार आगे चल रहे थे। उन्होंने कहा जिस तरह से पिछले दिनों लोकतंत्र और संविधान के साथ छेड़छाड़ हुआ है। इससे जनता काफी नाराज है। पीएम मोदी की घोषणा जुमला साबित होती गई। एक के बाद एक। इसमें NDA के प्रति लोगों के मन में अविश्वास पैदा किया। INDIA ने जो वादे किए, बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो उसने कुछ काम किए। नौजावानों और किसानों का भसोरा पैदा हुआ। 2009 से आप चुनाव लड़ रहे थे। इस बार हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं और महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बहुत महनत किया है। पवन सिंह पर कहा वे जीतने के लिए लड़े। उनके लड़ने से चुनाव प्रभावित हुआ INDIA का ऐसी कोई बात नहीं है। वहीं मतगणना पटल के लिए 1 अभिकर्ता रहेंगे। इसके साथ ही निर्वाची पदाधिकारी के टेबल के लिए भी एक मतगणना अभिकर्ता मौजूद रहेंगे। पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए 10 टेबल अलग से बनाए गए हैं। प्री पोस्टल बैलेट काउंटिंग के लिए एक सहायक निर्वाची अधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है। बता दे कि काराकाट में मतदान प्रतिशत 54.68 प्रतिशत रहा है। काउंटिंग को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। इसके साथ ही ट्रैफिक डीएसपी ने यातायात के लिए नई गाइडलाइन भी जारी की है। जो भी लोग मतगणना के लिए आएंगे या फिर कोई राजनीतिक दल के प्रतिनिधि आएंगे उनको असुविधा नहीं होगी। वहीं मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए 3 लेयर में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। राज्य में काराकाट लोकसभा सीट की इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। वैसे तो इस सीट से कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन भोजपुरी स्टार पवन सिंह के कारण यह हॉट सीट बन गई है। अब यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन के राजा राम सिंह के साथ निर्दलीय पवन सिंह की चर्चा पूरे क्षेत्र में हैं। काराकाट लोकसभा सीट से कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजा राम सिंह, निर्दलीय पवन सिंह, बसपा से धीरज कुमार सिंह, राष्ट्र सेवा दल से प्रदीप जोशी, एआईएमआईएम से प्रियंका प्रसाद, प्रयाग पासवान, इंद्र राज रौशन, अवधेश पासवान, विकास विनायक, राजेश्वर पासवान, अजित कुमार सिंह और राजा राम सिंह का नाम शामिल हैं।

## लोकसभा की मतगणना को लेकर बदली शहर की ट्रैफिक व्यवस्था



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के काराकाट लोकसभा की मतगणना मंगलवार को जिला मुख्यालय सासाराम के बाजार समिति में हो रही है। इसे लेकर आज शहर में यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में एसपी विनीत कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 4 जून को काराकाट लोकसभा क्षेत्र का मतगणना बाजार समिति तकिया में सुबह 8 बजे से निर्धारित है। इसे लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। बताया गया है कि सभी भारी वाहनों का प्रवेश सुबह सात बजे से सासाराम शहर में वर्जित है। एसपी जैन कॉलेज मोड़, कुमहउ गेट, बाराडिह पुल और मोकर पुल से वाहन आगे नहीं आयेंगे। शहर के करगहर मोड़ से बाजार समिति तकिया की ओर किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित है। मुरादाबाद नहर पुल से बाजार समिति तकिया की ओर किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित है। निजी वाहन से बाजार समिति तकिया मुख्य द्वार से 100 मीटर पहले तक जाने दिया जाऐगा। इनके पास वाहन निर्गत किया जाएगा, उनकी पार्किंग बाजार समिति तकिया के मुख्य द्वार से 100 मीटर की दूरी पर निर्धारित कर दी गई है। सासाराम शहर में सड़क किनारे कोई भी वाहन अनावश्यक खड़ा नहीं करेंगे।

# ट्रेन के चपेट में आने से युवती की मौत, घरवालों का रोकर बुरा हाल

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के पुसौली रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई। घटना की सूचना आग की तरह चारों तरफ फैल गई। सूचना पर मृत युवती के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। इसकी जानकारी जीआरपी भभुआ रोड दी गई। मृतक की पहचान सोनहन थाना क्षेत्र के कैथी गांव के शिवपूजन राम की 18 वर्षीय पुत्री क्रांति कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस शव को लेकर भभुआ रोड रेलवे स्टेशन आई। परिजनों की उपस्थिति में कागजी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने की कवायद जारी थी। युवती की मां कलावती देवी ने बताया कि



फाईल फोटो

मेरी बच्ची का तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। उसे लेकर झाड़ फूंक कराया जा रहा था। मैं बच्ची को कभी अकेला नहीं छोड़ती थी। आज थोड़ी देर के लिए अकेली हुई और पता नहीं कैसे रेलवे ट्रैक पर चली गई। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। अभी हम लोग भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पहुंचे हैं। जीआरपी भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सब इंस्पेक्टर निरंजन प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि आरपीएफ रेलवे पुलिस फोर्स के द्वारा जानकारी मिला की एक युवती की मौत पुसौली रेलवे स्टेशन के पास हो गई है। सूचना पर भभुआ रोड जीआरपी की टीम पूसौली रेलवे स्टेशन के पास पहुंची। एक युवती की डेड बॉडी रेलवे ट्रैक पर पड़ी हुई थी। मृत युवती की पहचान करते हुए उसके शव को भभुआ रोड रेलवे स्टेशन लाकर कागजी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृत युवती की पहचान सोनहन क्षेत्र के कैथी गांव के शिवपूजन राम की 18 वर्षीय पुत्री क्रांति कुमारी बताई गई है।

## चोरों ने की एसबीआई के अफसर के कमरे से आभूषण एवं नकद की चोरी

- वीआईपी बैग में रखे सोने का चेन 70000, कान का झुमका 40000 व नकद 7000 रुपए की चोरी

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** शहर के एसबीआई मुख्य शाखा के सीनियर असिस्टेंट अफसर के बस पड़ाव स्थित किराए के कमरे से चोरों ने आभूषण व नकद की चोरी कर ली। यह घटना तब हुई, जब वह भभुआ बाजार में खरीदारी करने आए थे। पीड़ित बैंक अफसर साबिर अंसारी रोहतास जिले के सासाराम थाना क्षेत्र के पतियां निवासी ने नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज मुकदमा में कहा गया है कि अखलासपुर बस पड़ाव के उत्तर स्थित मकान में वह किराए पर रहते हैं। आवेदन के माध्यम से पुलिस को बताया है किराए के कमरे से वीआईपी बैग में रखे सोने का चेन 70000, कान का झुमका 40000 व नकद 7000 रुपए की चोरी कर ली गई। सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। नगर थाने की पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई कर रही है। बताया गया है कि बंद कमरे का ताला तोड़कर चोरी करने की घटनाएं अक्सर हो रही हैं।

## मारपीट में महिला सहित पांच हुए घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में जिले के मोहनियां की रेशमा देवी, सोनहन थाना क्षेत्र के महुआरी के छठु नोनिया, तैरथा के गजेन्द्र यादव, तियरा के रोहित यादव व डबढ़िया के विजेन्द्र सिंह यादव शामिल हैं। उनके परिजनों द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक द्वारा उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना पर घायलों के रिश्तेदार भी सदर अस्पताल में पहुंच गए हैं। कैमूर पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कारवाई कर रही है।

# अर्धसैनिक बलों ने किया पौधा रोपण, छात्र-छात्राओं को हथियारों के बारे में दी जानकारी

निज संवाददाता



**अरवल।** प्रखंड क्षेत्र के आदर्श रा. मध्य विद्यालय मानिकपुर में मानिकपुर थानाध्यक्ष पीयूष जयशवाल व लोकसभा चुनाव के दौरान आए हुए पारा मिलिट्री फोर्स आईटीबीपी 609/ 10 वीं बटालियन के जवानों के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को हथियारों के बारे में जानकारी दी गई। हथियारों के मारक क्षमता, रख-रखाव, सेना में भर्ती के नियम कानून, डिसिप्लिन, देश सेवा से संबंधित कई बातों को विस्तार पुर्वक बताया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में अर्धसैनिक बलों ने बच्चों के संग थानाध्यक्ष के सहयोग से पौधा रोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर उपस्थित आईटीबीपी के इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष पियूष जयशवाल ने बताया कि हमारे जीवन में एक पौधा का क्या महत्व होता है। अपने जीवन में प्रत्येक व्यक्ति कम से कम दो पौधा लगाएं और उसे अपने संतान की तरह पाल पोस कर बड़ा करें। अगर हम लोग सभी मिलकर इस रास्ते पर चलें और दो - दो पौधा का रक्षा करने का जिम्मा हर एक व्यक्ति उठा लें तो हम लोगों को आने वाले समय में पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से रोकने में बड़ी कामयाबी मिल सकती है। आज बेमौसम बरसात व कड़ाके की धूप देखने को मिल रही है। साफ संकेत है कि पर्यावरण धीरे-धीरे अपना संतुलन खोता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम लोग विद्यालय परिसर में शीशम, सागवान, कटहल और अमरूद का पेड़ लगाया है।

# जहानाबाद में आरजेडी प्रत्याशी सुरेंद्र यादव की हुई जीत जेडीयू के चन्देश्वर चंद्रवंशी को 141308 वोट से हराया

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबद संसदीय क्षेत्र से आरजेडी की सुरेंद्र यादव ने बड़ी जीत दर्ज की है। सुरेंद्र यादव ने जेडीयू के चन्देश्वर चंद्रवंशी को 1,41,308 वोट से हराया। सुरेंद्र यादव को 4,40,352 और चन्देश्वर चंद्रवंशी को 299044 वोट मिले। वहीं, बसपा के अरुण कुमार को 85,696 वोट मिले। कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 8 बजे से काउंटिंग शुरू हुई थी। कुल 15 टेबल लगाए गए थे। 14 टेबल पर ईवीएम के वोटों की गिनती हुई, जबकि एक टेबल पर डाक मतपत्रों की गिनती की गई। जहानाबाद लोकसभा में कुल छह विधानसभा क्षेत्र है, जहानाबाद, घोसी, मखदुमपुर, अरवल, कुर्था और अतरी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो और गणना सहायक मौजूद थे। डाक मतपत्र की गिनती के लिए प्रत्येक टेबल पर एक अतिरिक्त माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किए गए थे। 52.77 प्रतिशत मतदान हुआ था। 1793 मतदान केंद्र बनाया गया था 1669648 मतदाता है जिसमें लगभग 8 लाख 66 हजार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतगणना केंद्र पर पुलिस प्रशासन की कड़ी व्यवस्था की गई थी। किसी को भी बिना पास के जाने की अनुमति नहीं थी।

## ग्रामीण पर फायरिंग और पुलिस पर रोड़ेबाजी मामले में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** शकूराबाद थाना क्षेत्र के मीरगंज गांव में नाली के पानी गिराने को लेकर ग्रामीण पर फायरिंग एवं पुलिसकर्मियों पर रोड़ेबाजी मामले में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।एक तरफ से मीरगंज गांव निवासी उपेंद्र कुमार के आवेदन के पर मुन्ना यादव, सोनू कुमार सहित सात लोगों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व फाउयरिंग किए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने उल्लेख किया है कि मेरा चचेरा भाई मदन राम के घर के पीछे रोड पर नाली का पानी गिराने को लेकर मदन राम एवं श्यामनंदन राम के बीच विवाद हो रहा था मैं भी वहां गया तो देखा कि मेरे गांव के मुन्ना यादव ,सोनू कुमार सहित सात लोग उन लोगों को गाली गलौज कर रहे हैं तो मैं गाली गलौज करने से मना किया तो वे लोग आग बबूला होकर मेरे साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे ।तब मैंने इसकी सूचना थाने को दिया ,इस पर वे लोग आग बबूला हो गए और बोला कि इ मास्टरवा गांव में बहुत राजनीति करता है इसको मार दो इसके बाद मुन्ना यादव अपने घर गया और वहां से देसी कट्टा लाकर मुझ पर फायर कर दिया किसी तरह मैं अपने आप को बचाते हुए अपने घर भाग गया और वहां जाकर छुप गया ।इसी बीच थाने से पुलिस पहुंच गई, पुलिस की टीम उन लोगों को समझाने लगी तो वे लोग पुलिस को भी भद्दी भद्दी गाली देते हुए धक्का मुक्की करने लगे और रोड़ेबाजी करने लगे । पुलिस किसी तरह घर में छुपकर अपनी जान बचाई ।इधर दूसरी प्राथमिकी शकूराबाद थाने में पदस्थापित पूअनि ध्रुवनाथ बैठा के आवेदन पर 11 नामजद व 20- 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली गलौज ,मारपीट, रोड़ेबाजी व सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दिए गए आवेदन में पुलिस पदाधिकारी ने उल्लेख किया है।

# लोकसभा चुनाव के मतगणना को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना अध्यक्षों को अलर्ट रहने का दिया निर्देश

निज संवाददाता



**अरवल।** लोकसभा चुनाव के मतगणना को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील ने सभी थाना अध्यक्षों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। सभी थानाध्यक्षों को मतगणना को लेकर हर समय अलर्ट रहने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सोमवार रात्रि सूचना संकलन, फरारी की गिरफ्तारी व लगातार गश्त पर विशेष ध्यान दें। पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्रों में गश्त कर किसी भी तरह अशांति नहीं फैलने दें। उन्होंने निर्देश दिया कि सोमवार रात्रि नियमित वाहनों का जांच करें तथा उपद्रवी तत्वों पर नजर बनाये रखें। उन्होंने थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया कि थाना क्षेत्र में होटल, विश्राम गृह और विवाह हॉल की जांच करें। जिले के सभी आपातकालीन सेवा डायल 112 को भी सक्रिय रहने का निर्देश दिया। जिले में धारा 144 लागू होने के कारण किसी भी जुलूस अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए क्यूआरटी टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सदर थाना और कुर्था थाने दंगा विरोधी टीम को तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में इसका इस्तेमाल किया जा सके।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ वंशी थाने की पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** वंशी थाने की पुलिस ने मोटरसाइकिल गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है और चोरी की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार राय ने 12 घंटे के अंदर मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वंशी थानां क्षेत्र के कुर्मी बिगहा मिल्की पर गांव से 25 मई को चार अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक मोटरसाइकिल की चोरी की थी। इस संबंध में वाहन मालिक के द्वारा वंशी थाना में कांड संख्या 65 /24 के तहत प्राथमिक दर्ज करवाई गई थी। मोटरसाइकिल चोरों ने दोबारा 2 जून को इसी गांव में एक और मोटरसाइकिल की चोरी कर ली इसके बाद मोटरसाइकिल मालिक के द्वारा बंसी थाने में मामला दर्ज कराया गया जिसके बाद थाना अध्यक्ष ने कार्रवाई करते हुए दोनों चोरों को घर दबोचा।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल ने बताया कि थाना अध्यक्ष संजीव कुमार राय, थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह एवं जिला सूचना इकाई तथा वंशी थाना सशस्त्र बल को चोरों को गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर सूचना मिलते ही पुलिस ने शहर तेलपा थाना के महावीर गंज गांव से सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशान देही पर करपी थाना क्षेत्र के रामखेलावन बिगहा बैर बिगहा गांव से नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों की निशानदेही पर चोरी हुई दोनों मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। वंशी पुलिस के इस करवाई के बाद मोटरसाइकिल चोरों में हड़कंप मच गई इस घटना में शामिल अन्य अपराधी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### दोनों घायलों का सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा इलाज

# दो बाइक की टक्कर में दो लोग घायल

निज संवाददाता

**चांद (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के दुल्ही मोड़ के पास दो बाइक के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में उत्तर प्रदेश के जमानिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दरौली गांव निवासी बबुआ बनवासी के 32 वर्षीय पुत्र विनोद बनवासी व मोहनियां थाना क्षेत्र के डिडखिली गांव निवासी अदालत वैद्य के 40 वर्षीय पुत्र कपिल वैद्य शामिल हैं। बताया गया है कि विनोद भगवानपुर अपने रिश्तेदारी से बाइक से अपने गांव के लिए जा रहा था। जबकि कपिल अपने गांव से बाइक से चैनपुर थाना क्षेत्र के करजी गांव जा रहा था। बताया गया है कि इसी दौरान दोनों बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दोनों को स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में चांद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां के चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना पर दोनों घायलों के परिजन सदर अस्पताल में पहुंच गए हैं। वह अपने परिजनों का इलाज करा रहे हैं।

## घटमापुर में ई-रिक्शा के पलटने से बच्चा घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** घटमापुर गांव में ई-रिक्शा पलटने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल 11 वर्षीय श्यामबली चैनपुर थाना क्षेत्र के घटमापुर गांव निवासी सत्यनारायण बिंद का पुत्रहै। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि बच्चा अपने गांव से ई रिक्शा पर बैठकर घरघट्टा खेत घूमने जा रहा था। तभी घटमापुर गांव में ही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। उसे सदर अस्पताल लाकर इलाज कराया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटनाओं में पिता-पुत्री व चाचा-भतीजा घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** विभिन्न इलाकों में सड़क दुर्घटनाओं में जहां पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं चाचा-भतीजा भी जख्मी हो गए। घायलों में चांद थाना क्षेत्र के नवबाट गांव निवासी 40 वर्षीय संजय मिश्रा व उनकी 18 वर्षीया पुत्री नैंसी कुमारी तथा इसी थाना क्षेत्र के ढेढ़ुआ भरारी गांव के छकैड़ी राम के 45 वर्षीय पुत्र मिठाई राम व भतीजा एकादशी राम के 23 वर्षीय पुत्र शिवा कुमार शामिल किए गए हैं। चारों घायलों को उनके परिजनों द्वारा सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया गया। बताया गया है कि परैया मोड़ के पास स्कॉर्पियो के धक्का से बाइक सवार पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नहर में पानी छोड़ने की किसानों ने की मांग

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** सोन उच्च स्तरीय नहर में पानी छोड़ने की मांग किसानों ने की है। किसानों का कहना है की नहर में पानी नहीं छोड़ने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्तर काफी नीचे चला गया है। रोहिणी नक्षत्र शुरू हो चुका है पानी के अभाव में किसान बिचड़ा भी नहीं डाल पा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल कार्यपालक अभियंता सोन उच्च स्तरीय नहर जल संसाधन विभाग कैमूर से मिलकर मांगों का ज्ञापन सौंपा।जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के लिए बिचड़ा डालने का समय 25 में से ही रोहिणी नक्षत्र शुरू हुआ है जो



10 जून को समाप्त हो रहा है। नहर में नहीं पानी छोड़े नहीं जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में जलस्तर काफी नीचे चला गया है। कई गांवों में चापाकल ने पानी देना बंद कर दिया है। मवेशियों को भी पानी पिलाने की समस्या हो गई है।इस मामले में मांग की गई है कि तीन दिनों के अंदर सोन उच्च स्तरीय नहर में पानी छोड़ा जाए अन्यथा किसान मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता ध्रुव कुमार तिवारी, जिला मंत्री रमाकांत पांडेय, सुनील कुमार पांडेय सहित कई मौजूद रहे।

# आसनसोल-झाझा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज-आगरा फोर्ट के रास्ते हावड़ा और खातीपुरा (जयपुर) के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आसनसोल-झाझा-पटना-डीडीयू- प्रयागराज-आगरा फोर्ट के रास्ते हावड़ा और खातीपुरा (जयपुर) के मध्य गाड़ी सं.03007/03008 स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 03007 हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) स्पेशल 09.06.2024 से 30.06.2024 तक प्रत्येक रविवार को हावड़ा से 18.00 बजे खुलकर सोमवार को 03.25 बजे पटना जं. रूकते हुए मंगलवार को 01.00 बजे खातीपुरा (जयपुर) पहुंचेगी। वापसी में 03008 खातीपुरा (जयपुर)-हावड़ा स्पेशल 11.06.2024 से 02.07.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को खातीपुरा (जयपुर) से 05.30 बजे खुलकर बुधवार को 02.05 बजे पटना जं. रूकते हुए 12.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी । इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 09 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

## एक नजर

### डाउन कुंभ एक्सप्रेस से अंग्रेजी शराब बरामद

पटना (नि.स.)। पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने जांच के दौरान कुंभ एक्सप्रेस से अंग्रेजी शराब बरामद की, जबकि तस्कर पुलिस को देख फरार होने में सफल रहा। स्लीपर कोच के शौचालय के पास बैग में शराब रखी थी। इस बाबत रेल थाने में अज्ञात तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश की ओर से आने वाली ट्रेनों से शराब की तस्करी हो रही है। इसको देखते हुए रेल पुलिस लगातार ट्रेनों में जांच अभियान चला रही है। सोमवार की शाम पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर डाउन कुंभ एक्सप्रेस पहुंची तो रेल पुलिस जांच शुरू की। स्लीपर कोच के शौचालय के पास एक पिट्ठू बैग लावारिस हालत में मिला। पुलिस कर्मियों ने जब उसे खोलकर देखा तो उसमें शराब के 16 केन मिले। रेल पुलिस ने उन्हें जब्त कर लिया।

### तटबंधों की तीन कैटेगरी बनाकर बनेगी बाढ़ स्ट्रैटेजी

पटना (नि.स.)। राज्य सरकार बाढ़ स्ट्रैटेजी में बदलाव करने जा रही है। बाढ़ को लेकर तटबंधों की मरम्मत की पूरी कार्ययोजना बदल जाएगी। अब तटबंधों की तीन कैटेगरी बनाकर बाढ़ स्ट्रैटेजी बनायी जाएगी। इसी आधार पर उनकी मरम्मत होगी और इसी आधार पर वहां कटाव पूर्व तैयारियां होंगी। जल संसाधन विभाग ने इस संबंध में अपने सभी संबंधित अभियंताओं को गाइडलाइन जारी कर दिया है। इस बार बाढ़ अवधि में तटबंधों की निगरानी और तत्काल मरम्मत के लिए मोबाइल एम्बुलेंस उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा हाइड्रोलिक का भी इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि तटबंध पर अनावश्यक दबाव न बने। जल संसाधन विभाग के अनुसार तटबंधों की तीन कैटेगरी आक्राम्य, अति आक्राम्य और संवेदनशील बनाकर उनके लिए अलग-अलग योजनाएं बनायी जाएंगी। इसी कैटेगरी के आधार पर वहां सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और मरम्मत की कार्ययोजना बनेगी। इसी आधार वहां गश्ती की व्यवस्था होगी और इंजीनियर-अधिकारी वहां निरीक्षण करेंगे। बाढ़ अवधि में सबसे खतरनाक अर्थात अति आक्राम्य और संवेदनशील स्थलों पर मोबाइल एम्बुलेंस व हाइड्रोलिक की व्यवस्था की जाएगी, जबकि, आक्राम्य स्थलों पर कैंप बनेंगे और वहां नियमित निरीक्षण-गश्ती की व्यवस्था की जाएगी। दरअसल, विभाग की योजना यह है कि तटबंधों को लेकर एक स्पष्ट कार्ययोजना रहे। अभी तक सभी तटबंधों के लिए ही मानक पर काम किया जाता है।

# औरंगाबाद की संसदीय सीट से अभय कुशवाहा विजयी, सुशील सिंह की हार



कार्यालय संवाददाता

आम निर्वाचन-2024 के तहत औरंगाबाद संसदीय सीट का चुनाव परिणाम सामने आ गया है। चुनाव परिणाम की अधिकारिक घोषणा हो गई है। औरंगाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया मतगणना का काम पूरा हो गया है। पोस्टल बैलेट समेत ईवीएम के सभी राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है। चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी गई है। घोषित परिणाम के अनुसार राजद के अभय कुमार सिंहा उर्फ अभय कुशवाहा को सम्यक रूप से विजेता घोषित कर दिया गया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के सुशील कुमार सिंह को 79111 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया है। अभय कुशवाहा को कुल 465567 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा सुशील सिंह को 386956 मत प्राप्त हुए। मतगणना की शुरुआत होते ही प्रथम राउंड में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह पिछड़ गए लेकिन दूसरे राउंड में उन्होंने बढ़त बनाई। फर्स्ट राउंड में सुशील सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आरजेडी के अभय कुशवाहा से मात्र 229 मतों से पीछे रहे। इस राउंड में सुशील सिंह को 2544 मत मिले जबकि अभय कुशवाहा को 2773 वोट मिले। इसके बाद दूसरे राउंड में सुशील सिंह ने 395 मतों से बढ़त बनाई। दूसरे राउंड में सुशील सिंह को 5928 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी अभय कुशवाहा को 5533 वोट मिले। इसके बाद तीसरे राउंड से अभय कुशवाहा ने जो बढ़त बनाई वह अंत तक बरकरार रही और जीत का सेहरा उनके सिर बंध गया। राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने तीसरे राउंड के बाद जो बढ़त बनाई, वह हर राउंड में बरकरार रही। थोड़े से अंतर से शुरू हुई बढ़त निर्णायक दौर तक पहुंच गई। निर्णायक दौर के बाद बीजेपी प्रत्याशी सुशील सिंह आरजेडी प्रत्याशी अभय कुशवाहा से बड़े मतों के अंतर से लगातार पिछड़ते गए और अंततः उन्हे हार का सामना करना पड़ा।

### यह जीत मेरी नहीं जनता की : अभय कुशवाहा

अभय कुशवाहा ने कहा कि यह जीत मेरी नही जनता की है। चुनावी जीत के बाद इंडी- महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने खुलकर बोला। कहा कि यह मेरी जीत नही जनता की जीत है। मैं जनता के भरोसे पर खरा उतरने का काम करूंगा। पहली प्राथमिकता उत्तर कोयल नहर का लाल पानी किसानों के खेतों तक लाने की होगी। मैं औरंगाबाद का सजाने-संवारने आया हूं। चुनाव के दौरान भी जनता से यही वादा किया था। जनता ने इस वादे को पूरा करने की जिम्मेवारी दे दी है, इस जिम्मेवारी का बेहतर निर्वहन करूंगा। सारे लोग मेरे है और मैं सबका हूं। जनता के सारे दुःख दर्द मेरे है। मैं दुःख दर्द दूर करने के लिए काम करूंगा। किसी को शिकायत का मौका नही दूंगा। जनता ने अपना काम पूरा कर दिया है। अब कर्तव्य निभाने की बारी है। कर्तव्य निर्वहन में मैं कभी पीछे नही रहूंगा। हर क्षेत्र में काम करूंगा। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और क्षेत्र के विकास के लिए काम होगा। किसी को शिकायत का मौका नही दूंगा। जीत के लिए जनता का हृदय से आभारी हूं।

# आज राज्यभर में तल्ख रहेंगे मौसम के तेवर, बढ़ेगी गर्मी

निज संवाददाता

**पटना**। सूबे में गुरुवार तक दिन में मौसम के तेवर तल्ख रहेंगे। मौसम विभाग का अनुमान है कि राज्य के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की वृद्धि होगी। राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग में एक-दो जगहों पर उष्ण लहर (लू) की स्थिति बनेगी। साथ ही उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण-मध्य भाग में गर्म और आर्द्र मौसम होगा। इससे पसीने वाली गर्मी लोगों को झेलनी पड़ेगी। पटना में भी उमस भरी गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश का कोई मजबूत सक्रिय सिस्टम सूबे में नहीं है। ऐसे में उत्तर बिहार के कुछ जिलों को छोड़कर आठ जून तक कमोबेश ऐसे ही हालात रहेंगे। बुधवार को पटना सहित 25 जिलों में गर्म दिन रहने की संभावना है। उत्तरी भाग के सहरसा, बांका, जमुई, भागलपुर, मुंगेर, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधुबनी जिले में गरज-तड़क के साथ तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मेघ गर्जन व वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार उत्तरप्रदेश व इसके आसपास चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बने होने के कारण बादलों की आवाजाही बने रहने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से आ रही पुरवा हवा के कारण उत्तरी भागों में मौसम सामान्य बना रहेगा। जबकि, पटना समेत दक्षिणी भागों में पछुआ का प्रवाह व आर्द्रता में वृद्धि होने से उमस भरी गर्मी का प्रभाव बना रहेगा। उधर, मंगलवार को पटना का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 43.8 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी सबसे गर्म रहा। बिक्रमगंज में भीषण उष्ण लहर का प्रभाव बना रहा। 10 जिलों में 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। बक्सर में 43.2 डिग्री, बिक्रमगंज में 43.1 डिग्री, भोजपुर में 41.4 डिग्री, औरंगाबाद में 43.7 डिग्री, नवादा में 41.2 डिग्री, राजगीर में 40.2 डिग्री, अरवल में 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### यहां हुई बारिश

मौसम विभाग के अनुसार बिहार के ऊपर एक चक्रवातीय परिसंचरण क्षेत्र का बना हुआ था। हालांकि यह धीरे धीरे कमजोर हो गया है। इसके प्रभाव से टेढ़ागाछ में 63.4 मिमी, ढेंगराघाट में 62 मिमी, फारबिसगंज में 53.4 मिमी, बनमनखी में 42.4 मिमी, जलालगढ़ में 40.4 मिमी, पूर्णिया में 39.2 मिमी, रानीगढ़ में 39.2 मिमी, फुलपराश में 36.4 मिमी, चारघरिया में 34.2 मिमी, बीरपुर में 34 मिमी, बहादुरगंज में 32.4 मिमी, नरपटगंज में 32.2 मिमी, जोकीहाट में 32 मिमी और सिकटी में 30.6 मिमी बारिश हुई।

# सूबे की 130 औद्योगिक इकाइयां परिसर में दो सौ लगाएंगी पौधे

निज संवाददाता

**पटना**। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने सूबे के 130 औद्योगिक इकाइयों को अपने परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर आम, जामुन, पीपल और नीम के पौधे लगाने का निर्देश दिया है। हर औद्योगिक इकाई को 200 पौधे लगाने हैं। प्रत्येक वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर औद्योगिक इकाइयों की ओर से अपने परिसर में पौधा लगाया गया है या नहीं इसकी निगरानी के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने पटना, गया, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, भागलपुर और पूर्णिया के क्षेत्रीय पदाधिकारियों को पौध लगवाने का निर्देश दिया है। इस बार पर्यावरण दिवस पर 26 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तय किया है। प्रदूषण



नियंत्रण बोर्ड ने विज्ञप्ति जारी कहा है कि मानव जनित और भौगोलिक कारणों से वैश्विक तापमान में विगत वर्षों से लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तापमान बढ़ने के मुख्य कारणों में ग्रीन हाउस गैस भी है। इसमें कार्बन डाइऑक्साइड सबसे प्रमुख है। इसके बाद मिथेन, क्लोरोफ्ल्यूरोकार्बन आदि भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हरे पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण कर प्रकाश संश्लेषण द्वारा ग्लूकोज के रूप में अपना भोजन तैयार करते हैं। इस प्रक्रिया में ऑक्सीजन उत्पन्न होती है।

# किंग मेकर की भूमिका में नीतीश कुमार

निज संवाददाता

**पटना**। लोकसभा चुनाव के नतीजे से यह साफ हो गया है कि केंद्र की नयी सरकार के गठन में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अहम भूमिका होगी। न केवल केंद्र की नयी सरकार में जदयू की अच्छी हिस्सेदारी होगी, बल्कि बिहार के हिस्से में भी अच्छे खासे मंत्री पद आयेंगे। एनडीए की सहयोगी जदयू को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी। लोकसभा की 12 सीटें जीत कर जदयू बिहार में सबसे ताकतवर राजनीतिक दल के रूप में उभर कर सामने आया है।

### बिहार की जनता को नीतीश पर भरोसा

खुद एनडीए के भीतर जदयू को कमतर कर आंका गया था, लेकिन जदयू ने 16 में से 12 सीटें जीतकर यह साबित कर दिखाया है कि बिहार की जनता में अब भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर भरोसा है। वहीं



2020 के विधानसभा चुनाव में बड़े भाई के रूप में सामने आयी भाजपा एनडीए में 17 में से 12 सीटें जीत कर दूसरे नंबर की पार्टी बन कर रह गयी है। स्ट्राइक रेट लोजपा रामविलास का सबसे बेहतर रहा है। एनडीए में उसे पांच सीटें मिली थीं, जिसमें सारी की सारी सीटें उसने जीत ली हैं।

इधर, जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया राजनीतिक तापमान बढ़ता गया। इंडिया की ओर से भ सरकार बनाने की तरकीबें खोजी जाने लगीं। सूत्रों के मुताबिक शरद पवार ने नयी सरकार की संभावना तलाशनी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में सबकी नजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऊपर टिकी है। दूसरी ओर दोपहर बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सरकार में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक हम के नेता और गया लोकसभा सीट से चुनाव जीतने वाले पूर्व सीएम जीतन राम मांझी को केंद्र सरकार में नयी जिम्मेदारी मिल सकती है। मांझी पहली बार लोकसभा के लिए चुने गये हैं। सूत्रों के मुताबिक एनडीए के सबसे पुराने सहयोगी जदयू को केंद्र में पांच सीटें मिलने की उम्मीद है। केंद्र सरकार में पिछली दफा 2019 में जदयू की कोई भागीदारी नहीं हुई थी। बाद में मंत्रिमंडल विस्तार में आरसीपी सिंह को मंत्री बनाया गया था। माना जा रहा है कि इस बार जदयू को बड़े विभागों की जिम्मेदारी दी जा सकती है। एनडीए की दूसरी सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास के भी दो मंत्री बनाये जाने की संभावना है। पार्टी से चिराग पासवान और सबसे अधिक वोट से जीतने वाली सबसे कम उम्र की उम्मीदवार शांभवी चौधरी को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है।

# मतदान के दौरान सुबह से रात तक सतर्क रही पुलिस

निजसंवाददाता

**पटना**। मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शहर के महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस की जबरदस्त चौकसी रही। राजनीतिक दलों के कार्यालयों पर भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गए थे। जगह-जगह पुलिस के अधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई थी, वहीं पुलिस जवानों ने सोमवार की देर रात शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च किया, ताकि मतगणना के बाद शांति व्यवस्था कायम रह सके।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के बाद मतगणना को देखते हुए शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस सुबह से ही सतर्क रही। मंगलवार सुबह से ही जगह-जगह पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया था। एएन कॉलेज में मतगणना शुरू होने के साथ ही शहर में पुलिस की गश्त भी बढ़ा दी गई थी। बोरिंग रोड चौराहे से पाटलिपुत्र की तरफ जाने वाले मार्ग को पूरी तरह सील कर दिया गया था। चौराहे पर पुलिस की तैनाती करने के साथ ही राजापुर पुल, दीघा, बुद्धा कॉलोनी, गांधी मैदान, पीरबहोर, राजीवनगर, शास्त्रीनगर, एसकेपुरी, पाटलिपुत्र, जक्कनपुर, गर्दनीबाग, कंकड़बाग, कदमकुआं, सुल्तानगंज, कोतवाली थाना इलाके में पुलिस लगातार गश्ती करती रही। वहीं, डाकबंगला चौराहा, हनुमान मंदिर, पटना जंक्शन, जीपीओ गोलंबर, आयकर गोलंबर, आर ब्लॉक चौराहा सहित अन्य महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। कोतवाली थाना इलाके में ही भाजपा, राजद, जदयू, सीपीआई का कार्यालय है, जहां अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई थी। कोतवाली थाना इलाके में 150 से अधिक पुलिस कर्मियों और अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, ताकि मतगणना के दौरान होने वाले किसी प्रकार के हंगामा, विवाद से निपटा जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मनाय गया विश्व पर्यावरण दिवस

निज संवाददाता

**पटना**। विदित हो कि संपूर्ण विश्व में प्रत्येक वर्ष 05 जून को जन-सामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। मानव जनित कारणों तथा भौगौलिक कारणों से वैश्विक तापमान में विगत वर्षों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस कारण हमारी पृथ्वी- जो सिर्फ एक है के जैव-विविधता पर खतरा उत्पन्न हो रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन हेतु संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा प्रतिवर्ष एक विषय-वस्तु की घोषणा की जाती है, जिस पर सरकारें / संस्थानों द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस के लिए दिया गया थीम है:- भूमि पुनरुद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' इस अवसर पर दिनांक 05 जून, 2024 को सिंचाई भवन, हार्डिंग रोड, पटना- 800015 के समीप स्थित ''अधिवेशन भवन'' में प्रातः 09:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक वर्ग 09 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए 'पर्यावरण' विषय पर केन्द्रित एक 'क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पर्षद् के वेबसाइट पर ऑनलाईन निबंधन कराना था। अब तक कुल 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपना निबंधन करा लिया है। मुख्य कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण मध्याह्न 12:30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की विवरणी संलग्न है। श्रीमती बन्दना प्रेयषी, भा.प्र.से., सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवत्तन विभाग, बिहार सरकार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् डॉ. डीके शुक्ला द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में एस. चन्द्रशेखर, भा.व.से., सदस्य-सचिव, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया जायेगा।

### बिहार राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का अयोजन

**पटना(नि.सं.)**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति एवं इसके प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में किये गए प्रयासों पर नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एडुकेशन एवं रिसर्च के सभागार में बुधवार को अपराह्न 05 बजे से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम अपराह्न 05:00 बजे से संध्या 06:45 तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. भी. रविचन्दीरण, निदेशक राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, हाजीपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष कुमार सिन्हा, कार्यकारी निदेशक, बियाडा, पटना होंगे। कार्यक्रम में राज्य पर्षद् के वैज्ञानिक सलाहकार एसएन जायसवाल, क्षेत्रीय पदाधिकारी, पटना एके गुप्ता तथा राज्य पर्षद् के सहायक वैज्ञानिक पदाधिकारी राजीव कुमार भाग लेंगे। कार्यक्रम में हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक इकाईयों के प्रमुख / प्रतिनिधि तथा संबंधित स्थानीय पदाधिकारी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की विवरणी पार पृष्ट पर देखी जा सकती है।




# पाटलिपुत्र से लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती की जीत, भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव हारे

निज संवाददाता

**पटना**। पटना के पाटलिपुत्र सीट से राजद उम्मीदवार मीसा भारती की जीत हुई है। दो बार से सांसद रहे रामकृपाल यादव को लालू की बड़ी बेटी ने हरा दिया है। इधर, पटना साहिब में भाजपा के रविशंकर प्रसाद बढ़त बनाए हुए हैं। कांग्रेस के अंशुल अविजित पीछे चल रहे हैं।

कॉलेज में मतगणना को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही पूरे परिसर की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग की जा रही है। काफी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने 14 टेबुल पर मतगणना कराने की अनुमति ली है। एक बार में 14 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती होगी। इस बार पटना साहिब में 2131 और पाटलिपुत्र में 2159 बूथ बनाए गए थे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक संसदीय क्षेत्र पटना साहिब में 32 राउंड और पाटलिपुत्र में 23 राउंड की गिनती होगी। इस लिहाज से पहले पाटलिपुत्र लोकसभा का रिजल्ट आएगा, बाद में पटना साहिब का रिजल्ट आएगा। राज्य के हॉट सीटों में से एक पटना साहिब ने मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी व सांसद रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित के बीच माना जा रहा है। इनकी किस्मत का फैसला कुल 22,95,535 मतदाता करेंगे। जिसमें 12,08 लाख पुरुष और व 10.84 लाख महिला वोटर्स है। इस सीट पर रविशंकर प्रसाद का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। कायस्थ बहुल इस सीट पर शहरी एलिट क्लास के मतदाताओं को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। यहा लगभग 6 लाख कायस्थ यहां है। वहीं महागठबंधन ने कुशवाहा कार्ड के जरिए उन्हें घेरने की कोशिश की है। इस बार अंशुल अभिजीत को इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगियों का साथ मिला है। राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने उनके लिए प्रचार किया है।

# अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या विद्यालय में रिक्त सीटों पर 15 जून तक होगा आवेदन

निज संवाददाता

**पटना**। अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस 2 विद्यालय में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए 15 जून तक आवेदन होगा। आवेदन छठी और नौवीं कक्षा में रिक्त सीटों पर लिए जाएंगे। 10 मई को रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए तिथि जारी की गई थी। 15 मई से 20 मई तक रिक्त सीटों पर कम आवेदन प्राप्त होने के कारण पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से आवेदन की तिथि में विस्तार किया गया है। 18 जून से 20 जून अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकेंगे। वहीं 22 जून को नामांकन के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी और 25 जून को परीक्षा फल जारी कर दिया जाएगा।




### बिहार बोर्डः डमी एडमिट कार्ड में आज से करें सुधार

**पटना (नि.सं.)**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति सिमुलतला आवासीय विद्यालय की कक्षा 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए डमी एडमिट कार्ड पांच जून को जारी करेगा। डमी एडमिट कार्ड में त्रुटि सुधार वेबसाइट https://www.bsebsimultala.com पर जाकर आठ जून तक कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने यूजर आइडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर डमी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अवलोकन कर लेंगे। डमी एडमिट कार्ड में माता-पिता का नाम, जाति कोटि, दिव्यांगता स्थिति एवं फोटो में यदि किसी प्रकार की त्रुटि होती है तो अभ्यर्थी आठ जून तक त्रुटि सुधार कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की ओर से परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थी चार जून तक परीक्षा शुल्क की राशि जमा कर सकते हैं। चार जून के बाद परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### पांच कंट्री मेड अवैध हथियार बरामद, दो बाइक हुई जब्त

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत सीता कुंड स्थित पंचदेव धाम मोड से सोमवार अहले सुबह पांच कंट्री मेड अवैध हथियार सहित दो बाइक बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि अहले सुबह दो बाइक पर सवार पांच युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े थे। डायल 112 बाइक पर सवार पैंथर सिपाही संजीव कुमार और प्रभात कुमार को देखते ही सभी युवक बाइक छोड़ कर भागने लगे। जिसके बाद बाइक की तलाशी ली तो बाइक पर रखे बोरे से कंट्री मेड पांच थर्नेट अग्नेयास्त्र बरामद हुए। आशंका जताई जा रही है कि तस्कर इस हथियार की बिक्री के लिए खरीदार का इंतजार कर रहा था।

### फतेहपुर में पुलिस पर हमला करने के मामले दो महिला गिरफ्तार

**फतेहपुर**| फतेहपुर थाना क्षेत्र के गझण्डा में पोस्टमार्टम के लिए महिला के शव को कब्जे में लेने व शव को जलाने से रोकने गई पुलिस पर हमला करने के मामले में पुलिस ने दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर किया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पर लाठी, डंडा, बांस, कुदाल व रोड़ा से हमला किये जाने में शामिल हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिए गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

### बालू उठाव के विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच बवाल

**शेरघाटी।** शेरघाटी सोमवार को शेरघाटी थाने के चांपी बालू घाट पर बालू उठाव के विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच बवाल हो गया। करीब तीन घंटा तक चांपी बालू घाट रणक्षेत्र बना रहा। ग्रामीणों की ओर से ईट पत्थर से पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया। जिसमें एसआई समेत पांच पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। वहीं बालू ठेकेदार के गुर्गे और पुलिस की लाठीचार्ज से आधा दर्जन ग्रामीण भी घायल बताए जाते हैं। इधर एसएचओ सह ट्रेनी आईपीएस शिवम धाकड़ ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पुलिस पर हमला किया गया है। आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है। इधर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे स्थानीय पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि ग्रामीणों की मांग जायज है। पुलिस के सह पर बालू ठेकेदार के गुर्गे ग्रामीणों पर कहर बरपा रहे हैं। जो कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। चांपी बालू घाट पर बालू उठाव का ग्रामीण विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि बालू उठाव के कारण भूजल स्तर बहुत नीचे चला गया है। जिससे पेयजल संकट खड़ा हो गया है। खेतों की सिंचाई पर भी आफत आ गई है। किसान फसल उत्पादन नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ बालू उठाव से नदी में बेतरतीब गड्ढे बन रहे हैं। जिससे आसपास के लोगों को डूबने से जान जाने की आशंका है। आसपास के बालू घाटों पर बन गड्ढे में डूबने से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसी को लेकर रविवार के शाम में बालू घाट पर बवाल हुआ था। ग्रामीणों के विरोध के कारण दूसरे दिन यानी सोमवार को बालू ठेकेदार और पुलिसकर्मी बालू घाट पर पहुंचे लेकिन बातचीत से हल नहीं निकल सका। फिर ग्रामीण बालू घाट पर ही आंदोलन करने लगे और देखते ही देखते बालू ठेकेदार के गुर्गे और ग्रामीणों में भिड़ंत हो गई। पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया गया। फिर पुलिस वालों ने भी लाठी भांजना शुरू र दी। करीब तीन घंटा तक चांपी बालू घाट रणक्षेत्र बना रहा। इस दौरान आधा दर्जन ग्रामीण जख्मी हो गए और एसआई भूलन सिंह यादव समेत पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए।

### पीड़िता ने दुष्कर्म मामले में अभियुक्त की पहचान की

**गया।** नाबालिग पीड़िता ने दुष्कर्म के मामले में कोर्ट में अभियुक्त की पहचान की । उसने पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज असिताभ कुमार की अदालत में जेल में रहे अभियुक्त प्रेमचंद कुमार के खिलाफ गवाही दी । वह आमस थाना क्षेत्र का रहने वाला है । पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक कैसर सरफुद्दीन ने बताया कि पीड़िता दुष्कर्म के पश्चात गर्भवती हो गई थी । चार माह बाद उसकी मां ने घटना की जानकारी होने पर अभियुक्त के खिलाफ 17 जुलाई 23 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी । पीड़िता के गूंगी रहने के कारण अनुवादक के माध्यम से उसकी गवाही कराई गई ।अभियुक्त इस मामले में 18 जुलाई 23 से जेल में है । उसकी जमानत की अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है । मामला महिला थाना से संबंधित है ।

### चोरी करते रंगेहाथ युवक धराया

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जनकपुर मधुमति आश्रम के निकट से चोरी करते एक युवक को स्थानीय लोगो ने धर दबोचा और पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।युवक की पहचान गांधी नगर निवासी सुनील पासवान के रूप में हुई।पुलिस अधिकारी ने बताया की युवक के पास से दो मोबाइल बरामद हुए है।जिसकी छानबीन किए जा रहे है।इस संबंध में स्थानीय लोगो ने कहा कि आए दिन हो रहे घटनाओं को लेकर लोग चौकन्ने थे।देर रात दो युवक एक घर में घुस गए। शोर होने के बाद एक पकड़ा गया वही दूसरा छत से कूद कर भाग निकलने में कामयाब रहा।नाम नही छापने के शर्त पर पुलिस अधिकारी ने कहा कि युवक गलत इरादे से घर में घुसा था।पुलिस पूछताछ में जुटी है।

### पुलिस के सामने पिस्टल लहराने के मामले में बदमाश की हुई पहचान

**गया।** कोतवाली थाना क्षेत्र में नई गोदाम मछली मोड़ पर रविवार की देर शाम पुलिस के सामने पिस्टल लहराने के मामले में एक बदमाश की पहचान हो गई है। पिस्टल लहराने वाला बदमाश नई गोदाम मोहल्ले का ही रहने वाला है। पुलिस विकास व अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। घटना रविवार की देर शाम उस समय हुई थी, जब एक बाइक पर सवार चार युवकों को रोककर पुलिस उनसे उठक-बैठक करवा रही थी। उसी समय एक व्यक्ति ने पुलिस पर एक पत्थर फेंका, जो कोतवाली थाना के एसआई दिलीप चंद्र सिंह के होंठ पर जा लगा। इससे उनका होंठ फट गया। इसकी सूचना तत्काल कोतवाली थाना को दी गई। पुलिस ने जब पत्थर फेंकने वाले को पकड़कर थाना ले जाने के लिए गाड़ी में बिठाया, उसी समय एक युवक पुलिस के सामने पिस्टल लहराते हुए उस व्यक्ति को छोड़ने के लिए कहने लगा। उसी समय सूचना पर कोतवाली थाना से बाइक सवार पुलिस दस्तों के पहुंचने पर पिस्टल लहराने वाला शख्स मछली मोड़ से बंगला स्थान की ओर भाग निकला। भागते हुए वह पिस्टल लहराते ही जा रहा था।

### तबीयत बिगड़ने से बीसैप कंपनी के हवलदार की मौत

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना इलाके में ड्यूटी पर तैनात किए गए बीसैप कंपनी के हवलदार की तबीयत बिगड़ने से रविवार की रात मौत हो गई। मृतक जहानाबाद जिला के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के चाड़ गांव निवासी कपिलदेव शर्मा के 50 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार रोहतास बीसैप कंपनी में तैनात थे। मौत के बाद परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई। सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि जवान मतगणना के दौरान विधि-व्यवस्था के मद्देनजर इलाके में तैनात किए गए थे। रविवार को ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें दस्त होने लगा। तब उन्हें इलाज के लिए निजी क्लिनिक ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### छात्र को हरनौत बाजार में पीटा, जख्मी

**हरनौत।** चेरो ओपी क्षेत्र के मुसहरी गांव निवासी छोटे लाल का 14 वर्षीय पुत्र राजीव हरनौत में पढ़ने आया था। वह दसवीं का छात्र है। कोचिंग में पढ़ने के बाद वह बाजार की ओर गया था। वहां उसके गांव के ही कुछ लड़कों ने पकड़ लिया और रॉड आदि से जमकर पिटाई कर दी। एक किशोर को बेरहमी से पिटता देख बाजार के लोग गुस्सा हो गये। उनके तेवर देख बदमाश भाग गये। इधर घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। उन्होंने छात्र को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां उसका इलाज किया गया। उसके पीठ पर गंभीर चोटें हैं। छात्र के भाई कन्हैया ने बताया कि पीटने वाले गांव के ही हैं। वे अक्सर बदमाशी करते हैं। विरोध करने पर मारपीट कर देते हैं। इसकी एफआईआर करेंगे।

# गया लोकसभा में जीतन राम मांझी की हुई जीत, राजद के कुमार सर्वजीत की हुई हार

**निज संवाददाता। गया**



गया लोकसभा चुनाव के मतों की गिनती पूरी हो गई है। 26 रांउड की गिनती के बाद एनडीए उम्मीदवार सह हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी की जीत हुई है। वहीं, इंडिया गठबंधन सह राजद के उम्मीदवार कुमार सर्वजीत की हार हुई है। जीतन राम मांझी को 4,92,732 वोट मिले। जबकि, कुमार सर्वजीत को 3,90,469 मत मिले हैं। मांझी की 1,02,663 वोटों के अंतर से जीत हुई है मतगणना परिसर में कंट्रोल रूम से सीसीटीवी से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। गया लोकसभा के तहत आने वाले 6 विधानसभा गया सदर, वजीरगंज, बेला, शेरघाटी, बाराचट्टी, बोधगगया की मतों की गिनती के लिए 14 टेबल बनाए गए हैं। खास बात यह भी की हर एक विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती गया कालेज गया के परिसर में स्थित अलग अलग बिल्डिंग में हो रही है। कुल 84 टेबल हैं।सबसे पहले पोस्टल और सेवा बैलेट की गिनती होगी। इसके बाद सभी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-1 से इवीएम की गिनती शुरू होगी। प्रत्येक विधानसभा को मिला कर 900 से अधिक बूथ हैं। प्रत्येक राउंड की गिनती के लिए प्रत्येक विधानसभा वार 14 -14 टेबल बनाये गए हैं। यानी कुल 84 टेबल पर पहले राउंड में 84 बूथों की गिनती शुरू होगी। कुल मिलाकर 12 रांउड की गिनती होगी।

**कड़ी जांच के बाद काउंटिंग एजेंट का प्रवेशः** मुख्य द्वार पर कड़ी जांच के बाद सिर्फ काउंटिंग एजेंट को प्रवेश करने दिया जा रहा है। मोबाइल, किसी प्रकार के छोटे-बड़े हथियार, तंबाकू, गुटखा ले जाने पर रोक है। मतगणना को लेकर चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम और एसएसपी पल-पल की गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।19 अप्रैल को गया लोकसभा का मतदान हुआ था। मतदान का प्रतिशत 52 प्रतिशत रहा था। 2024 लोकसभा चुनाव में कुल 1816815 मतदाता थे, जिसमें से पुरुष 944230 और महिलाएं 872565 थीं। गया जिला अंतर्गत कुल मतदाता 30 57738 हैं। गया लोकसभा एक रिजर्व सीट है, जो लम्बे समय से चला आ रहा है।

**दो के बीच टक्करः** गया में एनडीए के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के बीच है। दोनों के बीच कांटे की टक्कर है। पूर्व में जीतन राम मांझी गया लोकसभा से तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार वे हार चुके हैं लेकिन इस बार एनडीए के साथ होने की वजह उनके पक्ष में मोदी लहर का थोड़ा असर है।

**❒ 26 राउंड की पूरी हुई गिनती**

- 26 वें राउंड में हम उम्मीदवार जीतन राम मांझी की जीत हो गई है, मांझी को 1,02,663 वोटों से जीत हुई है,14 वें राउंड में जीतन राम मांझी 5815 मत से आगे
- मांझी को 3,08505 मत मिले हैं, कुमार सर्वजीत को 249690, 12 वें राउंड में जीतन राम मांझी को 264225 मत मिले, कुमार सर्वजीत को 2,13029 वोट मिले हैं, 51,196 मतों से आगे चल रहे हैं जीतनराम मांझी
- गया लोकसभा में आठवें राउंड का फाइनल, मांझी आगे चल रहे हैं, कुमार सर्वजीत 137967, जीतन राम मांझी 18,4784
- जीतन राम मांझी 46817 वोट से आगे चल रहे हैं, जीतनराम मांझी 39,971 मतों से आगे चल रहे हैं
- छठे राउंड की गिनती खत्म होने पर जीतन राम मांझी आगे, जीतन राम मांझी 1,40,933 मत मिले हैं, कुमार सर्वजीत को 1,00962 मत
- पहले राउंड की गिनती खत्म होने पर जीतन राम मांझी आगे, जीतन राम मांझी 7889 वोट से आगे चल रहे हैं
- जीतन राम मांझी को 21867 मत पहले राउंड में पाए हैं, इंडी गठबंधन के कुमार सर्वजीत 13978 वोट पहले राउंड में पाए हैं
- सीसीटीवी से हर गतिविधि पर नजर

## बरनवाल सेवा सदन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

**निज संवाददाता। गया**




शहर के श्री बरनवाल सेवा सदन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के अध्यक्ष सह जदयू नेता राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत महाराज अहिबरन के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन के साथ किया गया। इसके बाद मुख्य चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ प्रसाद, मनोज कुमार एवं सुरेंद्र प्रसाद द्वारा गत 28 अप्रैल को चुनाव में विजयी उम्मीदवार नारायण प्रसाद (अध्यक्ष), कंचन कुमार (सचिव), शिवनाथ प्रसाद (कोषाध्यक्ष) को प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें अपने पद की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नारायण प्रसाद ने अन्य 18 कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनयन पत्र सौंपते हुए शपथ दिलाया। समापन सत्र में सचिव कंचन कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन पेश किया गया। मंच संचालन हिमांशु गौरव ने किया। मौके पर द्वारिका प्रसाद, विष्णुदेव प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, प्रमोद कुमार, बिनोद कुमार, गौरी शंकर प्रसाद, जितेंद्र कुमार, संगीता देवी, मीना देवी, सोनी गुप्ता, बैजनाथ प्रसाद, बालो प्रसाद, संजय प्रकाश, सतीश कुमार, नागेंद्र कुमार, आलोक बरनवाल, राजेश कश्यप, अमित बरनवाल, सुबोध कुमार, अजय कुमार, अमरनाथ कुमार आदि मौजूद थे।

## शेरघाटी में पुलिस पर जमकर की रोड़ेबाजी, लाठीचार्ज में कई घायल



**निज संवाददाता। फतेहपुर**

फतेहपुर थाना क्षेत्र के गझंडा गांव में सोमवार की सुबह कुएं में गिरकर महिला की मौत हो जाने की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेने व शव को जलाने से रोकने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया। लाठी, डंडा, रोड़ा व कुदाल के हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया गया। जहां से एसआई मुन्ना कुमार को बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि गझंडा गांव में रविवार को परवेज मांझी की 30 वर्षीय पत्नी की मौत कुएं में डूबने से हो गई थी। परिवार व गांववाले महिला के शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। इस समय इसकी सूचना ग्रामीणों से फतेहपुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह को मिली। सूचना पर थानाध्यक्ष ने तत्काल पुलिस टीम को गझण्डा गांव भेजा। जब पुलिस गांव पहुंची तो लोग महिला के शव को लेकर श्मशान घाट जा चुके थे। फिर पुलिस श्मशान घाट पहुंची तब तक चिता में भी आग लग गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने की बात कह शव को जलाने से रोकने का प्रयास किया। इतने में आक्रोशित ग्रामीणों ने लाठी, डंडा, रोड़ा, कुदाल से पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एसआई मुन्ना कुमार, एएसआई चंदेश्वर प्रसाद, हवलदार विजय किशोर राय, सिपाही विजय कुमार व सिपाही अशोक कुमार घायल हो गए। ग्रामीणों ने एसआई मुन्ना कुमार का मोबाइल भी छीन लिया। इधर, पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के जानलेवा हमले से बचते हुए किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां सीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने घायलों का इलाज किया। उन्होंने एसआई मुन्ना कुमार को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर कर दिया। बाकी घायलों का इलाज सीएचसी फतेहपुर में ही किया गया। एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस कैम्प कर रही है। आरोपितों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्हें किसी भी हालत में बख्सा नहीं जाएगा।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर का 6 जून को पूर्णिया दौरा, धर्म संस्कृति संगम का करेंगे उद्घाटन

**निज संवाददाता। नालंदा**



बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव 6 जून गुरुवार को नालंदा आएंगे। वे खुला विश्वविद्यालय, नालंदा में आयोजित धर्म संस्कृति संगम कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग हिस्सों से नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.कृष्णचंद्र सिन्हा करेंगे। समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में RSS के वरिष्ठ प्रचारक डॉ.इन्द्रेश कुमार शामिल होंगे। इस अवसर पर सर्वधर्म सम्भाव का भारतीय संदर्भ एवं वैश्विक महत्व विषयक सेमिनार में वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किया जाएगा। धर्म संस्कृति संगम और नालंदा खुला विश्वविद्यालय, नालंदा के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व के सभी धर्मों में समन्वय स्थापित करना है। धर्म के मौलिक सिद्धांतों और मूल्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है।

# गौरव के क्षण : बत्रा बटालियन ने लगातार दूसरी बार हासिल किया कमांडेंट बैनर

**निज संवाददाता। गया**



ओटीए में शनिवार को आयोजित होने वाली 25वीं पासिंग आउट परेड से पहले सोमवार को कमांडेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान ओटीए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल परमजीत सिंह मिन्हास ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया। जानकारी हो कि 25वीं पासिंग आउट परेड के दौरान टीईएस-43 के 58 और एससीओ-52 के 60 कैडेट्स कमीशन प्राप्त करेंगे। कमीशन प्राप्त करने वाले 118 सैन्य अधिकारियों में भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में शामिल होंगे। वहीं टेक्निकल इंट्री स्कीम-49 के 88 कैडेट्स जो यहां एक साल का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। वे आगे के तीन साल के प्रशिक्षण के लिए पुणे, मऊ और सिकंदराबाद जाएंगे। आयोजित होने वाले पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रुप में देश के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा ऑफिसर कैडेट्स के माता-पिता और गणमान्य व्यक्ति आयोजित समारोहों के साक्षी बनेंगे। इसके अलावा पूर्व सैन्य अधिकारियों सहित उनके परिजन व गया के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को भारतीय सेना की संस्कृति से परिचित कराने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा और डिजीटल मीडिया पर व्यापक रुप से साझा भी किया जाएगा। गया किसी चीज को प्राप्त करने के लिए आप कितनी तकलीफों से गुजरते हैं। दुनिया को इससे कोई मतलब नहीं है। दुनिया सिर्फ सफलता देखती है। उक्त बातें ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल परमजीत सिंह मिन्हास ने सोमवार को कमांडेंट अवार्ड सेरेमनी के दौरान ऑफिसर कैडेट्स को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन आती नई टेक्नोलॉजी के कारण युद्ध का तरीका बदलता जा रहा है। इसलिए यह जरुरी है कि हम नए टेक्नोलॉजी से अपडेट रहे। यही हमें वर्तमान युद्ध के तरीकों से अपडेट रख सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में हार-जीत और सफलता-विफलता से परेशान होने की जरुरत नहीं है। यह सभी चीजें हमें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना विश्व के सर्वश्रेष्ठ सेवाओं में एक है। यह हमें देश की सेवा का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि ओटीए गया ऑफिसर कैडेट्स को सैन्य अधिकारी के साथ-साथ एक लीडर भी बनाता है। जो शारीरिक और मानसिक रुप से काफी मजबूत हैं। और, अपने कर्तव्य के प्रति कोई भी निर्णय लेने में सक्षम होते हैं।सोमवार को आयोजित कमांडेंट अवार्ड सेरेमनी के दौरान प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ऑफिसर कैडेट्स को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वहीं बेस्ट स्पोर्ट्समैन ऑफिसर कैडेट के लिए रेजांग्ला कंपनी के कंपनी सार्जेंट मेजर बपोन पॉल को द डायरेक्टर जनरल राष्ट्रीय राइफल्स ट्रॉफी व गढ़वाल राइफल्स सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। वहीं तिथवाल कंपनी के जूनियर अंडर ऑफिसर अनिरुद्ध प्रताप सिंह को मराठा लाइट इंफैंट्री ट्रॉफी व कमांडेंट सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। जबकि गुरेज कंपनी के बटालियन कैडेट धन बहादूर गुरुंग को इंफैंट्री डायरेक्ट्रेट सिल्वर मेडल तथा सिक्ख रेजीमेंट सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। इसके अलावा फॉरेन ऑफिसर कैडेट लाई कुआंग दाई को इंडियन आर्मी ब्राँज मेडल, रेजांग्ला कंपनी के जूनियर अंडर ऑफिसर अनिल कुमार को महार रेजीमेंट ट्रॉफी व कमांडेंट सिल्वर मेडल तिथवाल कंपनी के ऑफिसर सन्नी देओल को द ब्रिगेड ऑफ गार्ड्स मेडल, रेजांग्ला कंपनी के बटालियन अंडर ऑफिसर आर्यवर्द्धन सिंह को साउर्थन कमांड ट्रॉफी, आर्मी आर्डिनांस कॉर्प्स मेडल तथा जेनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ आर्टैक सिल्वर मेडल, रेजांग्ला कंपनी के एसीए जगसीर सिंह को सिल्वर मेडल, द जाट रेजीमेंटल सिल्वर मेडल, कमांडेंट सिल्वर मेडल व इस्टर्न कमांड ट्रॉफी एवं तिथवाल कंपनी के अकादमी अंडर ऑफिसर सव्यसाची सोनी को जेनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ आर्टैक गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रीजा यादव की मृत्यु समाज के लिए अपूरणीय क्षति : महासभा

**आरा**। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने श्री कृष्ण चेतना समिति सभागार में तारा चक निवासी मेधा यादव के पुत्र ब्रीजा यादव उर्फ हरियाली बाबा की मृत्यु पर शोक सभा हुआ। अध्यक्षता यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने किया। यादव रामसकल सिंह भोजरिया ने कहा कि हरियाली बाबा, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, उनके पुत्र चौधरी अजित सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के साथ रह चुके हैं। हरियाली बाबा एक राजनीति सन्त थे, वे 1984 में पूर्व सांसद राम अवधेश सिंह से प्रभावित होकर नौकरी छोड़कर राजनीत में आये थे। वे लगभग15वर्ष तक घर नही आये, 1990में वे मुलायम सिंह यादव के सम्पर्क में आये तब से वे उनके साथ रहते हुए अपना सारा जीवन व्यतीत किया। उनकी मृत्यु से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

### डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव को लेकर विभाग अलर्ट मोड में

**आरा**। बरसात से पहले ही स्वास्थ्य विभाग डेंगू एवं चिकनगुनिया के प्रति अलर्ट हो गया है। डेंगू एवं चिकनगुनिया की जांच अब एलाइजा रीडर से किया जाएगा। ताकि डेंगू एवं चिकनगुनिया की पहचान सटीक हो सके। निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से भोजपुर जिला से दो डॉक्टर और दो लैब टेक्नीशियन को प्रशिक्षित करने के लिए सूची मांगी गई है। एसीएमओ सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ केएन सिन्हा ने बताया कि उपाधीक्षक डॉ अरुण कुमार डॉक्टर और डॉ लैब टेक्नीशियन की सूची तैयार कर रहे हैं। तैयार लिस्ट को राज्य स्वास्थ्य समिति को भेज दी जायेगी। प्रशिक्षित डॉक्टर व टेक्नीशियन जिला के अन्य डॉक्टर और कर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे, ताकि डेंगू एवं चिकनगुनिया को जिला स्वास्थ्य विभाग आसानी से नियंत्रित कर सके। चिकनगुनिया के दर्द को कम करने के लिए डॉक्टर की सलाह से ही दवा लेना चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए मॉस्किटो रिपेलेंट का उपयोग करना, वायरस से संक्रमित मच्छरों के काटने से बचना, और आस-पास की जल स्थितियों को स्वच्छ रखना जरूरी है। चिकनगुनिया के मरीजों को पोषण से भरपूर आहार, फल, सब्जियां, दूध, दही, और पूरे अनाज का सेवन करना चाहिए। चिकनगुनिया एक मौसमी बीमारी है जो एडीज एजिप्टी मच्छर और एडीज एल्बोपिक्टस मच्छर के काटने से होता है।इसे एक अल्फावायरस भी खा जाता जाना जाता है। वायरस वाला मच्छर किसी व्यक्ति को काटता यही तो चिकनगुनिया इंफेक्शन होता है। यह वायरस शारीरिक संपर्क या लार के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। हालांकि, यह ब्लड ट्रांसमिशन के माध्यम से फैल सकता है। चिकनगुनिया एक प्रकार के परजीवी के कारण होता है जो हमारे शरीर में खास प्रकार के मच्छरों के काटने से प्रवेश करता है। मॉनसून के समय जमा होने वाले पानी, गड्ढे, पानी की टंकी, फ्रीज, कूलर व बेकार पड़े बर्तन जमा पानी में मच्छर के प्रजनन से होता हैं। इनके प्रजनन को नियंत्रित करने के लिए जमाव पानी की सफाई जरूरी है। प्रत्येक वर्ष खोज अभियान चलाया जाता है।

### मारपीट के आरोपित पति को कोर्ट ने दी चेतावनी

**बक्सर**। मारपीट के मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी 12 प्रतीक मिश्रा की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपित पति को मारपीट का दोषी पाया। अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि 6 नवम्बर 2010 को नावानगर थाना क्षेत्र वासुदेवा कोईरी टोला के विक्रम प्रसाद अपनी पत्नी शोभा देवी के साथ मारपीट किया था। न्यायाधीश प्रतीक मिश्रा ने गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को दोषी पाया ।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो घायल

**कोईलवर**। गीधा थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया गांव के समीप रविवार को अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो दोस्त जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी संजीव कुमार और उसी गांव के निवासी राहुल कुमार है।

### विवाद में युवक को मारी गोली, घायल

**आरा**। चांदी थाना के मठिया पुर गांव के पास पूर्व के विवाद में हुई फायरिंग में एक युवक को गोली लग गई। जिससे युवक घायल हो गया। घायल युवक संदेश थाना क्षेत्र के प्रताप पुर गांव निवासी 22 वर्षीय अभिराज सिंह है। गोली युवक के सीने के पास लगी है। घटना के बाद घायल युवक का इलाज आरा के एक निजी क्लिनिक में कराया जा रहा है। संदेश थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र के प्रताप पुर गांव का रहने वाला एक युवक को चांदी थाना के मठिया पुर गांव के पास पूर्व के विवाद में गोली लगी है। घायल युवक के परिवार के तरफ से अभी तक घटना से संबंधित किसी प्रकार का आवेदन नही मिला है।

### निरीक्षण के दौरान डीईओ ने वार्डन की लगाया फटकार

**आरा**। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पीरो का जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) अहसन ने सोमवार को निरीक्षण किया। रविवार को दोपहर में जिन 20 छात्राओं की तबियत बिगड़ गई थी उनसे बातचीत की। छात्राओं ने अपनी बेबसी को बया करते हुए बताया कि सर बहुत गर्मी और उमस है। पंखा तक नहीं है। छात्रों की बात सुनने के बाद वार्डन सहित अन्य को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने फटकार लगाया। तुरंत कस्तूरबा में सात कुलर लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही इनवर्टर को तुरंत ठीक करने को कहा।गौरतलब हो कि छात्राओं में ब्यूटी कुमारी (12वर्ष) गोल्डी कुमारी (13वर्ष) दोनों (पीरो थाना क्षेत्र के विजन टोला निवासी), सलोनी कुमारी (15वर्ष) अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अयना टोला की निवासी, आशा कुमारी(12 वर्ष) तरारी थाना के जेठवार गांव की निवासी, प्रिती कुमारी (10वर्ष) पीरो के बचरी की निवासी, खुशी कुमारी (10वर्ष) पीरो के लमारी टोला की है। रेशमा कुमारी (14वर्ष) हसन बाजार ओपी के तेतरडीह गांव की, रितु कुमारी (13वर्ष) शिवपुर, प्रिया कुमारी (11वर्ष) गोविंदडीह, रंजनी कुमारी (13वर्ष) धानपोखर, राजनंदनी कुमारी (13वर्ष), चरपोखरी थाना के मकुन्दपुर गांव निवासी, अंजली कुमारी (12 वर्ष) जितौरा,अंशु कुमारी (14वर्ष) तेतरडीह, प्रियांशु कुमारी (12 वर्ष) जगदीशपुर थाना क्षेत्र के टिकठी गांव निवासी है। रागनी कुमारी (12वर्ष) हाटपोखर, नंदनी कुमारी (12वर्ष) बक्सर जिले के निरंजनपुर की निवासी, पिंकी कुमारी (12 वर्ष) तेतरडीह, अंजली कुमारी (10वर्ष) धानपोखर, पूजा कुमारी (10वर्ष) तरारी के इटहुरी और मनिषा कुमारी (18वर्ष) गोविंदडीह गांव निवासी की तबियत अचानक खराब हो गई थी।

### डॉक्टर आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 35 लोगों का इलाज



**गड़हनी**। डॉक्टर आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत गड़हनी प्रखण्ड के बगवां दलित टोला में शिविर लगा क़रीब 35 मरीजों का जांच कर दवा दिया गया। इलाज चिकित्सक सुशील कुमार सिंह के द्वारा किया गया। सभी मरीजों का जांच कर दवा दिया। ज्यादा मरीज सर्दी जुकाम, बुखार, पैर में दर्द का आये थे जिनको दवा देकर उचित सलाह दिया गया। जो मरीज ज़्यादा रोगों से ग्रसित थे उनको बढ़िया डॉक्टर को दिखाने को कहा गया। बता दे कि आरा के सांसद आर के सिंह के पहल पर ये कार्यक्रम शुरू की गई थी। जिससे दलितों के दरवाजे पर डॉक्टर जाकर उसका आसानी से इलाज किया जा सके। इस मौके पर एएनएम गीतांजलि कुमारी, फार्मासिस्ट प्रभास कुमार, कार्डिनेटर सोनू कुमार गुप्ता, विशाल सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

# कोईलवर-छपरा सड़क पर लगा महाजाम, परेशानी

निज संवाददाता। कोईलवर

लोकसभा चुनाव का प्रेशर खत्म हुआ तो जाम का प्रेशर बढ़ा। कोईलवर-छपरा सड़क पर सोमवार को महाजाम रहा। जिसके कारण आम राहगीरों सहित वाहन जाम में फंसे दिखे व हल्कान रहे। सकड्डी से मनभावन होटल तक नेशनल हाइवे पूरी तरह जाम रहा। मनभावन होटल से छपरा तक बालू लदे वाहनों से आरा-छपरा सड़क जाम रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन को जाम छुड़ाते देखा गया। पुलिस को जाम छुड़ाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बहरहाल, आरा-छपरा फोरलेन पर राज्य सरकार के सुलभ आवागमन के आदेश की धज्जियां उड़ रही हैं। लाख प्रयासों के बावजूद न तो बालू लदे ओवरलोडिंग ट्रकों व ट्रैक्टरों का परिचालन ही बेहतर हो पाया है और न ही एकतरफा सड़क पर दोनों ओर से वाहनों के परिचालन का सुलभ उपाय ही प्रशासन के पास है। नतीजतन इस सड़क पर जाम खत्म होने का नाम नही ले रहा है। फोरलेन का पश्चिमी रास्ते के नवनिर्माण के कारण फोरलेन के पूर्वी रास्ते से ही दोनों दिशाओं से वाहनों का परिचालन कराया जा रहा है जिससे पूरी यातायात चरमरा गई है। फोरलेन पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों का चलना भी मुश्किल हो गया है।बालू के परिचालन शुरू होने के बाद से कोईलवर मनभावन होटल से लेकर बबुरा तक भारी वाहनों के परिचालन से जाम का नजारा देखने को मिल रहा है। सड़क पर छोटी-बड़ी गाड़ियों की लगी रही लंबी कतार सोमवार को सड़क पर छोटी बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। जाम की स्थिति को देखते हुए लोगों को अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी तो वहीं कईयों ने लिंक रोड का भी सहारा लिया। स्थानीय लोगों ने आरा-छपरा फोरलेन पर जिला प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही के बाबत कहा की जिला प्रशासन ने बालू का परिचालन बंद होने के दौरान सड़क बनवाने की कोई सुधि नहीं ली। लोगों ने कहा की जब प्रशासन ने ओवरलोडिंग पर रोक लगाने की कवायद की है तो फिर फोरलेन के पश्चिमी लेन को पीसीसी कराने का कोई मतलब ही नहीं था। उसे तत्काल कालीकरण करा पूर्वी भाग की सड़क चालू रखने की कवायद की जानी चाहिए थी। अलबता, आज जाम से लोग हलकान रहें वहीं जाम में बड़े वाहन फंसे रहे। जाम का मुख्य कारण बबुरा से डोरीगंज पुल तक सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है। जिस कारण सड़क वन वे हो जाता है। दोनों तरफ से गाड़ियां आती जाती है व जाम लग जाता है। इस दौरान गाड़ियां खराब भी हो जाती है। वैसे पुलिस जाम छुड़ाने में जुटी हुई है। चांदी के तरफ से आने वाले बालू लोडेड ट्रकों को लगभग दो घंटों से रोका गया है।



# 6 को वट सावित्री व्रत करेंगी महिलाएं, सूर्योदय से लेकर शाम तक होगी पूजा

निज संवाददाता। बक्सर

- वट सावित्री पूजा पर कई महिलाएं फलाहार का उपवास भी रखेंगी।
- वट वृक्ष की पूजा से मां सावित्री और त्रिदेव का आशीर्वाद सुहागिनों को मिलता है।

सुहाग की लंबी आयु का महापर्व वट सावित्री पूजा 6 जून को है। बुधवार को नहाय-खाय के साथ व्रती इस पर्व की विधिवत शुरूआत करेंगी। गुरुवार को वट सावित्री पूजा पड़ने से एक संयोग भी बन रहा है। सूर्य मंदिर के पुजारी ज्योतिषाचार्य आशुतोष पांडेय व नवीन चंद्र मिश्र वैदिक ने बताया कि इस बार अमावस्या तिथि पांच जून की शाम से शुरू हो रही है, जो छह जून की शाम तक है। सुहागिन महिलाएं छह जून को सूर्योदय बाद से वट वृक्ष की पूजा कर सकती हैं। हालांकि ब्रह्म मुहूर्त से लेकर अभिजीत मुहूर्त में पूजा करना विशेष फलदायक है। अभिजीत मुहूर्त दिन में 11:30 से 12:24 बजे तक है। वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष में जल, फूल, प्रसाद व पंखा कर रक्षा सूत्र धागा बांध अपने पति की लंबी आयु की कामना करेंगी, साथ ही वट वृक्ष के नीचे बैठ सावित्री और सत्यवान की कथा भी सुनेगी। इसके पश्चात चना, शक्कर, पकवान, मिष्ठान प्रसाद के रूप में वितरण करेगी। वट सावित्री पूजा पर कई महिलाएं फलाहार का उपवास भी रखेंगी। वट वृक्ष की पूजा से मां सावित्री और त्रिदेव का आशीर्वाद सुहागिनों को मिलता है। आचार्य ने बताया कि वट सावित्री पूजा सुहागिनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। सूर्योदय से लेकर शाम तक पूजा करने का शुभ समय है। इस दिन रुई, नमक और मुली का स्पर्श नहीं करना चाहिए। पूजा अर्चना के बाद ब्राह्मणों को सौभाग्य की सामग्री दान करें। वट वृक्ष की पूजा कर महिलाएं 108 परिक्रमा करें। मनवांछित फल की प्राप्ति होगी। वहीं सात जून को पारण कर सुहागिन महिलाएं पर्व का विधिवत समापन करेगी। यह दिन भगवान श्री नारायण व मां लक्ष्मी को समर्पित है। सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा के साथ भगवान श्री हरि व मां लक्ष्मी की भी आराधना अवश्य करें। इधर वट सावित्री पूजा को लेकर शहर के बाजारों में पंखा से लेकर पूजन सामग्री का बाजार सज गया है। महिलाओं द्वारा खरीदारी भी शुरू कर दी गई है। कपड़ों से लेकर श्रृंगार की दुकानों में इनकी भीड़ देखने को मिल रही है। खास कर नवविवाहिता इस पर्व को लेकर खासा उत्साह में है। खरीददारी का क्रम अभी से शुरू हो गया है।

# कुपोषित बच्चों को दी जाएगी आयरन की गोली

निज संवाददाता। बक्सर

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का सपना तभी संभव हो सकेगा, जब जिले को एनीमिया को मुक्त किया जा सके। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर कवायद शुरू कर दी गई है। जिसके तहत जिले की सभी आशा कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्रों में कुपोषित व एनीमिया के लक्षण वाले बच्चों को चिह्नित करना है। साथ ही, उम्र और वर्ग के अनुसार सभी बच्चों के बीच आयरन फॉलिक एसिड की गोलियां व सिरप का वितरण करने का निर्देश दिया गया है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होते ही इस अभियान को गति दी जाएगी। ताकि, छह माह से लेकर 19 साल तक के बच्चों और किशोरियों को एनीमिया की चपेट में आने से बचाया जा सके। सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि एनीमिया खून की कमी से होने वाली बीमारी है। जो किसी भी उम्र में व्यक्ति को अपनी चपेट में ले सकता है। लेकिन, इसकी चपेट में बच्चे, किशोरियां व गर्भवती महिलाएं ही सबसे ज्यादा आते हैं। ऐसे में उनको एनीमिया से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस विभाग तत्पर है। जिसके तहत इस वित्तीय वर्ष में भी एनीमिया से बचाव के लिए जिले के पात्र लाभुकों के बीच आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियां व सिरप का वितरण किया जाता है। जिला सामुदायिक उत्प्रेरक हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-24 में बक्सर जिले में छह से 59 माह के बच्चों के बीच आयरन सिरप, पांच से नौ वर्ष तक के बच्चों के बीच आईएफए की गुलाबी गोलियां और 10 से 19 वर्ष तक के बच्चों के बीच आईएफए की नीली गोलियों का वितरण किया गया है। 11.3 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित है। स्कूली बच्चों को खिलाई जाएंगी गुलाबी गोलियां सदर प्रखंड के प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि आईएफए की गोलियों और सिरप के वितरण को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण किया जा चुका है। जिसमें उन्हें बताया गया है कि 6 से 59 माह के बच्चों को ऑटो डिस्पेंसर के द्वारा आईएफए सिरप के अनुपूरण भी कराना है। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सप्ताह में दो बार बुधवार व शनिवार को लाभुक माताओं को छह माह के लिए एक बोतल बांटेंगी। साथ ही, ये भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बुधवार व गुरुवार को विद्यालय के माध्यम से गुलाबी गोली का अनुपूरण कराया जाये। वहीं, गृह भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता सप्ताह में एक बार (बुधवार) को 5 से 9 वर्ष के विद्यालय ना जाने वाले बच्चों को गुलाबी गोली का अनुपूरण करवाना सुनिश्चित करेंगी।

# सर्वे में कई चौकाने वाले तथ्य आये सामने

निज संवाददाता। आरा

सामाजिक संस्था "नई आशा" ने उदवंत नगर प्रखंड के चौराई मुसहर टोली का सर्वे किया। सर्वे में पाया कि करीब सौर परिवारों के लगभग सवा चार सौ सदस्य इस टोला में रहते हैं। इन परिवारों के बीच बुनियादी सुविधाओं का अभाव व नल-जल की समस्या है। 200 से अधिक लोगों के पास आधार कार्ड नहीं है। करीब एक दर्जन से अधिक लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित हैं। लेबर परिवार से होने के बावजूद लेबर कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड से वंचित है। टोला में करीब 100 परिवारों के में एक भी शौचालय नहीं हैं। एक दर्जन लोगों के पास उज्ज्वला योजना का कनेक्शन तो है लेकिन एक भी परिवार रसोई गैस पर भोजन नहीं बनता है। टोला में 6 से 14 आयु के करीब 70 से अधिक बच्चों बावजूद अधिकांश ड्राप आउट के शिकार हैं। दर्जनभर गर्भवती महिलाओं में किसी भी गर्भवती का चेकअप नहीं हुआ है। एक भी प्रथम गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ नहीं मिला है। टोला में दो सामुदायिक भवन हैं, लेकिन दोनों जर्जर है। इस टोला में अवैध शराब का निर्माण, विक्री एवं सेवन धडल्ले से होता है। संस्था द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अंदर टोले का विभिन्न मानकों पर संपूर्ण सर्वे के बाद विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की जायेगी। सर्वे अभियान संस्था के संरक्षक भीम सिंह भवेश के नेतृत्व में किया गया। सर्वे में इंटर्नशिप कर रहे सुगंध कुमार, दर्शना तिवारी, प्रत्युशी सिंह, दिल्लू सिंह, सुमित पांडे, सत्यम कुमार केशरी, प्रकाश कुमार सिंह, अमन कुमार, जयप्रकाश दास, काजल कुमारी समेत कई लोग शामिल थे।



# सीतामढ़ी में सम्मानित किए गए डॉ. दिलशाद



निज संवाददाता। बक्सर

समाजसेवी डॉ दिलशाद आलम को सीतामढ़ी में रविवार को सम्मानित किया गया। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय के जोनल कार्यालय का उद्घाटन सीतामढ़ी में हुआ। उसी दौरान मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संस्था के बिहार सचिव डॉ दिलशाद को बेहतर सामाजिक कार्यों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा कि पूरे देश में मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय धरातल पर अपना कार्य कर रही है। डॉ दिलशाद ने बताया कि सीतामढ़ी मां सीता की जन्मस्थली है। कार्यालय उद्घाटन समारोह में शिवहर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर व सीतामढ़ी के कार्यकर्ता शामिल हुए थे। मौके पर जैन आलम डॉ आरके सिंह, अंकित कश्यप, विजय कुमार, मिस्टर विवेक चौधरी, इंजीनियर प्रवीण कुमार, अजय कुमार, पवन कुमार रावत, डॉ प्रणव प्रताप सिंह, डॉ विजय कुमार गुप्ता, डॉ अभिनव आनंद, डॉ पंकज प्रकाश, हरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# नहर में नहीं छूटा पानी, किसान करेंगे आंदोलन

निज संवाददाता। गड़हनी

अभी तक जैतपुर रजवाहा में पानी नहीं छोड़े जाने से नाराज किसानों ने भोजपुर जिलाधिकारी व नहर विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से किसानों ने कहा कि 3 जून बीत गया। लेकिन अभी तक नहर में पानी नही छोड़ा गया। जबकि प्रति वर्ष रोहणी नक्षत्र चढ़ते ही 25 मई को पानी छोड़ दिया जाता था। जैतपुर रजवाहा के किसान राजेश सिंह, जितेंद्र सिंह, गोबर्धन चौबे ने कहा कि रोहणी नक्षत्र में एक सप्ताह बीत गया लेकिन अभी तक नहर में पानी नही आया। धान का बीज कैसे डाला जाए, किसानों को चिंता सताने लगा है। किसान उपेन्द्र सिंह ने कहा कि जैतपुर रजवाहा में रोहण नक्षत्र में करीब करीब 50 प्रतिशत किसानों ने धान का बिछड़ा डाल देते थे। लेकिन अभी तक एक भी किसान धान का बिचड़ा नही डाले हैं। सभी किसान खेत जोत कर तैयार रखा था कि नहर में पानी आएगा तो बिचड़ा डाल दिया जाएगा। लेकिन पानी आया ही नहीं। पानी नहीं आने से किसानों में काफी नाराज़गी है। यदि दो दिनों में पानी नहीं छोड़ा गया तो जैतपुर रजवाहा के किसान बगवां के पास आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर बैठकर आंदोलन करेगा। 3 जून बीत जाने के बाद भी नहर में नहीं आया पानी इस संबंध में नहर विभाग के जेई गजेन्द्र कुमार से सम्पर्क किया गया लेकिन फोन नहीं उठाये, नहर कार्यपालक अभियंता को फोन किया गया ओ भी फोन नहीं उठाये। लेकिन किसान राजेश सिंह ने बताया कि कल उनसे बात हुई थी। वे बोले थे कि पहले 25 मई को पानी छोड़ा जाता था। लेकिन अब 1 जून को छोड़ने का नियम बना दिया गया है। लेकिन 3 जून बीत गया उसके बावजूद भी पानी नहीं आया। लेकिन चौरी लाइन के जेई रमेश कुमार ने बताया की इन्द्रपुरी डैम से पानी छोड़ दिया गया है। हो सकता है कि एक- दो दिनों में सभी नहर ब्रांच में पानी पहुंच जाएगा। बता दें कि इतिहास रहा है कि जैतपुर रजवाहा में पानी को ले किसानों को बिना आंदोलन किये पानी नहीं मिलता है। धान के सीजन में किसानों को पानी को ले कई बार आंदोलन करना पड़ता जब जाकर किसानों को पानी मिलता है। बता दे कि पिछले वर्ष सड़क पर किसानों को बैठना पड़ा था श, तब कुछ पानी मिल पाया था।



# 800 जवानों की जिले से बाहर चुनावी ड्यूटी शहरी ट्रैफिक पूरी तरह चौपट, बढ़ रहा जाम

निज संवाददाता। मुंगेर



लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार के अन्य लोकसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान करने को लेकर मुंगेर से लगभग 800 की संख्या में पुलिस जवानों को भेजा गया था। जिसमें यातायात के पुलिस जवान को भी मतदान करने के लिए भेजा गया था। जिस कारण नगर निगम क्षेत्र में पुलिस जवानों की कमी रहने के कारण शहर के किसी भी चौक-चौराहा पर पुलिस जवानों की ड्यूटी नहीं लग रही है। शहर के लगभग जितने व्यस्तता वाले मार्ग हैं, उसे मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरीके से भंग हो चुकी है। वाहन चालक भी अपनी मनमानी करते हुए नो एंट्री के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए जैसे-तैसे वाहनों को लेकर शहर में प्रवेश कर रहे हैं। जिसे एक ओर जहां पैदल चलने वाले या सड़क पार करने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे वाहन चालकों को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस संबंध में स्थानीय लोगों का भी कहना है कि जब शहर के चौक-चौराहा पर पुलिस की तैनाती रहती है तो ट्रैफिक नियम काफी हद तक कंट्रोल में रहती है और बनाए गए नियम के अनुसार वाहन चालक भी अपने वाहन को लेकर अवागमन करते हैं। लेकिन बीते एक सप्ताह से जब पुलिस की तैनाती शहर के चौक-चौराहा पर नहीं है। जिस कारण वाहन चालक अपनी मनमानी करते हुए जैसे-तैसे शहर में वाहनों को चला रहे हैं। जिससे कि ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरीके से भंग हो चुकी है। अतिव्यस्ततम मार्ग मुख्य बाजार का है, जहां एक ओर लोग सामान की खरीदारी के लिए पैदल व मोटरसाइकिल सहित अन्य वाहनों से आते हैं तो वहीं दूसरी ओर इन दिनों ई-रिक्शा चालक जैसे-तैसे मुख्य बाजार में अपनी वाहनों को जहां-तहां लगा देते हैं। हालत ऐसी हो जाती है कि लोगों को सड़क पार करने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्य बाजार के अलावे शादीपुर मछली आडत, बेकापुर, बड़ी बाजार, कौड़ा मैदान चौक, अंबे चौक, लल्लू पोखर तीन बटिया मोड़, चुआबाग, पूरबसराय ढाला, पूरबसराय ब्रह्म स्थान सहित अन्य जगहों पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे एक ओर जहां छात्र-छात्राओं को कोचिंग में लेट हो रहा तो दूसरी ओर आईटीसी से ड्यूटी खत्म कर लौटने वाले कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**जवान वापस आ गए, आज से लगेगी ड्यूटी**: लोकसभा चुनाव को लेकर जिला से लगभग 800 पुलिस जवानों को चुनावी ड्यूटी में लगाया गया था। ये जवान जहानाबाद सहित अन्य जिलों में जाकर शांतिपूर्ण मतदान करने में अपनी भूमिका निभाते दिखे। चुनाव संपन्न हो जाने के बाद सभी पुलिस जवान वापस जिला आ गए हैं और 4 जून से सभी जगह पर पुलिस जवानों को ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए लगा दिया जाएगा। - सैयद इमरान मसूद, एसपी

## संक्षिप्त समाचार

### 6 जून को शनि अमावस्या मंदिरों में तैयारी हुई शुरू

**भागलपुर**। भागलपुर इस बार 6 जून को शनि अमावस्या पर शनि मंदिर में शनिदेव की पूजा होगी। इसको लेकर शहर के शनि मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, स्टेशन रोड दवा पट्टी स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में 6 जून को शनि अमावस्या पर शनिदेव का पाठ पूजा-अर्चना के साथ 108 दीप प्रज्वलित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी परमेश्वरानंद ने बताया कि अमावस्या पर शनिदेव की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। शहर के स्टेशन चौक समीप और सीसी मुखर्जी रोड प्राचीन शनि मंदिर में अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगेगी। इस दिन महिलाएं स्टेशन रोड के समीप शनि मंदिर में 108 दीप जलाकर शनिदेव का पाठ करेंगी। हिंदू धर्म में अमावस्या का विशेष महत्व है। हर महीने एक अमावस्या तिथि और एक पूर्णिमा तिथि होती है। अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित होती है। इस तिथि पर पितरों को याद किया जाता है और उनके लिए श्राद्धकर्म आदि किए जाते हैं। अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण, दान और स्नान का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन शनि देव को प्रसन्न करने के लिए शनि देव की पूजा-अर्चना करते हैं। अमावस्या को शनिदेव की पूजा करने से शनिदेव प्रसन्न होकर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। सनातन संस्कृति में अमावस्या का विशेष महत्व है। अमावस्या अगर शनिवार के दिन पड़े तो यह अत्यधिक खास मानी गई है। जिन जातक की जन्मकुंडली या राशियों पर शनि की साढ़ेसाती व ढैया का प्रभाव है, वे इसकी शांति व अच्छे फल प्राप्त करने के लिए शनिचरी अमावस्या पर विधिवत पूजन कर पर्याप्त लाभ उठा सकते हैं। शनिश्चरी अमावस्या पर स्नान और दान का महत्व शनिदेव को अमावस्या अधिक प्रिय है। पूर्व से ही अमावस्या पर शनिदेव का पूजन तांत्रिक आदि विशेष रूप से करते रहे हैं। शनिदेव की कृपा का पात्र बनने के लिए शनिश्चरी अमावस्या की सभी शनि भक्तों को विधिवत शनिदेव महाराज की आराधना करनी चाहिए। भविष्य पुराण के अनुसार शनिश्चरी अमावस्या शनिदेव को बहुत ही प्रिय रहती है। इस दिन स्नान दान करने का अत्यंत महत्व है।

### घर से भगाकर शादी की, अब रखने से किया इनकार

**भागलपुर**| घर से भगाकर शादी करने के बाद ससुराल पक्ष के लोग दुल्हन को रखने से इनकार कर रहे हैं। पीड़िता ने मामले में डीआईजी को पत्र लिखकर शिकायत की है। उसने बताया कि मनीष पासवान से 2017 से मेरा प्रेम संबंध चल रहा है। 17 मई को मनीष ने मुझे घर से बुलाकर शादी करने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद हम दोनों ने मनीष के माता-पिता के सामने ही उसी के घर में शादी कर ली। उसके बाद हम दोनों पति-पत्नी कहलगांव चले गए। 21 मई के मेरे ससुर मुझे कहा कि तुम दोनों का कोर्ट मैरिज भी करवा देते हैं, लेकिन कोर्ट मैरिज के बदले मेरे मायके वालों को सौंप दिया। मेरे मायके वाले इस शादी के खिलाफ थे। उस दिन से मेरे ससुराल वाले पति से बात भी नहीं करने देते हैं। ससुराल वालों की ओर से दहेज के तौर पर 10 लाख की मांग की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**भागलपुर**| शादी का झांसा देकर यौन शोषण के मामले में महिला थाने में पीड़िता ने केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पांच वर्ष तक शादी का झांसा देकर मेरा यौन शोषण करता रहा। शादी की बात कहने पर वह बोलता था कि तुमसे ही शादी करूंगा, लेकिन अब वह शादी से इनकार कर रहा है। उसका कहना है कि मैं शादी नहीं कर सकता। तुम दूसरे से शादी कर लो मैं पैसा दे देता हूं। महिला थाने की पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### बस स्टैंड चिकित्सा शिविर में 5 दिनों से लोगों को मिल रही ओआरएस व दवाई

**मुंगेर**। प्रचंड गर्मी को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर में जगह-जगह लोगों के बैठने के लिए पंडाल लगाया है। बस स्टैंड और भगत सिंह चौक पर लगे पंडाल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम को लगाया गया है। बस स्टैंड पर ड्यूटी में तैनात एएनएम रूबी कुमारी ने बताया कि पिछले 30 मई से वे लोग लगातार चिकित्सा शिविर में प्रतिदिन लोगों को गर्मी से बचाव को लेकर कई प्रकार की दवाई देकर लोगों को राहत पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को ओआरएस घोल व जरूरत के हिसाब से दवाई दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शिविर में ओआरएस पाउच के अलावा पारासिटामोल, पेन्टॉफ,पीसीएम, जिंक, ओनडम, एनजीथ्रो आदि टेबलेट उपलब्ध है। इसके अलावा भगत सिंह चौक पर भी नगर निगम के बने पंडाल में चिकित्सा शिविर में भी लोगों को चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

### टीएनबी कॉलेजिएट मैदान में आज से शुरू होगी नौ दिवसीय भागवत कथा

**भागलपुर**। टीएनबी कॉलेजिएट मैदान में 4 जून से नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू होगी। इसको लेकर आयोजन समिति की ओर से तैयारी पुरी कर ली गई है। भागवत कथा के पहले दिन मंगलवार को सुबह 8 बजे कथा स्थल से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो कोतवाली चौक, नयाबाजार चौक होते हुए बूढ़ानाथ गंगा घाट पहुंचेगी। फिर वहां से कलश में गंगा जल भर कलश शोभायात्रा नया बाजार चौक होते हुए वापस कथा स्थल पहुंचेगी। इसमें शहर के अलग-अलग इलाके के महिला-पुरुष व युवतियां शामिल होंगी। शोभायात्रा समापन होने के बाद सभी श्रद्धालुओं को शर्बत पिलाया जाएगा। इसके बाद विष्णु महायज्ञ शुरू होगा। और फिर शाम पांच बजे से भागवत कथा शुरू होगा। आयोजन समिति के रंजन कुमार ने बताया कि मंगलवार से भागवत कथा शुरू हो रहा है। वृंदावन से आये कथावाचक नारायण दास देवाचार्य महाराज श्रद्धालुओं को कथा का पाठ सुनाएंगे। रंजन ने बताया कि समाज के लोगों के सहयोग से यह भागवत कथा का आयोजन हो रहा है और इसमें वृंदावन से आये टीम भी सहयोग कर रहे हैं ताकि अधिक-अधिक से सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार हो सके।

### ताइवान में भारत के स्वर्ण पदक जीतने से खुशी

**मुंगेर**। ताइवान में भारत के स्वर्ण पदक जीतने से जिले के खिलाड़ियों में खुशी व्याप्त है। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि शीर्ष भारतीय लंबी जंपर नयना जेम्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ताइपे में 6.43 मीटर के प्रयास के साथ ताइवान एथलेटिक्स ओपन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 28 वर्षीय नयना ने प्रतियोगिता में तीसरे प्रयास में दिन की सर्वश्रेष्ठ छलांग हासिल की। यह भारत के बाहर उनकी सर्वश्रेष्ठ छलांग थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 6.67 है, जो उन्होंने मार्च में इंडियन ओपन जंप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर दर्ज किया था। एथलीट प्रेमी राकेश कुमार सिंह, शत्रुघन प्रसाद यादव, जय नारायण यादव, सरवर आलम, चांद शेखर, बादल सिंह, फकीरा यादव आदि ने संयुक्त रूप से नयना जेम्स के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए तथा भारत का नाम रौशन करने एवं स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स में भारत का दबदबा लगातार बढ़ रहा है, जो सुखद खबर है।

### परीक्षा नियंत्रक अपनी गलती छुपाने के लिए छात्र संगठनों को कर रहे बदनाम : छात्र राजद

**मुंगेर**। परीक्षा नियंत्रक अपनी गलती छुपाने के लिए छात्र संगठनों को बदनाम कर रहे हैं। छात्र संगठनों पर फेल छात्रों को पास कराने के लिए आंदोलन करने का मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। जो कि सरासर गलत और बेबुनियाद है। जबकि यह सर्वविदित है कि वे स्वयं अपने परिवार के सदस्यों को फायदा पहुंचाने के लिए काम करते रहे हैं। जिसकी जांच से इस बात का पता चल सकता है। यह बातें सोमवार को कुलपति को इस बाबत आवेदन सौंपने के बाद छात्र राजद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कही। श्रवण ने कहा कि पीजी सेमेस्टर-3 के छात्र-छात्राओं को कुछ अंको से फेल कर तथा अनुपस्थित दिखाकर परेशान किया जा रहा है। इसकी सूचना राजभवन को भी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर परीक्षा नियंत्रक अपने आरोपों को वापस नहीं लेते हैं, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। जिसके जिम्मेवार विवि प्रशासन एवं परीक्षा नियंत्रक होंगे। इधर छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सुमित कुमार ने भी इस आरोपों के खिलाफ आंदोलन की बात कही है।

## भागलपुर में ट्रांसफार्मर में लगी आग, लोगों के बीच मची भगदड़

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से लोगों के बीच भगदड़ मच गई। घटना स्टेशन चौक के पास का है बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से हादसा हुआ है। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। इधर, घटना की जानकारी लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम को दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक ट्रांसफॉर्मर से आग की लपटें निकलने लगे। इसके बाद हम लोगों ने देखा और इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी। बता दें कि भागलपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के ठीक सामने गोलंबर के नीचे बिजली का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। यहां हजारों की संख्या में रोजाना लोगों का आना-जाना होता है। हालांकि घटना के वक्त उस जगह लोगों की भीड़ काफी कम थी। इसकी वजह से कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद लोगों की काफी भीड़ जुट गई। हादसे का लोगों ने अपने मोबाइल में वीडियो कैद किया है। हालांकि, मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। बता दें कि गर्मी ज्यादा होने की वजह से बिजली तार पर लोड ज्यादा पड़ रही है। इसके कारण आए दिन इस तरह का हादसा हो रहा है।

## राज्य के दक्षिणी जिलों में 7 तक गर्मी से राहत नहीं, कहीं लू तो कहीं हॉट डे

निज संवाददाता। भागलपुर



बिहार के दक्षिणी भागों में राजस्थान से पछुआ हवा आ रही है। इस वजह से 7 जून तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। वहीं दूसरी तरफ पूर्वी बिहार के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस वजह से कटिहार, किशनगंज, अररिया और आसपास के जिलों में बारिश, मेघगर्जन, 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। सोमवार को पछुआ हवा चलने की वजह से पटना का अधिकतम तापमान 4 डिग्री बढ़कर 40.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक है। 24 घंटे में भागलपुर का अधिकतम पारा 3.5 डिग्री व न्यूनतम पारा 2 डिग्री बढ़ा। अधिकतम पारा 38.5 व न्यूनतम पारा 26.5 डिग्री रहा। बक्सर सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान करीब 6 डिग्री 43.9 डिग्री दर्ज किया गया। 5 जून- उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण- मध्य भागों के एक-दो स्थानों पर हॉट डे और उमस। 6 जून- पटना, नालंदा, नवादा, गया और दक्षिण- पश्चिम भागों के एक-दो स्थानों में चलेगी लू। उत्तर- पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण भाग के जिलों में गर्म दिवस और उमस। 7 जून- गोपालगंज, सीवान, सारण, दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण- मध्य के एक-दो स्थानें पर हीट वेव। उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण भाग के जिलों में हॉट डे और उमस।

**राज्य में यहां हो रही बारिशः** किशनगंज, अररिया, मोतिहारी, गोपालगंज में 2 एमएम से 27.4 एमएम के बीच बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश किशनगंज के टेढ़ागाछी में 27.4 एमएम बारिश हुई। जबकि सबसे कम बारिश अररिया के फारबिसगंज में 2 एमएम हुई। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि उत्तर-पूर्वी बिहार के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुडा है। पुरवैया हवा चल रही है। इस वजह से वहां बारिश हो रही है।

## शहर में हो रही थी हथियार की बिक्री, पुलिस ने दो पिस्टल के साथ तीन को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर



कोतवाली पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के भूसा गली के समीप अवैध हथियार की खरीद बिक्री कर रहे तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तलाशी के दौरान दो पिस्टल, चार मैगजीन एवं एक मोबाइल बरामद किया। वहीं पुलिस को देख खरीदार फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र मिर्जापुर बरदह गांव निवासी मो. महतार, पूरबसराय थाना क्षेत्र के हाजीसुभान निवासी मो. असद उर्फ मो. साजिद के अलावा कोतवाली थाना क्षेत्र के घसियारा मोहल्ला निवासी मो. अरमान को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी एसपी सैयद इमरान मसूद ने दी। एसपी ने बताया की गुप्त सूचना मिली की कोतवाली थाना क्षेत्र के भूसा गली के संध्या होटल के पास कुछ लोग इकट्ठा हुए और अवैध हथियार की खरीद बिक्री कर रहे हैं। इसी सूचना पर कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और संध्या होटल के पास तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान हथियार की बरामदगी की गई। एसपी ने कहा कि इस मामले में मो. महताब, मो. अशद उर्फ मो. साजिद एवं मो. अरमान को गिरफ्तार किया गया। वहीं मो. महताब और मो. अरमान पूर्व में आर्म्स की खरीद बिक्री के मामले में जेल जा चुका है। एसपी ने बताया पूछताछ के दौरान गिरफ्तार लोगों ने बताया की दोनों हथियार 50 हजार में बेचने वाला था, लेकिन खरीदार सही समय पर नहीं पहुंचा था। उन्होंने कहा कि खरीदार की पहचान कर ली गई और इस मामले में 4 लोगो पर कोतवाली थाना में पुलिस के द्वारा केस दर्ज कर ली गई है। बता दें कि बीते दो दिनों के अंदर अलग-अलग थाना के पुलिस द्वारा हथियार की बरामदी की गई है।

## जदयू नेता को पीटने वाला दूसरा बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के परवत्ती चौक के समीप जदयू नेता राजा यादव की पिटाई मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के मास्टरमाइंड सह मुख्य आरोपी चन्दर यादव के पुत्र धनंजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दे की एक जून को विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के परवत्ती मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर चन्दर यादव समेत उनके चारों पुत्रों के द्वारा जेडीयू के नेता राजा यादव के साथ मारपीट की गई थी और घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। सरेराह जेडीयू नेता की पिटाई की गई थी। पैर पर गिरवाकर उसे माफी मंगाया गया और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इस संबंध में पीड़ित जदयू नेता राजा यादव ने विश्वविद्यालय थाना में लिखित शिकायत की थी। पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी थी। इस मामले में घटना के ही दिन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर एक देसी कट्टा तीन कारतूस एवं एक एयर गन बरामद किया गया था तथा चन्दर यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

**धनंजय पर दर्ज हैं आधा दर्जन मामलेः** घटना के मुख्य आरोपी धनंजय यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। धनंजय यादव पर धोखा, रंगदारी हत्या का प्रयास साधारण दंगा, आधा दर्जन मामला दर्ज है। पुलिस ने उन अपराधियों की तलाश जारी कर रही है।



## बोतलों में बंद हैं 2500 से अधिक मौत के राज

निज संवाददाता। भागलपुर

जहरीला पदार्थ खाने व खिलाने से होनेवाली मौतों की सच्चाई जानने और पीड़ित परिवार को तुरंत न्याय दिलाने के लिए पोस्टमार्टम के बाद मानव अंगों यानी विसरा को पोस्टमार्टम हाउस में रखा जाता है। संबंधित थानों को इस सैंपल को फॉरेंसिक लैब ले जाना है ताकि वहां जांच हो सके कि मौत क्या खाने से हुई है। शरीर में किस चीज का जहर फैला है। लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में पिछले 30 साल में भागलपुर व आसपास के जिलों के करीब 2500 सैंपल जमा हो गए हैं। इन सैंपलों में मौत के राज दफन हैं। इन्हें अब भी न्याय का इंतजार है। पुलिस सैंपलों को फॉरेंसिक लैब नहीं ले जा रही है। कई बोतल तो टूट गए हैं। उनमें धूल भरी है। उन सैंपलों की जांच भी मुश्किल है। फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एके मल्लिक व वर्तमान एचओडी डॉ. संदीप कुमार लाल ने कई बार एसएसपी को पत्र लिख विसरा को जांच के लिए ले जाने का आग्रह किया। उन्होंने बार-बार संबंधित जिलों की पुलिस को कहा कि यहां अब विसरा रखने की जगह नहीं है। एसएसपी आनंद कुमार ने भी फरवरी में सभी थानेदारों को निर्देश दिया था कि अपने-अपने इलाके का विसरा पोस्टमार्टम हाउस से ले जाकर नाथनगर के फॉरेंसिक लैब ले जाएं, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। अब सिटी एसपी राज ने कहा है कि विसरा से संबंधित डिटेल देख रहे हैं। नाथनगर के मधुसूदनपुर की 60 वर्षीय शीला देवी के अंग का सैंपल 12 अक्टूबर 2019 से यहां पड़ा है। नाथनगर में ही फॉरेंसिक लैब है। लेकिन वहां की पुलिस अब तक सैंपल नहीं ले गयी है। सनोखर प्रखंड के मो. शरीफ अंसारी की 50 वर्षीया पत्नी जलेसा खातून की मौत जहर खाने से फरवरी 2018 में हुई थी।16 फरवरी को पोस्टमार्टम के बाद से सैंपल जांच के लिए रखे हैं। अब तो परिवार वाले भी न्याय की आस को छोड़ चुके हैं। Share with facebook यहां आसपास के कई जिलों के शवों का भी पोस्टमार्टम होता है। यहां मुंगेर, खगड़िया, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, मधेपुरा, जमुई, झारखंड के जिलों का भी सैंपल रखे हैं। कई के सैंपल तो बेकार हो गए हैं। बांका के खैरा के राजेश चौधरी का सैंपल पांच जनवरी 2020 से रखा है। बांका के ही नवादा बाजार हरचंडी की इंदु देवी का सैंपल 21 अक्टूबर 2023 से व लखीसराय के सूचीगढ़ बसौनी के विशाल कुमार का सैंपल 2 अप्रैल 2021 से रखा है। गोड्डा के पोड़ैया हाट के राजकुमार यादव का सैंपल 2018 से ही रखा है। बोतल पर सटे पर्चे इनकी मौत की गवाही दे रही है। लेकिन मौत क्यों हुई, यह जानने के लिए पुलिस को फुर्सत नहीं है। अब सैंपल रखने की जगह नहीं है। एक जनवरी से पोस्टमार्टम रिपोर्ट तभी दे रहे हैं जब पुलिस विसरा लेकर जाती है। इस साल अब तक 389 से ज्यादा पोस्टमार्टम हो चुके हैं। उसका विसरा पुलिस ले जा चुकी है। लेकिन पुराने अब भी पड़े हैं। डॉ. संदीप कुमार लाल, एचओडी, फॉरेंसिक मेडिसिन इस कारण जांच जरूरी विसरा की फॉरेंसिक रिपोर्ट से पता चलता है मौत क्यों हुई। किस केमिकल से हुई। ▪ सैंपल नहीं ले जाने से जांच प्रभावित होती है। पेंडिंग मामले बढ़ते जाते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# नवादा में भाजपा के विवेक ठाकुर ने राजद के श्रवण को किया पराजित

निज संवाददाता

**नवादा।** बिहार की महत्वपूर्ण सीटों में से एक नवादा में भाजपा कैंडिडेट विवेक ठाकुर ने राजद के श्रवण कुशवाहा को धूल चटा दिया। शेष छह प्रत्याशी अपनी जमानत बचा पाने में असफल रहे। अंतिम 29 चक्र की मतगणना में विवेक ठाकुर को 408349, श्रवण कुशवाहा को 341609, बिनोद यादव को 39311 व गुंजन कुमार को 29211वोट मिले। इस प्रकार ठाकुर को 67975 मतों से विजयी घोषित किया गया। 19 अप्रैल को हुई थी वोटिंगः- बता दें कि नवादा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। नवादा सीट पर 1984 तक कांग्रेस का दबदबा रहा है। हालांकि मंडल-कमंडल की राजनीति ने 1984 के बाद इस क्षेत्र में जातीय राजनीति हावी हो गई। बिहार का दक्षिणतम संसदीय क्षेत्र नवादा की सीमा झारखंड से लगती है। वर्ष 1952 के चुनाव में यह गया पूर्वी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था। 1957 में संसदीय क्षेत्र बना था नवादा :- 1957 में नवादा संसदीय क्षेत्र बना। पहले दो चुनावों में यह सीट दो सदस्यीय थी। 1962 में परिसीमन के बाद नवादा संसदीय क्षेत्र संख्या 42 (सुरक्षित) के रूप में अस्तित्व में आया। 2009 में यह संसदीय क्षेत्र संख्या-39 के तौर पर वर्तमान स्वरूप में सामने आया। इसमें नवादा जिले के रजौली, हिसुआ, नवादा, गोविन्दपुर व वारिसलीगंज तथा शेखपुरा जिले का बरबीघा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। हावी रहा है जातीय समीकरणः- नक्सलवाद प्रभावित इस क्षेत्र में विकास के मुद्दे से ज्यादा जातीय समीकरण हावी रहा है। वर्ष 1984 तक यहां कांग्रेस का प्रभुत्व रहा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यहां 1996 में पहली जीत दर्ज की। वर्ष 2009 से यह सीट भाजपा या उसके गठबंधन दल के पास है। 1980 व 1984 के चुनाव में कांग्रेस के कुंवर राम जीते। इसके बाद कांग्रेस की वापसी नहीं हो सकी है। 1996 में कामेश्वर पासवान की जीत के साथ भाजपा को पहली सफलता मिली। 2019 में लोक जनशक्ति पार्टी के चंदन कुमार सांसद बने। भूमिहार बनाम यादव की रही है राजनीतिः- यहां चुनाव में विकास के मुद्दे उठते तो हैं, लेकिन जातीय समीकरण के आगे ज्यादा प्रभावी नहीं दिखा। भूमिहार और यादव बहुल इस क्षेत्र में राजनीति की धुरी इन्हीं दो जातियों की इर्द-गिर्द घूमती रही है। हालांकि, कुशवाहा और वैश्य समाज के अलावा मुस्लिम वोटर भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार भाजपा एक बार फिर सारे कयासों पर विराम लगाते हुए



नवादा संसदीय क्षेत्र में अपना परचम लहराने में सफल रहा। वैसे जीत का श्रेय भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह को जाता है जिन्होंने अंत समय में ही सही लेकिन हिसुआ विधानसभा का बागडोर थाम विजय का माला पहना एक तीर से कई शिकार कर डाला।

**नवादा के सांसद बने विवेक ठाकुर**
**फाइनल स्पेशल राउंड में**
**विवेक ठाकुर बीजेपी 67975 मतों से हुए विजयी।**
**आरजेडी के श्रवण कुशवाहा को हराया।**
**कुल मत प्राप्त।**
**विवेक ठाकुर 408537**
**श्रवण कुशवाहा 340562**

## आचार संहिता का उलंघन मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित

निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता का उल्लघन कर विद्यालय के नवनिर्मित भवन हेतु उद्घाटन समारोह का आयोजन करने अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता के आरोपों में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 (समय-समय पर यथा संशोधित) के निहित प्रावधानान्तर्गत दिनेश कुमार महथा, प्रधानाध्यापक उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मसुदा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के अधीन किया जाता है। दिनेश कुमार महथा, प्रधानाध्यापक का निलंबनावधि में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मेसकौर के कार्यालय में मुख्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबनावधि में दिनेश कुमार महथा का मुख्यालय से प्राप्त अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबित होने के पश्चात दिनेश कुमार महथा अपने जिम्मे का सम्पूर्ण प्रभार विद्यालय के वरीय शिक्षक को देना सुनिश्चित करेंगे।साथ हीं साथ विभागीय कार्यवाही के निमित संचालन हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नवादा को संचालन पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी वारिसलीगंज को उपस्थापन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। संबंधित सचालन पदाधिकारी आरोप पत्र (प्रपत्र) में वर्णित आरोपों की जांच कर 45 दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे। दिनेश कुमार महथा, प्रधानाध्यापक के विरूद्ध संबंधित आरोपों में आरोप पत्र (प्रपत्र 'क') अलग से गठित किया किया जायेगा. कार्यवाई से सबंधित आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा के पत्रांक 1400 दिनांक 31मई 2024 के माध्यम से दिया गया है। बता दें कि प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद महथा के द्वारा विद्यालय का उद्धाटन कर दिया गया था। उसी के आलोक में अख़बार में खबर प्रकाशन के बाद उक्त कार्रवाई कि गयी है।

## बदल सकता है स्कूलों का समय, मॉनिटरिंग सिस्टम चलता रहेगा

**पटना (नि.सं.)।** भीषण गर्मी के चलते फिलहाल स्कूलों में पढ़ाई बंद है। लेकिन शिक्षक, प्रधानाध्यापकों को स्कूल आना पड़ रहा है। इसको लेकर खासा विरोध है। सोमवार की शाम की वीडियो कांफ्रेंसिंग में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने सभी डीईओ को निर्देश दिया कि वे सुविधानुसार 3 से 8 जून तक प्रधानाध्यापक व शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले काम के लिए समय का निर्धारण करें। इस दौरान इन्हें मासिक मूल्यांकन की कॉपी जांच, 5वीं-8वीं की परीक्षा में फेल हुए बच्चों की दोबारा हुई परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच, क्लास 9 में नामांकन से लेकर स्कूलों में कराए जा रहे निर्माण कार्य, मरम्मत व रंग-रोगन तक की मॉनीटरिंग करनी है। सिद्धार्थ ने अफसरों से बात की, मंत्री के साथ विभागीय योजनाओं पर विमर्श किया।

## बिहटा के उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस में दिनदहाड़े लूट

निज संवाददाता

**पटना।** बिहटा थाना के गोखुलपुर गांव स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में दिनदहाड़े 4 हथियारबंद अपराधियों ने महज 8 मिनट में 14 लाख रुपए लूट लिए। एक-एक कर चार नकाबपोश बैंक में घुसे। बैंक में मौजूद दो महिला समेत चार बैंक कर्मियों को हथियार दिखाकर बंधक बना लिया। गोली मारने की धमकी दी। बैंक में मौजूद 12 ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। सबों से मोबाइल ले लिए। इस दौरान एक अपराधी ने एक महिला बैंक कर्मी से बैंक के सेफ की चाबी ले ली। इसके बाद आसानी से उसे खोलकर 14 लाख रुपए बैग में भरे और फिर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बैंक के अंदर मौजूद सीसीटीवी को खंगाला। चारों का चेहरा गमछे से ढंका था। बैंक के बाहर की कोई कैमरा नहीं



था। पुलिस को इस बात का सुराग नहीं मिला कि वे किस रूट से आए और किधर भागे। बैंक में 14 लाख कैश रखे हुए थे। इस घटना के पीछे कोई ना कोई लाइनर जरूर है जिसने लुटेरों को बताया कि 14 लाख सेफ में हैं। पुलिस के शक की सूई बैंककर्मियों पर भी है। यह बैंक एक माह पहले ही गोखुलपुर में शिफ्ट हुआ है। मानक के अनुसार बैंक में ना तो सुरक्षा के इंतजाम थे और ना ही सीसीटीवी कैमरे। बैंक के गार्ड ने घटना के बाद कॉल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस पहुंची तब सभी को बाथरूम से बाहर निकाला। कर्मियों ने बताया कि चुनाव के कारण पहले से मौजूद 6 लाख और 1 जून को जमा हुए 8 लाख रुपए के कारण बैंक में करीब 14 लाख कैश जमा हो गए थे। बैंक बंद होने की वजह से कैश जमा नहीं हो पाया था।

## वंदे भारत के लिए कोचिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा

निज संवाददाता

**पटना।** वंदे भारत एक्सप्रेस के रखरखाव के लिए 200 करोड़ की लागत से पाटलिपुत्र जंक्शन के पास कोचिंग कॉप्लेक्स का निर्माण होगा। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र के मुताबिक कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण की रेलवे बोर्ड ने स्वीकृति दी है। यहां पटना-हावड़ा, पटना-रांची, पटना-गोमतीनगर और पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का रख रखाव होगा। इसके निर्माण की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत 630



मीटर लंबी वाशिंग पिट लाइन के साथ निरीक्षण और रखरखाव के लिए शेडयुक्त वे-लाइन का निर्माण होगा। सभी लाइन ओवरहेड वायर (ओएचई) से युक्त होंगी। इसके साथ ही तीन अलग-अलग स्टैबलिंग लाइन का भी निर्माण होगा। हेवी रिपेयर शेड और बोगी रिपेयर शेड की अलग-अलग व्यवस्था होगी। इसकी क्षमता एकबार में 24 कोच युक्त 10 वंदे भारत एक्सप्रेस के रखरखाव की होगी। वर्तमान में 20 करोड़ की लागत से वंदे भारत के अनुरक्षण के लिए राजेंद्रनगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स को अपग्रेड किया गया है और कुछ कार्य प्रगति पर है। इसमें संलग्न कर्मचारियों और लोको पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इसमें उपयोग में आने वाले उपकरणों के भंडारण के लिए अलग से स्टोर रूम का निर्माण होगा।

## डॉ. विवेक ठाकुर को सांसद बनने पर लोगों ने दी बधाई

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र में भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर के प्रचंड जीत पर लोगों ने बधाई दी। कई लोगों ने अपने व्हाट्सएप पर स्टेट्स लगाया, तो कई लोगों ने फेसबुक के स्टोरी एवं फेसबुक पेज पर फूलमाला वाला पोस्ट डालकर जीत की बधाई दी। भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, रंजय कुमार सिंह, पवन सिंह, मनीष सिंह, बंटी सिंह, मनीष सोनी, बब्लू सिंह, रौशन कुमार, दिलीप कुमार समेत अन्य लोगों ने नवादा के नए सांसद डॉ. विवेक ठाकुर को जीत की बधाई दूरभाष के माध्यम से दी। साथ ही आपस में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखा फोड़कर खुशी जताई। साथ ही लोगों ने नए सांसद द्वारा चुनाव के पूर्व किये गए वादों पर खरे उतरने की उम्मीद भी जताई है। लोगों ने कहा कि देश में फिर से एकबार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनने जा रही है। जिससे लोगों को अधिक रोजगार मिलेगा एवं विकास के कार्यो में तेजी आएगा। बभनटोली के रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि वे चुनाव के नतीजे को लेकर काफी उत्साहित थे। नवादा में हो रहे मतगणना की प्रत्येक राउंड को रिपोर्ट पर नजरें बनाये हुए थे। मतगणना के नतीजे को देखते हुए उन्होंने सभी लोगों को आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि फिर से एक बार मोदी सरकार में महिलाओं को अधिक फायदा मिलने की उम्मीद है।

## सीईटी-बीएड : आवेदन दो लाख पार, भर सकते हैं फॉर्म

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के कॉलेजों में दो वर्षीय बीएड कोर्स में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 जून तक किया जाएगा। इसके बाद आवेदन का मौका नहीं दिया जाएगा। बीएड में नामांकन के लिए अब तक 2,04075 आवेदन आ चुके हैं और अभी मंगलवार तक का समय बाकी है। बीएड में पहली बार दो लाख आवेदनों का आंकड़ा पार हुआ है।

## महिला को जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के नारदीगंज अंदर बाजार स्थित नट टोली में सोमवार की रात में डब्लू नट की 30 वर्षीय पत्नी अनिता देवी का शव को पुलिस ने जप्त किया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत मृतका का शव को परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया मृतका के मायके वाले के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 149/2024 दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है। इस सम्बंध में मृतका के मायके नालन्दा जिले के छबिलापुर थाना के गुरैर निवासी विजय सपेरा ने अनिता देवी को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। विजय सपेरा मृतका का भाई है। इस घटना में उन्होंने चार लोगों को आरोपित किया है। कहा कि मृतका अनिता देवी का पति डब्लू नट अपने घर में सरहज को रखे हुए थे।इसके लेकर आये दिन विवाद हो रहा था। इसी बीच सभी मिलकर तीन जून की रात में अनिता देवी को जहर दे दिया। जिसके बाद हालत खराब हो गई, तब इलाज के लिए शुभ शिवम अस्पताल पटना में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। घटना के बाद सभी भाग गए है। थानाध्यक्ष ने कहा घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## बाइक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के चोरडीहा गांव से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुराने थाना काण्ड में शामिल एक बाइक चोर आरोपी को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। चोरडीहा गांव निवासी अवधेश कुमार के रूप में हुई है।

## 29644 रेलवे क्वार्टरों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी

**पटना (नि.सं.)।** रेलवे बोर्ड ने रेलवे क्वार्टरों के रख-रखाव एवं मरम्मत की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए ऐप विकसित किया है। इसका नाम रेलवे बिल्डिंग मेंटेनेंस सिस्टम ऐप है। इससे पूर्व मध्य रेलवे के 29644 क्वार्टरों की ऑनलाइन मॉनिटिंग की जाएगी। इस ऐप पर रेलकर्मी क्वार्टर के रख-रखाव संबंधी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। यह ऐप रेलवे क्वाटरों से संबंधित शिकायतें दर्ज करने, उनके समाधान के लिए तिथि चुनने की सुविधा, शिकायत पर नजर रखने तथा फीडबैक देने की सुविधा देगा। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी। इस ऐप से दानापुर मंडल के 3751, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 6104, धनबाद मंडल के 9904, सोनपुर मंडल के 4797, समस्तीपुर मंडल के 3693, मुख्यालय के अधीन 482 तथा वर्कशॉप इकाइयों के 913 रेलवे क्वार्टरों में रहने वाले रेल कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इससे एक ओर जहां रेल कर्मचारियों के समय में बचत होगी तो दूसरी ओर क्वार्टरों से संबंधित शिकायतों की ऑनालाइन मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी।

## अस्पताल परिसर से फिर एक बाइक की हुई चोरी, परिजन परेशान

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र स्थित अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में इलाज कराने गए मरीज के परिजन की बाइक को अज्ञात चोरों ने उड़ा लिया। पीड़ित पूर्वी पंचायत के नावाडीह गांव निवासी अलखदेव सिंह के पुत्र अनिल प्रसाद सिंह ने बताया कि वे सोमवार की सुबह 8:36 बजे अपने बीमार पिता का इलाज करवाने अस्पताल पहुंचे थे। साथ मे रहे बाइक होंडा कम्पनी के सीबी शाइन संख्या बीआर27एम0792 को अस्पताल परिसर में ही लगाकर आफर इलाज कराने गए। जब वे अस्पताल से इलाज करके 9:18 में वापस बाहर लौटे तो देखा कि बाइक अपने जगह पर नहीं है। जिसके बाद आस-पास काफी-खोजबीन भी किया गया। किन्तु बाइक का कुछ भी अता-पता नहीं चला। पीड़ित ने कहा कि बाइक चोरी को लेकर थाने को लिखित आवेदन




देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं ग्रामीणों में चर्चा का विषय है कि अनुमंडलीय अस्पताल में सीसीटीवी कैमरा विगत चार महीनों से खराब पड़ा हुआ है। वहीं बीते माह भी अस्पताल परिसर से कई बाइकों की चोरी हुई थी। किन्तु सीसीटीवी के ठीक ढंग से काम नहीं करने के कारण पुलिस को सहायता नहीं मिल पा रही है। जिससे बाइक चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है और अक्सर अस्पताल परिसर से बाइक की चोरी कर ले रहे हैं। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित अनिल प्रसाद सिंह द्वारा बाइक चोरी को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जांच चौकी पर शराब के नशे में रहे 14 शराबी धराए, मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 14 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया। उत्पाद विभाग के अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक पिन्टू कुमार के द्वारा किया जा रहा है। सोमवार की रात्रि से लेकर मंगलवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 14 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार मंगलवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया। जहां शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया। समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई पंचम लाल धीरज के अलावे दर्जनों उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## नशा जीवन नहीं, है मौत : सरपंच

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत की वार्ड संख्या नौ नारदीगंज कॉलेज के समीप अनुसूचित टोला में मंगलवार को नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम सरपंच प्रवेश रविदास ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों से कहा कि बिहार में शराबबंदी से घरेलू हिंसा कम हुआ है। बिहार सरकार ने वर्ष 2016 में शराबबंदी लागू की है। कहा कि इस प्रतिबंध से राज्य में 18 लाख पुरुषों का मोटापा से ग्रस्त होने से रोका है। वही बच्चे स्कूल जाने लगे हैं। घर का विवाद कम हुआ है। महिलाओं के खिलाफ शारिरिक हिंसा में कमी आई है। नशा जीवन नहीं, मौत है। आप शराब नहीं पियेंगे, तो आपके बच्चे नहीं पियेंगे। उन्होंने कहा जिसका बाप पियें दारू, उसका बेटा लगाए झाड़।इसलिए शराब को छोड़ दिया जाय। राज्य में शराब पीने वालों की संख्या में कमी आई है। सभी मिलकर नशा मुक्त बिहार बनाने में भागीदारी सुनिश्चित कीजिये। बिहार की तरह भारत के अन्य राज्यों में भी शराब पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। मौके पर पूर्व वार्ड सदस्य पप्पू राजबंशी, नंदू राजबंशी, गरीबन राजबंशी, बिगन राजबंशी, सुनील पांडेय समेत अन्य लोग शामिल हुए।

## ऑटोमोबाइल ओलिंपियाड के लिए 31 अगस्त कर सकते हैं आवेदन

**पटना (नि.सं.)।** सीबीएसई की नेशलन ऑटोमोबाइल ओलिंपियाड में कक्षा छह से 12वीं के इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी बोर्ड द्वारा जारी किए गए लिंक https://nao.asdc.org.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ओलिंपियाड के टारगेट दर्शक को तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप एक में कक्षा छह से आठवीं को शामिल किया गया है। वहीं ग्रुप 2 में कक्षा 9वीं-10वीं और ग्रुप तीन में 11वीं-12वीं को शामिल किया गया है। राउंड वन का आयोजन जून से लेकर सितंबर में किया जाएगा। वहीं रीजनल राउंड का आयोजन अक्टूबर से नवंबर के बीच में किया जाएगा। फाइनल राउंड दिसंबर माह में आयोजित किया जाएगा।

# वाहन चेंकिग में सात हजार रुपये हुई राजस्व की वसूली

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** लोकसभा चुनाव के मतगणना को लेकर मंगलवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने वाहन चेकिंग किया। इस दौरान पुलिस ने नारदीगंज थाना के समीप, वनगंगा के अलावा फोरलेन बाईपास में कहुआरा मोड़ के पास वाहन चेंकिग किया। इस मौके पर थाना के समीप एसआई धीरेन्द्र पासवान ने पुलिस जवानों के सहयोग से वाहन की जांच किया। मौके पर दोपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, डिक्की, हेमलेट समेत अन्य कागजात की जांच की।



पुलिस के वाहन जांच होते देख कई वाहन चालक ने रास्ता बदल कर दूसरी ओर से मंजिल तय की। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से सात हजार रुपये की चालान काटी गई है। वाहन जांच होने से बाइक चालकों में हड़कंप देखी गई।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. एमसी-ओबीएचएस-एलडी-एसवाईएई-24, दिनांक 03.06.2024।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सीएचजी. एवं टी/एस), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के निकट डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के सॉर्टिंग यार्ड डिपो में रखरखाव किए जानेवाले मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसी कोचों में 3 वर्षों के लिए ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सेवाएं और लिनन वितरण। **निविदा मूल्य:** रु. 57,87,45,468.01। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 30,43,800/-। **ठेका की अवधि:** कार्य शुरू होने की तारीख से 36 महीने। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in **बोली बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.06.2024 दोपहर 12.00 बजे तक। **(HWH-84/2024-25)**
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**विस्तारित निविदा सं. 6डब्ल्यूटीसीएओसीईआर 2024-25: दो चरण रिवर्स नीलामी प्रणाली में खुली ई-निविदा, दिनांक 31.05.2024।** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कॉन, पूर्व रेलवे, कोलकाता, 17 नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्न कार्य के लिए खुली ई-निविदा हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** मल्टी ट्रैकिंग बीजी लाइन के निर्माण के संबंध में कालीपहाड़ी से आसनसोल मंडल के बीच, जिसमें आईआर चे. 205.000 किमी से 260.2 किमी तक यार्ड शामिल है, कटाई और भराई में अर्थवर्क, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुलों, बड़े पुलों, आरयूबी, आरओबी, रिटेनिंग वॉल, लेवल क्रॉसिंग, साइड ड्रेन, कैच वाटर ड्रेन का निर्माण, पी.वे कार्य और अन्य सहायक कार्यों को करना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 947,57,32,247.14। **बयाना राशि:** रु. 1,00,00,000/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 36 महीने। **बंद होने की तारीख:** 12.07.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा दस्तावेजों एवं अन्य विवरण को वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा यदि कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त किया जाता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे सरसरी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा। **(CON-24/2024-25)**
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (नोटिस)/583, दिनांक 03.06.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के निकट डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3276-आर1। कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के स्टेशन प्लेटफॉर्म पर वाटर कूलर की व्यवस्था। **निविदा मूल्य:** रु. 2,26,47,647/-। **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा) :** रु. 2,63,200/-। **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.06.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो निविदा के ऑनलाइन बंद होने की तारीख नहीं बदलेगी, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में ऐप्लिकेशन निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के पश्चात किसी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि निविदाओं को निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के पश्चात किसी भी सुविधाजनक दिन को ऑनलाइन खोला जाएगा। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **(HWH-82/2024-25)**
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# अब नतीजों का इंतजार

एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार एनडीए को पूर्ण बहुमत मिल रहा है और वह बहुमत के आंकड़े से ऊपर जा रही है। ऐसा 1 जून को आए न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल में सामने आए हैं। नतीजे तो अब 4 जून को आएंगे तभी सही स्थिति का पता चल जाएगा। आठ राज्यों की 57 सीटों पर 1 जून को 7वीं चरण की वोटिंग के साथ ही 18वीं लोकसभा के लिए चल रही लंबी मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। इस दौरान चुनाव आयोग को कई तरह की चुनौतियों से दो-चार होना पड़ा। इन अनुभवों से मिले सबक पर गौर करना इसलिए जरूरी है कि आगे के चुनावों की क्वॉलिटी बेहतर की जा सके। ये चुनाव ऐसे समय कराए गए, जब देश का ज्यादातर हिस्सा भीषण गर्मियों की चपेट में रहता है। इस तथ्य को जितनी अहमियत मिलनी चाहिए थी, उतनी न देते हुए आयोग ने छह सप्ताह की अप्रत्याशित रूप से लंबी मतदान प्रक्रिया निर्धारित कर दी। इसके पीछे मकसद निश्चित रूप से मतदान प्रक्रिया को यथासंभव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाए रखना था, लेकिन इस वजह से नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में चुनावों को लेकर दिलचस्पी बनाए रखना मुश्किल होता गया। कम मतदान प्रतिशत के पीछे एक वजह यह भी मानी जा रही है। चूंकि ज्यादातर वोटरों को वोट देने के लिए बूथ तक जाना होता है और अनुभव बताता है कि यह हमेशा आसान नहीं होता, इसलिए इसका ध्यान रखने की जरूरत होती है कि जहां तक हो सके, वोटरों के घर से बूथ की दूरी ज्यादा न हो। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ही बात की जाए तो यहां की सातों संसदीय सीटों में बूथों की संख्या 2019 के मुकाबले कम रखी गई थी। वह भी तब, जबकि मतदाताओं की संख्या में 9 लाख का इजाफा हो चुका था। जाहिर है, ऐसे में खास तौर पर बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वोट देने जाना थोड़ा और मुश्किल हुआ। भारत जैसे बड़े और विविधतापूर्ण देश में अगर चुनाव विश्वसनीय माने जाते रहे हैं तो इसका श्रेय चुनाव आयोग को ही जाता है। सहज और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर है इस प्रक्रिया पर मतदाताओं का विश्वास। इस विश्वास को मजबूती मिलती है आकंड़े समय पर जारी होते रहने से। ध्यान रखना चाहिए कि सूचनाओं का अभाव संदेह को जन्म देता है। देखा जाए तो चुनाव आयोग के लिए सबसे मुश्किल होता है विभिन्न पार्टियों के नेताओं से चुनावी आचार संहिता का पालन कराना। अक्सर पार्टियों का नेतृत्व आयोग के नोटिसों को पर्याप्त महत्व नहीं देता। इन नोटिसों और दिशानिर्देशों को अदालतों में चुनौती भी दी जाती है। जो बात चुनाव आयोग के पक्ष में जाती है वह है यह परसेप्शन कि आयोग अपने सख्त रुख पर अडिग रहा और पक्ष-विपक्ष की चिंता किए बगैर आचार संहिता के उल्लंघनों पर त्वरित प्रतिक्रियाएं देता रहा। आयोग को भविष्य में भी इस परसेप्शन का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि उसके निष्पक्ष रहने जितना ही जरूरी है उसका निष्पक्ष दिखना।

## टेक्नोलॉजी वॉर- एआई में क्या हो रास्ता

दुनिया में इन दिनों टेक्नॉलजी वॉर भी चल रही है। यह मुकाबला खासतौर पर अमेरिका और चीन के बीच दिख रहा है। इस जंग में चीन की बढ़त रोकने के लिए अमेरिका से कई चीजों के वहां निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। खासतौर पर अत्याधुनिक चिप के चीन को निर्यात पर उसने सख्त पाबंदियां लगा रखी हैं। यह बात इसलिए मायने रखती है कि जेनरेटिव एआई का जमाना शुरू हो चुका है, जिसके लिए खास चिप की जरूरत पड़ती है। अमेरिका और चीन दुनिया की दो बड़ी इकॉनमी हैं और भारत के कुछ वर्षों में पांचवें से तीसरे नंबर पर पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प भी किया है। लेकिन इसके लिए भारत को भी एआई और जेनरेटिव एआई की टेक्नॉलजी में आगे बढ़ना होगा, जिसमें अभी वह पीछे है। कई चीजें हैं, जो इसमें भारत की मदद कर सकती हैं। गूगल के बॉस सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के बॉस सत्य नडेला ने इसकी ओर इशारा किया है। दोनों का कहना है कि भारत को आईए युग में ले जाने में यहां इंटरनेट यूजर्स की बड़ी संख्या मददगार हो सकती है। यहां जो विशाल कंटेंट तैयार हो रहा है, उसकी मदद से लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएमएम) को बेहतर ट्रेनिंग दी जा सकती है। भारत की दूसरी बड़ी ताकत है सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की भारी संख्या। असल में,एआई की मदद से अगर देश प्रॉडक्टिविटी बढ़ाने में कामयाब रहा तो उसके लिए विकसित देश के लक्ष्य की ओर बढ़ना आसान होगा। इन्फॉरमेशन टेक्नॉलजी सर्विसेज की दुनिया में वह अपना मकाम बना चुका है।

# आइपीएल के बाद अब टी-20 वर्ल्ड कप में बल्ला चलेगा दनादन

(आदर्श प्रकाश सिंह)

*नए बल्लेबाजों ने जमाया रंग इस बार के आईपीएल में कुछ नए युवाओं ने अपने खेल से मन मोह लिया है। इसमें दो नाम प्रमुखता से लिये जा सकते हैं। राजस्थान रायल्स के रियान पराग और हैदराबाद टीम के अभिषेक शर्मा ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पराग ने राजस्थान को प्ले ऑफ तक पहुंचाने में काफी मदद की। उसके बल्ले से कुल 573 रन बने। इस प्रदर्शन के बाद उसका भी भारतीय टीम में आने का दावा मजबूत हो गया है। बाएं हाथ के बैटर अभिषेक ने हैदराबाद के लिए एक ओपनर की भूमिका निभाई।*

भारत के दो सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह आईसीसी का आखिरी विश्व कप हो सकता है। कोहली 35 तो रोहित 37 साल के हैं। इन दोनों के पास टीम इंडिया को आईसीसी ट्राफी दिलाने का यह अंतिम मौका हो सकता है। नए चैम्पियन के साथ ही आईपीएल17 का समापन हो गया। अब 2 जून से अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप का आगाज होगा। 20 ओवरों के मैच में दनादन चौके व छक्के लगते हैं। तो अब खेल प्रेमियों का एक महीने और मनोरंजन होगा। आईपीएल दो महीने तक चला। विश्व कप का फाइनल 29 जून को ब्रिजटाउन में खेला जाएगा। भारत ने 2007 में धोनी की कप्तानी में पहला टी-20 विश्व कप जीता था। उस टीम में मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा शामिल थे। इसके बाद 17 साल से भारत के हाथ में यह कप नहीं आ पाया है। देखना है कि यह लंबा सूखा 2024 में खत्म हो पाता है या नहीं। दो साल पहले पिछले विश्व कप में भारत सेमी फाइनल में पहुंच गया था लेकिन इंग्लैंड से शर्मनाक हार के बाद ट्राफी जीतने का सपना टूट गया। टीम में कुछ बदलाव के साथ नई चुनौती से निपटने के लिए हमारी टीम अमेरिका में पहुंच कर अभ्यास कर रही है। आईपीएल के विजेता का फैसला 26 मई की रात को हुआ जब कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हरा कर खिताबी जीत हासिल कर ली। यह कोलकाता की तीसरी आईपीएल ट्राफी है। इससे पहले 2012 और 2014 में यह टीम चैम्पियन बनी थी। लीग चरण में धुआंधार बल्लेबाजी करने वाले हैदराबाद के बल्लेबाज फाइनल में नाकाम रहे। दरअसल, यह मैच एकतरफा हो गया और फाइनल का रोमांच देखने को नहीं मिला। हैदराबाद की टीम महज 113 रन पर सिमट गई। यह आईपीएल के फाइनल का सबसे कम स्कोर है। हैदराबादी बल्लेबाज पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाए। केकेआर ने इस आसान लक्ष्य को 11वें ओवर में ही पूरा कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस हैदराबाद के कप्तान थे लेकिन वह अपनी टीम को खिताब नहीं दिला सके। जबकि उनके ही देश के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क कोलकाता की ओर से खेल रहे थे। इस आईपीएल के वह सबसे महंगे खिलाड़ी थे। कोलकाता ने स्टार्क को 24.75 करोड़ में खरीदा था। लीग चरण में उनका प्रदर्शन कोई खास नहीं था लेकिन प्ले ऑफ और फाइनल में उन्होंने कमाल दिखा दिया। स्टार्क ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा को आउट करके हैदराबाद को झटका दे दिया। कोलकाता के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को रन नहीं बनाने दिए और नतीजा अपने पक्ष में कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर का खुद का प्रदर्शन जोरदार नहीं था लेकिन साथी खिलाड़ियों सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर और आन्द्र रसेल की बदौलत वह कोलकाता को विजय दिला गए। कोलकाता की जीत में इसके मेंटर गौतम गंभीर की भूमिका खास रही। वह कोलकाता टीम के कप्तान रह चुके हैं। बीच में दो साल वह लखनऊ से जुड़ गए थे। मगर, वापस कोलकाता को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस कामयाबी के बाद भारतीय टीम के नए कोच के रूप में गंभीर का नाम भी लिया जा रहा है। विराट और रोहित का यह आखिरी विश्व कप होगा भारत के दो सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह आईसीसी का आखिरी विश्व कप हो सकता है। कोहली 35 तो रोहित 37 साल के हैं। इन दोनों के पास टीम इंडिया को आईसीसी ट्राफी दिलाने का यह अंतिम मौका हो सकता है। आम तौर पर इस उम्र में खिलाड़ी संन्यास ले लेते हैं। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि ये दोनों दिग्गज इस बार भारत को चैम्पियन बनाने के लिए पूरा जोर लगा देंगे। आईपीएल में विराट कोहली अच्छी फार्म में दिखे थे। उन्होंने सर्वाधिक 741 रन बना कर ऑरेंज कैप भी जीती है। हालांकि, वह अपनी बेंगलुरू की टीम को आईपीएल का खिताब नहीं दिला सके। मगर, उनके बल्ले से खूब रन निकले। रोहित मुंबई टीम में थे, उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें हटाकर हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाने से कई तरह के विवाद भी सामने आए। खैर, अब विश्व कप में नई चुनौती है। पांड्या उप कप्तान हैं। आईपीएल में उनका भी प्रदर्शन खराब रहा। यही वजह है कि मुंबई की टीम सबसे आखिरी पायदान पर रही। आईपीएल 2024 को महेन्द्र सिंह धोनी के लिए याद रखा जाएगा। भारत के इस चमकते सितारे ने संभवतरू अपना आखिरी मैच खेल लिया है। आईपीएल के 17 सालों के इतिहास में धोनी ने कोई भी सत्र मिस नहीं किया। वह चेन्नई सुपर किंग्स की जान थे। उनके बिना इस टीम की कल्पना नहीं की जा सकती। मगर, हर खिलाड़ी का एक समय आता है जब उसे अलविदा कहना पड़ता है। 42 साल के धोनी के लिए यह समय आ गया है। हालांकि, अभी यह अटकलें ही हैं क्योंकि धोनी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सीएसके के सीईओ ने कहा है कि वह धोनी को 2025 में भी खेलते देखना चाहेंगे। मगर, इस सत्र में दिखा कि देश का यह पूर्व कप्तान थक चुका है। बैटिंग आर्डर में वह काफी नीचे सातवें या आठवें नंबर पर आ रहे थे। इससे यह संकेत मिला कि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं। यही नहीं, उन्होंने इस सत्र में कप्तानी का भार युवा रुतुराज गायकवाड़ को सौंप दिया था ताकि उनकी निगरानी में चेन्नई को नया कप्तान मिल सके। हालांकि, उनकी टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी लेकिन सभी ने धोनी को आखिरी बार मैदान पर बल्लेबाजी करते हुए देखा। यह बड़ा भावुक पल था। बेंगलुरू टीम के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का यह आखिरी आईपीएल था। 22 मई को राजस्थान रायल्स के खिलाफ उन्होंने एलिमिनेटर मैच खेलने के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया। धोनी की तरह वह भी 17 साल पहले आईपीएल के प्रारंभ से ही खेल रहे थे। 38 वर्षीय कार्तिक को अपने करियर के अंत में एक फिनिशर के रूप में जबरदस्त सफलता मिली। उन्होंने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी 20 मैच खेले। दरअसल, धोनी के कारण उन्हें भारतीय टीम की तरफ से खेलने के मौके कम मिले। बतौर विकेटकीपर धोनी पहली पसंद थे। आईपीएल में उन्होंने छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 5 हजार से अधिक रन बनाए। वह एक सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान भी रहे। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी का कॅरियर 20 साल तक रहा। पिछले टी?20 विश्व कप में कार्तिक भारतीय टीम में शामिल थे।

# नशे में तबाह होती जिंदगियों को बचाना होगा

(ललित गर्ग )

नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं। बेशक 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। सरकार की नीतियां भी दोगली है। लेकिन तेलंगाना सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ऐसे निर्णय केन्द्र सरकार एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों को भी लेने चाहिए। क्योंकि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया। आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5391

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5390

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

## वर्ग पहेली 5391

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | | 9 |
| | ■ | 10 | | ■ | 11 | | |
| 12 | 13 | | | ■ | | ■ | |
| 14 | | ■ | 15 | | | ■ | ■ |
| | ■ | 16 | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | 20 | ■ |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. ये तिब्बत के राष्ट्राध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरू है, यह एक मंगोलियाई पदवी है, जिसमका मतलब होता है ज्ञान का महासागर (5)
6. बराबर, विभाज्य (2)
7. विम्बलडन नाम इस खेल से जुड़ा है (5)
10. द्वार यंत्र, लॉक (2)
11. हस्तलिखित, उपरोपित, पैबंदी (3)
12. सिंह या शेर को यह भी कहते है (4)
14. पेरिस शहर इस नदी के किनारे बसा है , यह नदी इंगलिश चैनल मे जाकर गिरती है (2)
15. क्रम में प्रथम, आदिम (3)
16. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
17. जननी, मां, मातृ, पैदा करने वाली स्त्री (1)
18. पश्चिमी अफ्रीका के देश घाना की यह राजधानी है (3)
19. अध्ययन (अंग्रेजी)(2)
21. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ पुत्र का यह नाम था (2)
22. पुराणानुसार एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उसकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
23. धमनी, स्पंद, रग (2)

**ऊपर से नीचे**

1. दस दिन का आयोजन या कार्यक्रम (6)
2. अलक, जुल्फ (2)
3. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना की (8)
4. इज्जत, प्रतिष्ठा, आबरू, मापदंड (2)
5. पवन, वायु, हवा (3)
8. तकनीकी संबंधी जानकारी रखने वाला (6)
9. वायु, पवन, बयार (3)
10. बृहस्पति की पत्नी का नाम (2)
13. महिला ईसाई पादरी (2)
16. शरीर का एक संवेदी अंग (2)
18. ऐक्सिस, कीलक, धुरी, मेरू (2)
20. किसी महाविद्यालय का प्रमुख (2)

### वर्ग पहेली 5390 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्री | स | ■ | फि | रो | जा | बा | द |
| वा | र | दा | त | ■ | न | ग | र |
| ■ | प | ह | र | ■ | की | ■ | मा |
| ह | र | क | त | ■ | खै | र | ■ |
| द | स्त | ■ | ■ | सू | र | ज | ■ |
| क | ■ | जू | न | ■ | म | क | र |
| र | ख | ना | ■ | पा | ना | ■ | क्षि |
| ना | त | ■ | ■ | क | ना | ग | त |

# आज का राशिफल

### मेष
आज सम्मान में वृद्धि का दिन है। आज आपको कोई सुअवसर मिलने से लाभ होगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। किस्मत आपका साथ देगी और आपके धन में वृद्धि होगी।

### वृष
आज आपका दिन खुशी में बीतेगा। परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए आप कुछ जरूरी चीजों की खरीद करेंगे। फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। फालतू की चीजों में पैसे वेस्ट न करें। शाम के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है।

### कर्क
आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आपको बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी। आज काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से राहत मिलेगी। किसी कारण से आपको दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है। नौकरी और कारोबार के काम से बाहर जाना पड़ सकता है। छोटे मोटे काम के लिए समय निकालना आसान होगा। आज आपके लिए महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है।

### सिंह
आज दिन सफलता से भरा होगा। आज उन्नति के क्षेत्र में कई रास्ते खुलेंगे और आपको लाभ होगा। अध्ययन व आध्यात्म में रुचि बढ़ने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपके जीवन से विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता-गुरु की सेवा करें तो आपका दिन शुभ होगा।

### मिथुन
आज काफी बिजी रहेगा और आज किसी बहन भाई की चिन्ता करते रहेंगे। आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए काम करते हैं तो इस बार भी आपको काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। कोई चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

### कन्या
आज कारोबार की चिंता काफी परेशान करेगी। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है और आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। नौकरी व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम त्यागना पड़ेगा और थोड़ी सी भागदौड़ करनी पड़ेगी।

### तुला
आज दिन सफलता से भरा होगा और आज काफी बिजी रहेंगे। विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी और उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें और अपने रोजाना के काम पर ध्यान दें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय बहुत ही अनुकूल है। आपको लाभ होगा और कार्ययोजनाएं सफल होंगी।

### मकर
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। आज किसी नए मामले में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपका रुआ हुआ धन कठिनाई से मिलेगा और आपको रोजमर्रा के काम से आज कुछ राहत मिलेगी। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात का समय मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मिलेगा।

### कुंभ
आज किस्मत साथ दे रही है और आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। ग्रह चाल से आपका भाग्य विकास होगा। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों के साथ आपका वक्त अच्छा बीतेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा।

### धनु
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। आपकी अपनी नज़र भी अपनी उपलब्धियों को लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने से आपको लाभ होगा और आपके कार्य पूर्ण होंगे। अपने काम में लापरहवाही न करें। आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है। व्यर्थ की मान बढ़ाई की इच्छा के कार्यों से दूर रहें। अपने कार्य में ध्यान केन्द्रित करें।

### मीन
आज दिन परेशानी और चिंता में बीतेगा। आपको कुछ मामलों में बिना वजह की परेशानी होगी। कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों का सामना आपको करना पड़ सकता है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### सिरमटोली फ्लाइओवर के लिए जल्द दी जायेगी केबल स्टे कार्य को मंजूरी

**रांची, एजेंसी।** सिरमटोली-मेकन फ्लाइओवर निर्माण के लिए केबल स्टे की अनुमति अब जल्द मिलेगी. इसके लिए पथ निर्माण विभाग की ओर से सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गयी हैं. विभाग ने रेलवे को उसके सवालों का जवाब भेज दिया है. साथ ही रेलवे के सुझावों को मानते हुए उसे अवगत भी करा दिया है. प्रयास किया जा रहा है कि जल्द अनुमति मिल जाये. अनुमति मिलने के बाद निवारणपुर से पटेल चौक के बीच केबल स्टे का काम हो सकेगा. इसे रांची रेलवे लाइन के ऊपर से बनाया जायेगा. इस काम के हो जाने से फ्लाइओवर का काम पूरा हो जायेगा, क्योंकि अन्य कार्य लगभग पूरे करा लिये गये हैं. दोनों ओर का रैंप भी लगभग तैयार है. जानकारी के मुताबिक काफी समय से केबल स्टे की अनुमति का मामला रेलवे के पास लटका हुआ है. ऐसे में फ्लाइओवर का काम पूरा नहीं हो पा रहा है. वहीं योजना भी पीछे चल रही है.

### विद्युत की बढ़त से भाजपा में उत्साह

**जमशेदपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में वोटों की गिनती शुरू है, जहां हर राउंड में भाजपा प्रत्याशी की बढ़त से पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा है। जमशेदपुर संसदीय सीट पर दूसरे राउडं की मतगणना के अनुसार विद्युत वरण महतो 92 ,861 मत मिले है वही दूसरी ओर उनके निकटतम प्रत्याशी जेएमएम के समीर मोंहती को 32,111 मत मिले है ।दूसरे चक्र की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो 60,750 मतों से आगे चल रहे हैं

### गर्मी में डालसा ने वितरीत किया ओआरएस पैकेट व ठंडा पानी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा भीषण गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डालसा आगे बढ़ी है। मानव सेवा की भावना से लोगों के बीच ठंढा पानी और ओआरएस पैकेट वितरित किया गया। डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार को झालसा के निर्देश पर मोबाईल वैन द्वारा कदमा उलियान स्थित साईं बाबा मंदिर, शास्त्री नगर, साकची गोलचक्कर व मानगो चौक आदि जगहों में सैकड़ों लोगों को राहत पहुंचाया है। ट्रैफिक पुलिस के बीच भी ठंडा बोतल पानी और ओआरएस का पैकेट बांटे गए। इसमें डालसा के पीएलवी नागेन्द्र कुमार, सुनील पांडेय, आशीष प्रजापति, संजय तिवारी, सदानंद महतो , संजीत दास एवम डालसाकर्मी संजय सिंह, रवि मुर्मू शामिल थे।

### मेडिकल कॉलेज में खुलेगा एक और जन औषधि केंद्र

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरीजों के लिए अच्छी खबर। उन्हें दवाओं पर अब भारी भरकम खर्च नहीं करना होगा। इस अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक में एक नया जन औषधि केंद्र खेलने की तैयारी चल रही है। यहां मरीजों को सस्ती दर पर जेनेरिक दवाइयां मिलेंगी। यह ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती है। इस नए केंद्र का संचालन प्राइवेट एजेंसी द्वारा किया जाएगा ।बता दें कि धनबाद मेडिकल कॉलेज में एक सरकारी जन औषधि केंद्र पहले से संचालित है। गोयनी मेन गेट के पास संचालित इस केंद्र में भी जेनेरिक दवाइयां सस्ती दर पर मिलती हैं। हालांकि इस केंद्र में हमेशा दवाओं की कमी बनी रहती है, जिसके कारण मरीजों को सस्ती दवा का लाभ नहीं मिल पाता। नया केंद्र ओपीडी ब्लॉक में ऊपरी तल्ले पर कमरा संख्या 48 में खोला जा रहा है। चूंकि इस केंद्र का संचालन प्राइवेट एजेंसी द्वारा किया जाना है, यहां दवाओं की उपलब्ध रहने की संभावना जताई जा रही है।

### एमबीबीएस छात्राओं को दिया गया फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में बुधवार को फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही छात्राओं को फायर फाइटिंग के तरीके बताए गए ।पैथोलॉजी की एचओडी सह गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन डॉ लीना सिंह के पर्यवेक्षण में केके त्रिपाठी ने सबसे पहले छात्राओं को फायर एक्सटिंगुइशर के इस्तेमाल की जानकारी दी। उन्हें बताया कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले अपने को शांत रखना है और खुद को सुरक्षित कर लेना है। इसके बाद बचाव की दिशा में कोशिश करनी है।

# 160 किमी दूर स्थित तिलैया डैम से पानी लाने के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन

## छह साल बाद नई शहरी पेयजलापूर्ति योजना शुरू होने की उम्मीद बढ़ी

**चतरा, एजेंसी।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। जलस्रोत नहीं मिलने के कारण करीब छह सालों से लंबित नई शहरी पेयजलापूर्ति योजना शुरु होने की उम्मीद बढ़ गई। अब करीब 160 किलोमीटर दूर स्थित तिलैया डैम से पानी लाने की योजना है। इसके लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। सबकुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द ही नई शहरी पेयजलापूर्ति योजना से लोगों को पानी मिलने लगेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार चतरा शहर की आबादी 49 हजार 985 है। एक अनुमान के अनुसार 2024 में यह जनसंख्या बढ़कर करीब 70 हजार हो गई है। पूर्व से शहर में तीन जल मीनारों के माध्यम से शहर के मात्र 15 हजार की आबादी में ही जलापूर्ति हो रही थी (जस्रोत सूखने कारण फिलहाल पेयजलापूर्ति ठप है) यानी शहर की तकरीबन 55 हजार की आबादी जलापूर्ति की सुविधा से महरूम है। ये आबादी आज भी हैंड पम्प और दूसरे स्रोतों पर आश्रित है। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने शहरी जलापूर्ति योजना तैयार की और इसके कार्यान्वयन के लिए 10 मई 2018 को जुडको के साथ इकरारनामा किया। इस योजना की प्राक्कलित राशि करीब 64 करोड़ है।



इसके लिए तैयार डीपीआर के अनुसार शहर में तीन जलमीनार, एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पूरे शहर के गली-मोहल्ले में पाइप बिछाना और इंटेक वेल का निर्माण कर 8 हजार घरों को कनेक्शन देना है। जलापूर्ति योजना की कार्यान्वयन एजेंसी जुटको ने लगभग ये सारे कार्य भी पूरे कर लिए हैं। जल मीनारों का 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसी तरह जलापूर्ति योजना के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनकर पूरी तरह तैयार है। शहर के गली-मोहल्ले में पाइप बिछाकर आठ हजार घरों में कनेक्शन भी दे दिए जा चुके हैं। लेकिन सिर्फ इंटक वेल नहीं बन पाने के कारण योजना शुरू नहीं हो पा रही थी।

बक्शा व डहूरी डैम से पानी देने से कर दिया था इनकार चतरा के डाहूरी डैम या इटखोरी के बक्शा नदी में इंटक वेल बनाकर वहां से शहर में पानी लाने की योजना थी। लेकिन इंटक वेल बनाने की बारी आई तो जल संसाधन विभाग ने मना कर दिया। विभाग का कहना है कि डाहूरी डैम और इटखोरी के बक्सा नदी का पानी किसान और मछली पालन के काम में आता है। इसके कारण शहर में जलापूर्ति के लिए यहां से पानी नहीं दिया जा सकता है। जल संसाधन विभाग के मना करते ही पेयजल स्वच्छता विभाग सकते में आ गया है। जुडको के साथ हुए इकरारनामे के मुताबिक इस योजना को दो साल में ही यानी 10 मई 2020 को ही पूरा कर लेना था। लेकिन छह साल बीत जाने के बाद भी योजना पूरी नहीं हो पाई थी। इसके बाद विभाग ने तिलैया डैम से चतरा पानी लाने की योजना बनाई और इसमें कामयाबी मिल गई।

# 11वीं में सीट बढ़ाने के लिए जैक ने शिक्षा निदेशक को लिखा पत्र




**रांची, एजेंसी।** झारखंड एकेडमिक कार्उसिल (जैक) ने 11वीं कक्षा में नामांकन के लिए निर्धारित सीट 384 को बढ़ाने के संबंध में प्राप्त अभ्यावेदन पर निर्णय लेने के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है. जैक के सचिव सच्चिदानंद दिव्येंदु तिग्गा द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि स्थायी प्रस्वीकृत इंटर महाविद्यालयों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-26 के लिए निर्धारित सीट 384 को बढ़ाने को लेकर अभ्यावेदन दिया गया है. साथ ही झारखंड राज्य वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा से भी सीट वृद्धि को लेकर एक अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ है. सचिव ने पत्र में यह भी लिखा है कि विदित है कि वित्त रहित शैक्षणिक संस्थान (अनुदान) (संशोधित नियमावली, 2015 में) महाविद्यालय अनुदान देने के लिए छात्रों की संख्या के आधार पर स्लैब के साथ अनुदान राशि आवंटित किये जाने का प्रावधान है. सचिव ने 11वीं में नामांकन के लिए अपने स्तर पर सीट वृद्धि के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई करने का अनुरोध शिक्षा निदेशक से किया है.

इंटर कॉलेजों के प्रत्येक संकाय में 384 सीटों पर नामांकन लेने के निर्णय का विरोध हो रहा है. इस संबंध में झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने जैक के सीट निर्धारण के विरोध में सड़क से लेकर न्यायालय तक संघर्ष करने की बात कही है. सात जून को मोर्चा के अध्यक्षमंडल की बैठक बुलायी गयी है. इसमें जैक का घेराव तथा राजभवन के समक्ष महाधरना देने पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा. अरविंद सिंह व मनीष कुमार ने बताया कि उक्त बैठक में राज्य के सभी प्राचार्यों, प्रधानाचार्ययों, शिक्षक प्रतिनिधियों को बुलाया गया है. जब तक जैक अपना निर्णय वापस नहीं ले लेगा, तब तक संघर्ष जारी रखा जायेगा. जैक के निर्णय के खिलाफ मोर्चा 50 से अधिक विधायकों से हस्ताक्षर करा कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौपेंगा. मोर्चा ने कहा कि इस बार राज्य में 3.78 लाख बच्चे मैट्रिक की परीक्षा पास किये हैं, उन सभी बच्चों का नामांकन कैसे होगा.

# 7 सालों में 2020 व 21 को छोड़ कभी समय नहीं आया मॉनसून, इस बार 15 तक आएगा

**बोकारो, एजेंसी।** चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के झोंका के बाद लोग बेसब्री से मॉनसून के आने का इंतजार करने लगते हैं। लोगों को लगता है कि कब और कितनी जल्दी मॉनसून की बारिश शुरू हो जाए ताकि गर्मी से राहत मिले। हालांकि इस बार प्री-मॉनसून की बारिश ने हीट वेव से राहत दिलाई है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल 12 से 15 जून तक मॉनसून के झारखंड में पहुंचने की संभावना है।

पिछले सात सालों में कोरोना काल के वर्ष 2020 और 2021 को छोड़कर कभी भी समय पर मॉनसून बोकारो नहीं पहुंचा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि मॉनसून आने पर जिस क्षेत्र में वर्षा ज्यादा होनी शुरू हो जाती है, उसी से अनुमान लगाया जाता है कि मॉनसून किस जगह से राज्य में प्रवेश किया। वैसे सबसे अधिक झारखंड में मॉनसून साहेबगंज के रास्ते होकर ही प्रवेश किया है, क्योंकि बंगाल की खाड़ी की नमी मॉनसून को जल्द लाने में सहयोग करती है। जो कि राज्य के पूर्वी भाग होकर राज्य में प्रवेश करती है।

**मॉनसून की प्रगति केरल से :** देश की मुख्य भूमि पर दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की प्रगति



केरल से शुरू होती है। यह एक महत्वपूर्ण संकेत है कि जो गरम और शुष्क मौसम से वर्षा के मौसम में परिवर्तन को दर्शाता है। मॉनसून जब उत्तर की ओर बढ़ता है, तब गर्मी से राहत का अनुभव होता है।

**10 साल में 7 बार साहेबगंज के रास्ते प्रवेश किया मॉनसून :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मॉनसून ने पिछले 10 सालों में 7 बार साहेबगंज की ओर से ही प्रवेश किया है। तीन बार जमशेदपुर की ओर से आया है।

मॉनसून के प्रवेश के साथ ही एक सप्ताह में पूरे झारखंड में बादल छा जाते हैं। ऐसा नहीं है कि यह एक खास रूट ही फॉलो करता है। लेकिन पहले साहेबगंज को छूता है। उसके बाद ओडिशा की ओर से भी बादल आने लगते हैं। इसके बाद दो दिन तक बारिश के साथ हवा और बादलों की स्थिति को देख मॉनसून की घोषणा की जाती है। इस तरह मॉनसून का मुख्य रास्ता साहेबगंज माना जाता है।

# बीबीए और बीसीए का क्रेज, 220 सीटों के लिए 900 से अधिक आवेदन

**रांची, एजेंसी।** रांची के कॉलेजों और विश्वविद्यालय में स्नातक के नामांकन की प्रक्रिया चल रही है. पारंपरिक विषय जहां विद्यार्थियों की पहली पसंद होते हैं. वहीं वोकेशनल कोर्स में दो विषय (बीबीए/बीसीए) ऐसे भी हैं जिनकी मांग काफी ज्यादा रहती है. स्थिति यह है कि दोनों विषयों में नामांकन के लिए कॉलेजों और विवि प्रशासन को प्रवेश परीक्षा लेनी पड़ती है. मारवाड़ी कॉलेज और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में इन दोनों वोकेशनल विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है.

बीबीए और बीसीए अभी के समय में विद्यार्थियों की सबसे पसंदीदा विषयों में एक है. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में बीबीए के लिए 2023 में 220 सीटों के लिए 925 विद्यार्थियों ने आवेदन दिया था. वहीं बीसीए की 220 सीटों के लिए कुल 550 आवेदन आये थे. इसी तरह मारवाड़ी कॉलेज में 2023 में बीबीए की 140 सीटों के लिए कुल 950 आवेदन आये थे. जबकि बीसीए की 140 सीटों के लिए 1000 आवेदन विद्यार्थियों ने दिये थे. वहीं अगर 2024 की बात करें तो डीएसपीएमयू में अभी तक बीसीए के लिए 589 आवेदन व बीबीए के लिए 919 आवेदन आये हैं. जबकि मारवाड़ी कॉलेज में बीबीए के लिए 650 आवेदन और



बीसीए के लिए 700 आवेदन आये हैं. इन विषयों में नामांकन के लिए अप्लाई करने की अंतिम तारीख आठ जून है. इसके पहले इन दो विषयों के नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा की तारीख जारी की जायेगी.

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के नामांकन प्रभारी व आइटी सेल के इंचार्ज डॉ आइएन साहू ने बताया कि बीबीए और बीसीए के विद्यार्थियों का बेहतर प्लेसमेंट होता है और संभावनाएं अधिक होती है, जिसके कारण एडमिशन के लिए सबसे अधिक आवेदन आते हैं. वहीं मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती ने बताया कि इन दो विषयों में बेहतर प्लेसमेंट का विकल्प विद्यार्थियों को मिलता है.

# स्टेशनों में असुरक्षित है बच्चे और बच्चियां, रेलवे स्टेशन से अपहरणकर्ता से बचाई गई युवती

**रांची, एजेंसी।** रांची स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के संयुक्त प्रयास से युवती को अपरहणकर्ता से मुक्त कराया गया। आरपीएफ ने जानकारी दी कि 29 मई को बिहार के गया जिला से एक युवक अपनी मानसिक रूप से विक्षिप्त बहन को इलाज के लिए कांके सीआइपी लाया था। इलाज के बाद अपने घर जाने के लिए रांची स्टेशन आया और स्टेशन के टिकट बुकिंग काउंटर से टिकट लेने के बाद बहन को टिकट काउंटर के हॉल में बैठाकर खाना लाने गया। जब वापस आया तो देखा कि उसकी बहन नहीं है। काफी खोजबीन के बाद उसे जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरपीएफ निरीक्षक दिंगजय शर्मा और जीआरपी प्रभारी प्रदीप मिंज ने संज्ञान लेते हुए ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत खोजबीन चालू की। इसी क्रम में सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। जिसमें पाया गया कि गलत नियत से बहला फुसलाकर युवती को अपने साथ ले जाते हुए दिखाई दिया। इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी 50 वर्षीय नामकुम निवासी उपेंद्र कुमार को स्टेशन से पकड़ा गया। ज्ञात हो कि इन दिनों रांची और हटिया स्टेशन में बाल तस्कर व मानव तस्कर गिरोह सक्रिय हो गए हैं। वे परिस्थिति का लाभ उठाकर स्टेशन से ही बच्चों, नाबालिग युवतियों को बहला फुसलाकर ले जा रहे है। मई माह में ही रांची स्टेशन से एक नवजात बच्चे की भी चोरी कर ली गई थी। वहीं, दो जून को रांची स्टेशन से ओड़िशा के अपहरणकर्ता व नाबालिग को बरामद किया गया। नौ मई को स्टेशन से भी एक बच्चे को बरामद किया गया। इसके अलावा एक मई को आरपीएफ ने 10 नाबालिग बच्चों को रांची स्टेशन से बाल तस्करी होने से बचाया था। नौ अप्रैल को भी तीन नाबालिग लड़के और एक बाल तस्कर, छह अप्रैल को सात नाबालिग बरामद, तीन बाल तस्कर को गिरफ्तार कर चुकी हैं।

# ड्रग्स नेटवर्क के अंतिम अपराधी तक कड़ी कार्रवाई करे रांची पुलिस : डीजीपी

**रांची, एजेंसी।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने ड्रग्स नेटवर्क में शामिल अंतिम अपराधी तक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश रांची पुलिस को दिये हैं. वहीं, शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास सक्रिय ड्रग पैडलरों की पहचान कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने को कहा है. श्री सिंह सोमवार को पुलिस मुख्यालय में रांची जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर हुई समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता कर रहे थे.

डीजीपी ने नये अपराधियों पर भी विशेष निगरानी के निर्देश दिये. उन्होंने राजधानी में लगातार हो रही छिनतई की घटनाओं पर भी नाराजगी जतायी और इन पर पूरी तरह रोक लगाने को कहा. बैठक के दौरान रांची रेंज डीआइजी ने पिछले तीन वर्षों में रांची में हुए संवेदनशील अपराधों पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया. वहीं, हत्या, लूट, डकैती, अपहरण व रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देनेवाले बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए बनी ठोस रणनीतियों की जानकारी डीजीपी को दी. बैठक में एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर, आइजी



एमवी होमकर, रांची प्रक्षेत्र आइजी अखिलेश झा, रांची रेंज डीआइजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल व ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली सहित अन्य मौजूद थे.

**सभी बार कर करें सत्यापन :** डीजीपी ने 26 मई की रात चुटिया के एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल की घटना पर समीक्षा के दौरान रोष व्यक्त किया और रांची के पुलिस अफसरों को फटकार लगायी. साथ ही सभी थाना क्षेत्र के बार का सत्यापन करने और रात 11 बजे के बाद ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने का निर्देश दिया. उन्होंने लापरवाही बरतनेवाले पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही. एक सवाल के जवाब में डीजीपी ने कहा कि रांची में लॉ एंड ऑर्डर एसपी के अलावा दो डीएसपी और ट्रैफिक के लिए दो डीएसपी के प्रस्ताव पर लोकसभा चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न हो जाने के बाद मुख्यालय के स्तर पर आगे की कार्रवाई होगी.

**डीजीपी चेन छिनताई पर जता रहे थे नाराजगी इधर अपराधी दे रहे थे अपराध को अंजाम :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया स्थित महावीर चौक के पास रविवार रात 9:00 बजे बाइक सवार दो अपराधी एक महिला के गले से सोने की चेन खींच फरार हो गये. महिला शांति देवी अपने पति विजय कुमार के साथ हटिया चौक पर गिफ्ट खरीद रही थी. गिफ्ट खरीदने के बाद पति अपनी कार में जाकर बैठ गये. पीछे से पत्नी गिफ्ट पैक कराकर लौट रही थी. इसी दौरान पीछे से दो युवक आये और चेन छीन कर फरार हो गये. घटना की सूचना जगन्नाथपुर थाना पुलिस को दी गयी.

# अनाज मिलते ही शुरू कर दें वितरण, नहीं तो होगी कार्रवाई: बीडीओ

**गिरिडीह, एजेंसी।** सदर प्रखंड के सभागार में सोमवार को बीडीओ सह सदर एमओ गणेश रजक ने प्रखंड के डीलरों के साथ बैठक की। बैठक में एजीएम संजय कुमार, डीएसडी संचालक व कम्पयूटर ऑपरेटर भी थे। बैठक में बीडीओ सह एमओ ने कहा कि दुकानों तक अनाज पहुंचने के बाद एक-दो दिनों के अंदर अनाज को ई-पॉश में रिसीव करें और वितरण शुरु कर दें। अनाज मिलने के बाद वितरण में देर करने पर संबंधित डीलर को शो-कॉज कर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बीडीओ गणेश रजक ने डीलरों को वितरण प्रतिशत बढ़ाने को कहा और ग्रीन कार्ड के चावल व चना दाल वितरण पर भी जोर दिया। कहा कि प्रायः देखा जाता है कि डीलर कई दिनों तक अनाज पहुंचने के बाद भी वितरण देर से शुरु करते है। ऐसी स्थिति में डीलर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। सतर्कता समिति की निगरानी में डीलरों को अनाज वितरण करने को कहा। वहीं प्रवासी मजदूरों के राशन कार्ड सत्यापन को लेकर हर पंचायत के डीलरों को सूची उपलब्ध कराई और उसे पूरा करके तीन दिनों में जमा करने को कहा। इसके अलावा शत प्रतिशत आधार सीडिंग, एक व्यक्ति के कई कार्ड में नाम रहने पर विलोपन का कार्य, राशन कार्ड से मृत व्यक्तियों के नाम हटाने संबंधित कई निर्देश डीलरों को दिए।

# रात में सांप ने डंसा, नींद टूटी तो सांप को मारा और सो गया, सुबह होते मौत

**मनोहरपुर, एजेंसी।** मनोहरपुर प्रखंड में हर साल सर्पदंश से कई लोगों की जान चली जाती है। बावजूद ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश के मामले में जागरूकता की कमी है। सर्पदंश के ज्यादातर मामले ग्रामीण इलाकों से ही आते हैं। नया मामला रविवार की रात का है। प्रखंड के पुराना मनोहरपुर गांव में कमल नायक (65) की मौत सर्पदंश से हो गई है। जानकारी के अनुसार रोज की तरह वह अपने घर के अंदर खाट पर सोए थे। इसी दौरान आधी रात को करैत सांप ने उसके बाएं हाथ की कलाई में डंस दिया, पर उसे पता नहीं चला। थोड़ी देर बाद नींद खुली तो खाट के पास सांप को देखा।

तब उसने सांप को डंडे से मार दिया और उसे गमले से ढंक दिया। उसके बाद वह पुनः



सो गया। सोमवार तड़के हालत बिगड़ी तो उसने परिजनों को बताया कि उसे करैत सांप डंस लिया है। यह जान तत्काल परिजन अस्पताल ले गए। जहां एंटी वेनम इंजेक्शन देने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया गया। परंतु राउरकेला ले जाने के क्रम में ओडिशा के बिश्रा में उनकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि इस साल मनोहरपुर प्रखंड में सर्पदंश से यह पहली मौत है।मनोहरपुर के सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सांप के डंसने पर झाड़-फूंक से मरीज का इलाज नहीं कराएं। मरीज को तत्काल अस्पताल लेकर आएं। मनोहरपुर सीएचसी में एंटी वेनम दवा की कोई कमी नहीं है। साथ ही लोग जमीन पर सोने से बचें।

**करैत के डंसने के एक-दो घंटे में आने लगते हैं लक्षण, समय पर इलाज जरूरी :** आमतौर पर पहाड़ी चित्ती के नाम से जाना जाने वाला कॉमन करैत सांप मूलतः भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश समेत दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में पाया जाता है। इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। इसके डंसने से दर्द का पता इंसान को नहीं चल पाता है। इसकी वजह से इंसान भ्रम में पड़ जाता है। इसके लक्षण में 1-2 घंटे में चेहरे की मांसपेशियों का कसना और बात करने में असमर्थ होना शामिल है। अगर इलाज नहीं किया जाता है तो मरीज 4-8 घंटे के भीतर श्वसन पक्षाघात से मर सकता है।

**इधर, सरायकेला में 7 फीट का मिला अजगर, वन विभाग ने जब्त किया :** सरायकेला7 सरायकेला नगर क्षेत्र के कुदरसाई में 7 फीट का अजगर देखा गया। स्थानीय लोगों ने स्नेक कैचर राजा बारिक को इसकी सूचना दी। राजा ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर अजगर को रेस्क्यू किया और वन विभाग को सूचित करते हुए अजगर को घने जंगल में छोड़ दिया गया। अजगर का मिलना गांव में चर्चा का विषय बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अजमेर में 11वीं की छात्रा से गैंगरेप, ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए ऐंठे

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले में 11वीं की छात्रा से गैंगरेप और ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए ऐंठने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक नाबालिग को डिटेन किया है। मामला अजमेर के किश्चियनगंज थाना क्षेत्र का है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।पीड़िता के परिजनों ने इस संबंध में 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उनमें से दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है. वहीं एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है।

अजमेर एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि क्रिश्चनगंज थाना इलाके की रहने वाली 11वीं क्लास की छात्रा के परिजनों ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनकी ओर से दी गई रिपोर्ट के मुताबिक इरफान नाम के युवक ने उनकी बेटी को सोशल मीडिया के जरिए प्रेम जाल में फंसाया। फिर उसकी आईडी से अलग-अलग दोस्तों को कुछ फोटो और वीडियो अपलोड कर दिए। उसके बाद उनके स्क्रीनशॉट लेकर उसके साथ अवैध संबंध बनाए। आरोपी उसके बाद भी उसे ब्लैकमेल करता रहा. फिर पांच लाख रुपये की डिमांड की। इस मामले में अन्य बदमाश भी शामिल हैं. क्रिश्चनगंज थाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम का गठन किया गया. केस की पड़ताल के बाद मुख्य आरोपी इरफान और उसके सहयोगी अरबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अजमेर रेलवे स्टेशन के सामने फटा सिलेंडर, अफरातफरी

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में रेलवे स्टेशन के सामने एक ढाबे की रसोई में शॉर्ट सर्किट से आग गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद आग एलपीजी सिलेंडर तक पहुंची। देखते ही देखते सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। आसपास के 2 और ढाबे भी आग की चपेट में आ गए। हादसा सुबह साढ़े 10 बजे हुआ। हालांकि, भीषण आग और गैस सिलेंडर के फटने के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई। बता दें कि शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग पर यह रेस्टोरेंट स्थित है। हादसे की सूचना मिलने के बाद समीप ही क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की वजह से आसपास की तीन दुकानों और बाहर खड़ी बुलेट बाइक भी आग की भेंट चढ़ गई. आगजनी की इस घटना में दुकानों को लाखों का नुकसान हुआ है। हादसे से 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक गारमेंट्स की दुकान के मालिक अनूप शर्मा ने बताया कि आग लगने से आस पास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई. दुकानों के बाहर खड़े वाहनों को तुरंत हटा लिया गया। दुकानों पर मौजूद लोग भी तुरंत बाहर आ गए और दूर खड़े हो गए। इस आपाधापी में एक बुलेट बाइक को नही हटाया जा सका। आग इतनी तेजी से फैल रही थी कुछ ही देर में उसने विकराल रूप ले लिया। उन्होंने बताया कि आग सिलेंडर के भभकने से लगना सम्भव है।

### भिलाई में फिर करोड़ों की ठगी

**भिलाई, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन ठगी के मामले में लगातार शिकायतें सामने आ रहे हैं। पहले राजधानी रायपुर और अब भिलाई में एक बार फिर रिटायर्ड बैंक कर्मी को ठगों ने शिकार बनाया है। भिलाई नगर में इससे पहले रिटायर्ड बीएसएफ ऑफिसर से करोड़ों की ठगी हुई थी। इसके बाद अब बैंक ऑफ़ बड़ौदा के रिटायर बैंक कर्मी से 1 करोड़ 58 लाख रुपए की ठगी की गई है। बताया जा रहा है कि बैंक कर्मी को झांसे में लेकर शेयर ट्रेडिंग के लिए अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराकर इस ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बाद भिलाई नगर पुलिस ने मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। इस ठगी की घटना को लेकर भिलाई नगर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि हुडको सेक्टर निवासी सुरेंद्र चिदंबरम जो की बैंक ऑफ़ बड़ौदा में काम किया करते थे। 2 महीने पहले 25 मार्च को व्हाट्सएप में आए एक अनजान नंबर के मैसेज से उन्हें पहले ग्रुप में जोड़ा गया, उसके बाद उन्हें ऐप के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कूल जॉइन करने के लिए कहा गया। जहां जॉन पीटर नाम के व्यक्ति ने शेयर मार्केट के बारे में उन्हें जानकारी दी और उन्हें खुद को सेबी से रजिस्टर्ड बताया।

# गंगोत्री-केदारनाथ चारधाम रूट खराब मौसम से होगी टेंशन!

**देहरादून , एजेंसी।** गंगोत्री-केदारनाथ समेत चारों धामों पर जाने वाले भक्तों के लिए जरूरी खबर है। मौसम को लेकर बारिश पर अपडेट सामने आया है। ऐसे में चारधाम यात्रा रूट पर खराब मौसम की वजह से तीर्थ यात्रियों को टेंशन हो सकती है। मौसम पूर्वानुमान में पांच जिलों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम विभाग की ओर से अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम पूर्वानुमान में अलर्ट जारी होने के बाद तीर्थ यात्रियों से अपील है कि चारधाम यात्रा पर जाने से पहले मौसम से जुड़ी सभी जानकारी जुटा कर ही यात्रा पर जाएं।

आपको बता दें कि उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में भूस्खलन या सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर गिरने की वजह से यातायात ठप हो जाता है। सड़क बंद होने की स्थिति पर दोनों ओर गाड़ियों की भारी लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से चारधाम यात्रा रूट पर जेसीबी को तैनात किया गया है। इसके अलावा, बीआरओ, पीडब्ल्यूडी, एसडीआरएफ सहित पुलिस



फोर्स भी चौबीसो घंटे अलर्ट मोड पर है।

विदित हो कि 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। राजस्थान, एमपी, यूपी समेत अन्य राज्यों से श्रद्धालु भारी संख्या में दर्शन करने को पहुंच रहे हैं।

चारों धामों में से सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम में भक्तों ने दर्शन किए हैं। चारधाम यात्रा रूट पर तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से जाम भी लग रहा है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस फोर्स को तैनात कर ट्रैफिक को सुचारू किया जा रहा है।

मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार को राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जिलों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं इन जिलों में 40 किमी प्रतिघंटा रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट भी दिया गया है।

अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। अब तापमान बढ़ने की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। इस बीच, मौसम विभाग ने तीन जून को राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों जबकि चार जून से पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है।

## मामूली बात पर बहस, बेटे ने बुजुर्ग पिता को दरांती से काट डाला, दिल्ली पुलिस ने दबोचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को उस शख्स को अपने 85 वर्षीय पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 35 वर्षीय आरोपी का नाम वेद प्रकाश बताया जाता है। पुलिस ने बताया कि सुबह 7:29 बजे जीटीबी अस्पताल से नंद नगरी थाने में एक कॉल आई, जिसके अनुसार मृतक के बड़े बेटे किशन पाल ने अपने पिता ओम प्रकाश को अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मामूली विवाद में धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वारः** मृतक नंदनगरी इलाके में अपने दो बेटों 40 वर्षीय किशनपाल और 35 वर्षीय वेदप्रकाश के साथ रह रहा था। पुलिस ने छानबीन में पाया कि आरोपी वेदप्रकाश ने सोमवार को मामूली विवाद में अपने पिता पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी वेदप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अक्सर अपने पिता से झगड़ा करता था।

**मामूली बात को लेकर दोनों के बीच बहसः** सोमवार को भी किसी मामूली बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई और फिर आरोपी ने वारदात को अंजाम दे डाला। मृतक की पहचान 85 वर्षीय ओमप्रकाश के रूप में हुई है। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि सोमवार को सुबह 07.29 बजे जीटीबी अस्पताल से पुलिस को मामले की पीसीआर कॉल मिली।

**बड़ा बेटा लेकर पहुंचा अस्पतालः** पता चला कि ओमप्रकाश को उनका बड़ा बेटा किशनपाल अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी वेद प्रकाश ने रसोई में सब्जी काटने के लिए रखे दरांती से अपने पिता पर वार किया। बताया जाता है कि आरोपी अविवाहित है और वह और उसके पिता छोटी-छोटी घरेलू समस्याओं को लेकर झगड़ते रहते थे।

## अग्निशमन के लिए एनडीआरएफ की एक समर्पित बटालियन गठित करेगी सरकार - सुक्खू

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में चुनावों के बाद जंगलों में लग रही आग को समय पर नियंत्रित करने को लेकर सरकार ने कवायद शुरू कर दी है। भविष्य में वनों में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करने और इससे होने वाले नुक्सान को कम करने के लिए राज्य सरकार अग्निशमन के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित एनडीआरएफ की एक समर्पित बटालियन गठित की जाएगी। बटालियन गठित करने को लेकर सरकार विचार कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला में वनों को आग से बचाने के उपायों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने वन विभाग को आग की घटनाओं के कारणों की जांच करने और आवश्यक कार्यवाही की सिफारिश करने के लिए सरकारी एजेंसी से अध्ययन करवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**वनों में आग की 1412 घटनाएं दर्ज :** सुक्खू ने कहा कि 374 वन बीट आग लगने की घटनाओं के लिए अत्यधिक संवेदनशील है तथा इन क्षेत्रों में अग्निशमन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अब तक वनों में 1412 आग की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं से 2789 हैक्टेयर हरित क्षेत्र सहित 12718 हैक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है, जिससे 4.61 करोड़ रुपए का प्रारंभिक वित्तीय नुक्सान आंका गया है। उधर सोमवार को शिमला–कालका रेल मार्ग पर सभी ट्रेनों की आवाजाही सामान्य रही। रेलवे ट्रैक के आसपास गत दो दिनों से जंगल की आग के कारण ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो रही थी।

## 48 डिग्री तापमान के बीच काल कोठरी में बिन कूलर के हैं केजरीवाल, आतिशी का आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया है। सीएम केजरीवाल के जेल जाने के बाद अब दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एक और बड़ा आरोप बीजेपी पर लगा दिया है। आतिशी ने दावा किया है कि जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कूलर नहीं दिया गया है। आतिशी ने कहा, बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को एक फर्जी केस में गिरफ्तार किया है। रविवार को अरविंद केजरीवाल ने सरेंडर कर दिया और वो जेल चले गए। लेकिन बीजेपी शासित केंद्र सरकार को फिर भी शांति नहीं मिली। अरविंद केजरीवाल को एक ऐसे सेल में रखा गया है जहां एक कूलर तक नहीं है। इस वक्त जब दिल्ली का तापमान 48 डिग्री और 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है तो तिहाड़ में खतरनाक क्रिमिनलों को भी कूलर दिए जा रहे हैं लेकिन दिल्ली के चर्चित सीएम अरविंद केजरीवाल को इतनी गर्मी में एक कूलर तक नहीं दे रहे हैं। मैं बीजेपी से और दिल्ली के एलजी साहब से यह पूछना चाहती हूं कि वो कितना नीचे गिरेंगे?

आतिशी ने कहा कि उन्हें (अरविंद केजरीवाल) 48 डिग्री तापमान में एक छोटी सी काल कोठरी में रखा गया है जहां कूलर तक नहीं है जो कैदियों को भी उपलब्ध है। मोदी-[illegible] और [illegible] साहब की क्रूरता की कोई सीमा नहीं है। आतिशी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी, अगर आप अरविंद केजरीवाल जी को इतना प्रताड़ित करोगे तो देश और दिल्ली की जनता आपको कभी माफ़ नहीं करेगी।

**तीन बार केजरीवाल का वजन लिया गया - आतिशी:** आतिशी ने कहा कि रविवार को जब अरविंद केजरीवाल जेल गए तब उनका चिकित्सीय परीक्षण किया गया था। जब उन्होंने पहले वेट मशीन से अपना वेट लिया तो उनका वजन 61 किलोग्राम आया। लेकिन प्रशासन इस बात से डर गया कि अगर केजरीवाल के वजन की सच्चाई सामने आ गई तो कोर्ट नाराज हो जाएगा कि केजरीवाल का वजन इतना कम क्यों है? इसके बाद तिहाड़ प्रशासन दूसरी वेट मशीन लेकर आया और इस मशीन से केजरीवाल का वजन 64 किलोग्राम निकला। इसके बाद जेल प्रशासन तीसरी वेट मशीन लेकर आया और इस मशीन ने केजरीवाल का वजन 66.5 किलोग्राम बताया। आतिशी ने आगे कहा, मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि कुछ ही घंटों में बीजेपी और एलजी साहब की तरफ से पूरी दुनिया में यह बात बताई जाएगी कि केजरीवाल का वजन 66.5 किलोग्राम है।

## स्विमिंग पूल में डूबकर बच्ची की मौत, गाजियाबाद जिले की ब्रेव हार्ट सोसाइटी में हादसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद जिले के राजनगर एक्सटेंशन की ब्रेव हार्ट सोसाइटी में सोमवार देर शाम स्विमिंग पूल में डूबकर प्रॉपर्टी डीलर की छह वर्षीय बेटी की मौत हो गई। घटना का पता लगते ही सोसाइटी में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी कैमरे में बच्ची अकेले जाती नजर आ रही है।

**गहरे पानी में जाने के कारण डूबी बच्चीः** पुलिस के मुताबिक ब्रेव हार्ट सोसाइटी में रहने वाले शाबान अली प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनकी छह वर्षीय दो जुड़वा बेटियां हैं। सोमवार शाम करीब सात बजे उनकी एक बेटी खुशबू सोसाइटी के स्विमिंग पूल में नहाने चली गई। गहरे पानी में जाने के कारण उसकी डूबकर मौत हो गई।

**पानी पर तैरती मिली लाशः** कुछ देर बाद शव पानी के ऊपर तैरता देख लोगों को घटना का पता चला, जिसके बाद हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी तो वह आनन-फानन में घटनास्थल पर दौड़ पड़े। बच्ची को स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी लगने पर नंदग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

**सीसीटीवी कैमरे में अकेले जाते दिखी बच्चीः** एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का कहना है कि घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर पता चला कि बच्ची अकेले ही स्विमिंग पूल पर पहुंची थी। वह नहाने के लिए स्विमिंग पूल में उतरी और पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**बिना अभिभावक बच्ची की एंट्री पर सवालिया निशानः** सोसाइटी के नियमों के मुताबिक 10 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए उनके अभिभावकों का साथ होना जरूरी है। एंट्री होने के बाद ही बच्चों को स्विमिंग पूल में जाने की इजाजत दी जाती है, लेकिन सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर पता चला कि छह साल की खुशबू अकेले ही स्विमिंग पूल पर पहुंच गई। उसे किसी ने नहीं रोका और पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई।

**साथ आई थी मां लेकिन चली गईः** दुःखद घटना है, जो नहीं होनी चाहिए थी। स्विमिंग पूल का लाइसेंस है और नोटिस भी लगाया हुआ है कि बच्चों के साथ अभिभावक जरूर आएं। दोनों बच्चियों के साथ मां आई थीं, लेकिन वह चली गई थीं, जिसके बाद हादसा हुआ। सुरक्षा संबंधी जरूरी सभी कदम उठाए जाएंगे।

**- श्रेयस त्यागी, एओए अध्यक्ष, ब्रेव हार्ट्स सोसाइटी**

## जुलाई से सितंबर तक ला- नीना की संभावना, डब्ल्यूएमओ ने कहा- रिकार्ड तोड़ गर्मी के लिए अल नीनो जिम्मेदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिकार्ड तोड़ गर्मी से राहत की उम्मीद है। खराब मौसम के लिए जिम्मेदार अल- नीनो के ला- नीना में बदलने का अनुमान है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार अल- नीनो कमजोर हो रहा है। प्रशांत महासागर के ठंडा होने की घटना को ला-नीना कहते हैं। वहीं अल- नीनो में समुद्र की सतह का तापमान बढ़ जाता है। मजबूत अल- नीनो भारत में कमजोर मानसून की स्थिति दर्शाती है, वहीं ला- नीना से भारत में अच्छी मानसूनी वर्षा होती है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार दुनियाभर में पिछले 11 महीने से रिकार्ड-उच्च तापमान का अनुभव किया गया। पिछले 13 महीने में समुद्र सतह का तापमान रिकार्ड-उच्च स्तर पर रहा है। अल- नीनो से मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर के गर्म होने से खराब मौसम का सामना करना पड़ रहा है। भारत सहित दक्षिण एशिया में लोगों ने अप्रैल और मई में भीषण गर्मी का सामना किया। डब्ल्यूएमओ ने कहा, अल- नीनो का प्रभाव है, लेकिन यह कमजोर हो रहा है। डब्ल्यूएमओ के ग्लोबल प्रोड्यूसिंग सेंटर्स आफ लांग- रेंज फारकास्ट में जून-अगस्त के दौरान अल- नीनो के ला- नीना में बदलने की संभावना 50 प्रतिशत बताई गई है। यह संभावना जुलाई- सितंबर के दौरान 60 प्रतिशत तथा अगस्त- नवंबर के दौरान 70 प्रतिशत तक है। इस दौरान अल- नीनो के फिर विकसित होने की संभावना नगण्य है।

## सोलन के आंजी में गाड़ी से शराब की 26 पेटियां बरामद, शराब तस्करी के बढ़ रहे मामले

**सोलन।** सोलन पुलिस ने शहर से कुछ दूरी पर आंजी से एक गाड़ी से अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। पिछले कुछ समय से अवैध शराब की तस्करी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शराब माफिया की सोलन व कंडाघाट क्षेत्र में गतिविधियां



लगातार बढ़ती जा रही हैं। माफिया इतना बेखौफ हो गया है कि पुलिस कर्मियों पर भी हमला करने से घबरा नहीं रहा है। पिछले दिनों कंडाघाट थाने के तहत ढोल का जुब्बड़ में ऐसा ही मामला सामने आया था जब गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस की टीम पर 6 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अभी फरार है। पुलिस ने आंजी में सोमवार को एक गाड़ी से देसी शराब मार्का संतरा की 26 पेटियां एक गाड़ी से बरामद की हैं। सपरून पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में भारी मात्रा में शराब है और गाड़ी लिंक रोड पर खड़ी है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो गाड़ी के पास न तो कोई चालक था और न ही कोई व्यक्ति मौजूद था। गाड़ी के शीशे से अंदर देखा तो उसमें शराब की पेटियां पाई गई। इस पर आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया। वैन की नियमानुसार तलाशी ली गई तो 26 पेटियां बरामद हुई। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि हिमाचल आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# दिल्ली फिर लू के थपेड़ों से बेहाल, जारी हुआ ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में दो दिन बाद लू की वापसी हो गई है। सोमवार को दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल रहा। दिल्ली के कई मौसम केन्द्रों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही रहेगी। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

**पश्चिमी विक्षोभ से बदलावः** यूं तो दिल्ली के लोग पिछले लगभग पंद्रह दिनों से भीषण गर्मियों का सामना कर रहे हैं। मई महीने के अंतिम छह दिन तो लगातार लू के थपेड़े लोगों को झेलने पड़े। लेकिन, पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुए बदलाव के चलते दिल्ली के अधिकतम तापमान में हल्की नर्मी रही। इस दौरान दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में लू की स्थिति नहीं रही। लेकिन, अब फिर से लू की वापसी वापसी हो गई है।

**गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहालः** दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार की सुबह से ही तेज चमकदार सूरज निकला रहा। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तीखी और तेज हो गई। कड़ी धूप के चलते दिन के दस बजे के बाद से ही लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल लगने लगा। दोपहर के समय गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। शाम के पांच बजे भी हवा में यह गर्मी काफी हद तक बनी रही थी।

**सफदरजंग में 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमानः** दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो कि सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा है। जबकि, न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 55 से 19 फीसदी तक रही।

**लू से एक दिन बाद राहतः** मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। जबकि, शाम या रात के समय धूल भरी आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी भी होने की संभावना है। इसके चलते तापमान में हल्की गिरावट होगी। बुधवार को लोगों को लू की स्थिति से राहत मिल सकती है और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है।

**दिल्ली की हवा साफ-सुथरीः** वहीं, मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली की हवा साफ बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 155 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है।

### इन इलाकों में 46 के पार रहा अधिकतम तापमान

नजफगढ़----46.6---सामान्य से छह डिग्री ज्यादा
नरेला---46.9--सामान्य से सात डिग्री ज्यादा
पीतमपुरा---46.0--सामान्य से छह डिग्री ज्यादा
पूसा---46.0--सामान्य से छह डिग्री ज्यादा

### यहां पर 32 डिग्री के पार न्यूनतम तापमान

पीतमपुरा---32.8 डिग्री सेल्सियस–सामान्य से छह डिग्री ज्यादा
पूसा---32.3 डिग्री सेल्सियस–सामान्य से छह डिग्री ज्यादा

## संक्षिप्त समाचार

## केदार जाधव ने किया संन्यास का ऐलान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2024 चल रहा है। भारतीय टीम अपने पहले मैच का इंतजार कर रही है, जो 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेला जाएगा। इस बीच भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पता चला है कि भारतीय टीम के लिए क्रिकेट खेल चुके और आईपीएल में कई टीमों का हिस्सा रहे केदार जाधव ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है।

### सोशल मीडिया पर किया रिटायरमेंट का ऐलान

भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने तत्काल प्रभाव से खेल के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने आखिरी बार 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में भारतीय टीम के लिए इंटरनेशनल मैच खेला था। इसके बाद से वे टीम के बाहर चल रहे हैं। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड में खेले गए वनडे विश्व कप 2019 में भी हिस्सा लिया था। जाधव ने अपने संन्यास की पुष्टि करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और अपने करियर के दौरान सभी समर्थन और प्यार के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। जाधव ने अपने ट्वीट में लिखा कि मेरे पूरे करियर में आपके प्यार और समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद।

### आईपीएल भी जीत चुके हैं केदार

केदार जाधव भले ही साल 2019 का विश्व कप खेले हों, लेकिन 2023 विश्व कप के लिए वे नजर नहीं आए। जब टी20 इंटरनेशनल मैचों की बात आती है तो उन्होंने केवल नौ मैच खेले और 123.23 की स्ट्राइक-रेट से केवल 122 रन बनाए। दिलचस्प बात यह है कि केदार जाधव ने 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिताबी मुकाबले में अहम भूमिका निभाई थी।

## बजरंग पूनिया को मिली बड़ी राहत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडल विजेता बजरंग पूनिया पर नेशनल एंट्री डोपिंग एजेंसी ने पिछले बड़ा एक्शन लिया था। नेशनल एंट्री डोपिंग एजेंसी ने बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दिया था। पूनिया ने मार्च में सोनीपत में आयोजित नेशनल ट्रायल्स के दौरान डोप सैम्पल नहीं दिया था, जिसके चलते NADA ने ये एक्शन लिया। लेकिन राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था । नाडा ने 23 अप्रैल को पूनिया पर 23 अप्रैल 2025 तक का प्रतिबंध लगा दिया था।

टी-20 वर्ल्डकप: 2024

# फारूकी का पंजा

## अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रनों से रौंदा






**जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2024 का 5वां मैच युगांडा और अफगानिस्तान के बीच खेला गया। अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट के पहले ही मैच में बल्ले और गेंद से दमदार खेल दिखाते हुए युगांडा को बुरी तरह हराया।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी युगांडा ने हर मोर्चे पर निराशाजनक प्रदर्शन किया। वहीं, अफगानिस्तान ने बल्ले और गेंद दोनों से दमदार प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप में जीत के साथ शुरुआत की। अफगानिस्तान ने इब्राहिम जादरान (46 गेंदों पर 70 रन) और रहमानुल्लाह गुरबाज़ (42 गेंदों पर 76 रन) के बीच 154 रनों की शानदार ओपनिंग साझेदारी की बदौलत 183/5 का मजबूत स्कोर बनाया। अफगानिस्तान के 184 रन के जवाब में युगांडा टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई। हालांकि, इससे पहले शुरुआत में संघर्ष कर रहे युगांडा के गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में वापसी की। लेकिन उनके बल्लेबाजों ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए। इस चुनौतीपूर्ण टोटल का बचाव करते हुए अफगानिस्तान के लिए फजल हक फारूकी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से जीत की नींव रखी।

रियाजत अली और रॉबिन्सन ओबुया के अलावा युगांडा का अन्य कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका। युगांडा के लिए रॉबिंसन ने सर्वाधिक 14 रन बनाए। फारुकी के अलावा नवीन उल हक और कप्तान राशिद खान ने दो-दो विकेट झटके।

### फारूकी ने 9 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

तेज तर्रार गेंदबाज फारूकी ने युगांडा टीम के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी और अपने स्पैल में मात्र 9 रन देकर पांच विकेट चटकाए। फारूकी का यह प्रदर्शन टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

साथ ही यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर और विश्व कप में पहला 5 विकेट है। 183 रन के जवाब में युगांडा की पूरी टीम 16 ओवर में 58 रन पर ढेर हो गई।

इंडिया वर्सेस पाक

## लोग शॉपिंग के पैसे नहीं लेते... भारत से मैच से पहले मोहम्मद रिजवान का बड़ा बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व कप के इतिहास में सिर्फ एक बार पाकिस्तान ने भारत को हराया है। चाहे वो 50 ओवर हो या फिर टी20। यह जीत 2021 टी20 वर्ल्ड कप में दुबई में मिली थी, जहां बाबर आजम की टीम ने भारतीय टीम को मात दी थी। टी20 वर्ल्ड कप की बात करें तो भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 बार जीत दर्ज की है और सिर्फ एक बार हारा है। वहीं, 50 ओवर के वर्ल्ड कप में तो भारत अब तक 8 बार पाकिस्तान को हरा चुका है और एक बार भी नहीं हारा है।

रिजवान ने अमेरिका में एक कार्यक्रम में कहा, उससे पहले (वर्ल्ड कप में) हमने कभी भारत को नहीं हराया था। रमीज़ राजा हमसे मिले और बोले, आपको भारत को हराना है। भले ही आप ट्रॉफी जीतते हो या नहीं, बस भारत से मत हारना। वो कहते थे कि दबाव में मत आना, और फिर खुद ही हम पर दबाव डाल देते थे।

### मोहम्मद रिजवान का बड़ा खुलासा

पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने बताया कि कैसे 2021 के वर्ल्ड कप में भारत को हराने के बाद लोगों ने उनका सम्मान किया। रिजवान ने कहा, मेरे लिए तो ये सब पहली बार हो रहा था, चाहे वो वर्ल्ड कप खेलना हो या इतना बड़ा मैच। तो मैं बिल्कुल सामान्य महसूस कर रहा था, मुझे नहीं लगा कि ये किसी और मैच से अलग है। लेकिन जब हम जीत गए, तब जाकर मुझे एहसास हुआ कि हमने क्या हासिल किया है। पाकिस्तान में, कहीं शॉपिंग करने जाता हूं तो लोग पैसे नहीं लेते। फिर तो मैं शॉपिंग के लिए जाना ही छोड़ दिया क्योंकि वो हमसे पैसे ही नहीं ले रहे थे, सब भारत को हराने के लिए हमारी तारीफ कर रहे थे। जिस किसी से भी मिला वो हमारी जीत के लिए सराहना कर रहा था।

फ्रेंच ओपन

## बोपन्ना-एबडेन ने बालाजी-वारेला को सुपर टाइब्रेकर में हराया



### क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**पेरिस, एजेंसी।** इस अनुभवी जोड़ी ने एन श्रीराम बालाजी और एमए रेयेस वारेला मार्तिनेज की जोड़ी को सुपर टाइब्रेकर में हराकर अगले दौर में जगह बनाई। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने तीसरे दौर में 6-7, 6-3, 7-6 से जीत दर्ज की।

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के पुरुष डबल्स वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

इस अनुभवी जोड़ी ने एन श्रीराम बालाजी और एमए रेयेस वारेला मार्तिनेज की जोड़ी को सुपर टाइब्रेकर में हराकर अगले दौर में जगह बनाई। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने तीसरे दौर में 6-7, 6-3, 7-6 से जीत दर्ज की।

### पिछड़ने के बाद की वापसी

पहले सेट में बालाजी और मैक्सिको के रेयेस ने 5-4 की बढ़त बना ली थी। उनके पास सेट जीतने का सुनहरा मौका था जब एबडेन का फोरहैंड पर शॉट बाहर निकल गया, लेकिन बालाजी ने भी यही गलती की। पहले सेट का फैसला टाइब्रेकर पर हुआ जिसमें बालाजी और रेयेस ने बाजी मारी। इसके बाद से हालांकि बोपन्ना और एबडेन ने दूसरे सेट में उन्हें कोई मौका नहीं दिया और मुकाबला तीसरे सेट तक गया। इसमें बोपन्ना और एबडेन का अनुभव काम आया और विनर लगाकर एबडेन ने जीत पर मुहर लगा दी।

### पेरिस ओलंपिक में बालाजी को जोड़ीदार बना सकते हैं बोपन्ना

बोपन्ना ने अभी तक पेरिस ओलंपिक के लिये अपने जोड़ीदार का चयन नहीं किया है। बालाजी ने जरूर उन्हें अपने खेल से प्रभावित किया होगा। शीर्ष-10 में होने के कारण बोपन्ना ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं।




## 15वीं बार चैंपियंस लीग जीतने वाली रियल मैड्रिड में शामिल हुए एम्बाप्पे

**मैड्रिड, एजेंसी।** रियल मैड्रिड ने पिछले हफ्ते ही रिकॉर्ड 15वीं बार यूएफा चैंपियंस लीग का खिताब जीता था। कार्लो एंसेलोटी की रियल मैड्रिड ने प्रतिष्ठित वेम्बले स्टेडियम में यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल में बुंदेसलीगा के दिग्गज बोरुसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराया था।

आखिरकार फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे रियल मैड्रिड की टीम में शामिल हो गए। कई वर्षों से एम्बाप्पे के इस टीम से जुड़ने के कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, अब एम्बाप्पे ने स्पैनिश लीग ला लीगा की दिग्गज टीम के साथ पांच साल की डील साइन कर ली है। सोमवार को रियल मैड्रिड ने इसकी पुष्टि की। रियल मैड्रिड ने पिछले हफ्ते ही रिकॉर्ड 15वीं बार यूएफा चैंपियंस लीग का खिताब जीता था।

टी20 विश्व कप

## श्रीलंका के क्रिकेटरों ने अपने शेड्यूल की आलोचना की

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और स्पिनर महीष तीक्षणा ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम के मैचों के शेड्यूल को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह काफी अनुचित है और लंबी यात्राओं के कारण उन्हें एक अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा है। श्रीलंका को ग्रुप डी के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने हराया। तीक्षणा ने अपनी टीम के मैचों के कार्यक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इसका टीम पर नकारात्मक असर पड़ा है।



उन्होंने कहा, 'यह गलत है। हमें हर मैच के बाद यात्रा करनी पड़ रही है क्योंकि हम चार अलग-अलग मैदानों पर खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमने फ्लोरिडा से, मियामी से उड़ान ली और आठ घंटे हवाई अड्डे पर इंतजार करना पड़ा। हमें रात आठ बजे निकलना था लेकिन सुबह पांच बजे उड़ान ली। यह अनुचित है लेकिन खेलते समय यह मायने नहीं रखता।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को दो और मैच यहां खेलना है जबकि भारतीय टीम तीन मैच यहां खेलेगी। तीक्षणा ने कहा, 'होटल से अभ्यास स्थल भी एक घंटे 40 मिनट का रास्ता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले भी हमें सुबह पांच बजे उठना पड़ा। तीक्षणा ने नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि कुछ टीमों को एक ही स्थान पर खेलना है और उनका होटल मैदान से 14 मिनट का ही रास्ता है। उन्होंने कहा, 'मैं नाम नहीं लूंगा लेकिन कुछ टीमें एक ही जगह पर खेल रही है और उन्हें हालात की जानकारी है। वे अभ्यास मैच भी यहीं खेल रहे हैं।

## अब तक आयरलैंड इंडिया से नहीं जीत पाई एक भी मुकाबला




## आयरलैंड की हवा खराब कर देगी टीम इंडिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और आयरलैंड के बीच टी20 विश्व कप 2024 का आठवां मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा. टीम इंडिया का इस बार यह पहला मैच होगा.

भारतीय टीम इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है. उसने वॉर्म-अप मुकाबले में भी शानदार प्रदर्शन किया था. अगर अब तक के टी20 मैचों के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो आयरलैंड की टीम भारत के खिलाफ एक भी मैच नहीं जीत पाई है. उसके लिए इस बार भी रास्ता काफी मुश्किल होने वाला है. भारत और आयरलैंड के बीच अभी तक 7 टी20 मैच खेले गए हैं. इस दौरान सभी मुकाबले टीम इंडिया ने जीते हैं. इन दोनों टीमों के बीच पिछला मैच अगस्त 2023 में खेला जाना था. लेकिन यह बारिश की वजह से नहीं खेला जा सका. वहीं इससे पहले भारत ने आयरलैंड को 33 रनों से हराया था. इन दोनों टीमों के बीच पहला टी20 मैच जून 2009 में खेला गया था. यह मुकाबला भारत ने 8 विकेट से जीता था.

टीम इंडिया के लिए आयरलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टी20 रन दीपक हुड्डा ने बनाए हैं. उन्होंने 2 मैचों में 151 रन बनाए हैं. लेकिन वे टी20 वर्ल्ड कप की टीम का हिस्सा नहीं है. इस लिस्ट में दूसरा नाम कप्तान रोहित शर्मा का है. रोहित ने 3 मैचों में 149 रन बनाए हैं. संजू सैमसन तीसरे नंबर पर हैं. सैमसन ने 3 मैचों में 118 रन बनाए हैं.

बता दें कि टीम इंडिया आयरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जयसवाल को ओपनिंग का मौका दे सकती है. विराट कोहली नंबर 3 पर बैटिंग कर सकते हैं. सूर्यकुमार यादव नंबर 4 पर बैटिंग के लिए आ सकते हैं. ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा को भी प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सकती है.

# टी-20 वर्ल्ड कप राहुल द्रविड़ का बतौर कोच आखिरी टूर्नामेंट



### बोले- बतौर कोच मेरे लिए भारत का हर मैच महत्वपूर्ण, 2021 में संभाला था पद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को कंफर्म कर दिया कि टी-20 वर्ल्ड कप उनका हेड कोच के तौर पर यह आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने इस पद के लिए फिर से आवेदन नहीं किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पिछले माह इसके लिए आवेदन मंगाए थे। द्रविड़ ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मैंने हेड कोच के अपने कार्यकाल में हर क्षण का लुत्फ लिया है। कोच के तौर पर मेरे लिए भारत का हर मैच महत्वपूर्ण रहा। वर्ल्ड कप भी अलग नहीं है। यह हेड कोच के रूप में मेरा अंतिम टूर्नामेंट है। 27 मई को कोच पद के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। 2021 में हेड कोच बने थे द्रविड़

राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारत का हेड कोच बनाया गया। तब टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था, लेकिन टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने के कारण उनका कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया गया। द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया की एकमात्र कामयाबी 2023 में एशिया कप के रूप में आई। भारत ने मेजबान श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था। उनका कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।

### गंभीर का टीम इंडिया का हेड कोच बनना लगभग तय

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर गौतम गंभीर का भारतीय टीम का हेड कोच बनना लगभग तय हो गया है। एक फ्रेंचाइजी के मालिक ने क्रिकबज से बातचीत करते हुए बताया था कि गंभीर का कोच बनना लगभग तय है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी।

### द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया एशिया कप 2023 की चैंपिंयन बनी।

### 2027 तक रहेगा नए कोच का कार्यकाल

टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान नए हेड कोच का सिलेक्शन हो जाएगा। उनका कार्यकाल 1 जुलाई 2024 से शुरू होकर 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा। इस दौरान टीम इंडिया को ढूष्ट के 5 टूर्नामेंट खेलने हैं। इनमें चैंपियंस ट्रॉफी, टी-20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 साइकिल शामिल हैं।

# अपराधियों ने ईंट भट्ठा पर जेसीबी मशीन को किया आग के हवाले

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पोगर गांव स्थित उषा ईट उद्योग पर खड़े जेसीबी मशीन को सोमवार की रात अज्ञात अपराधियों ने जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया। रात्रि के लगभग एक बजे सात से आठ की संख्या में हथियार से लैस अपराधी ईट भट्ठा पर आए एवं मौजूद भट्टे पर मुंशी एवं मजदूरों का मोबाइल जब्त किया एवं मुंशी रौशन कुमार की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद जेसीबी मशीन में आग लगा दिया और आग लगाकर जाते समय सभी का मोबाइल वापस कर दिया। इसके बाद मुंशी ने ईट भट्ठा के मालिक को खबर किया। घटनास्थल पर मालिक ने आकर रफीगंज प्रशासन को सूचना दिया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर रात्रि में ही प्रशासन पहुंची। सुबह में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार एवं एसपी अभियान दिवेश घटनास्थल में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि ईट भट्ठा मालिक सत्येंद्र यादव से पूर्व में अपराधियों ने लेवी की मांग की थी। नहीं देने के कारण अज्ञात हथियारबंद दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि शीघ्र ही मामले का उद्बेदन कर इसमे संलिप्त पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना को नक्सलियों द्वारा अंजाम दिए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अखिलेश कुमार
कनीय अभियंता (मनरेगा)
प्रखंड - आमस, गया

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवनंदन कुमार
कनीय अभियंता (मनरेगा)
प्रखंड- कोच (गया)

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द कुमार सिंह
सरपंच
ग्राम पंचायत - पहलेजा, प्रखंड -डिहरी, जिला - रोहतास

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार सिन्हा
कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रखंड - आमस, गया

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र पाल
पंचायत रोजगार सेवक
ग्राम पंचायत -पहलेजा, प्रखंड -डिहरी, जि. रोहतास

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अश्वनी कुमार सिंह
पैक्स अध्यक्ष
पैक्स - पहलेजा, प्रखंड -डिहरी, जिला - रोहतास







